




खबरें जो सोच बदल दे

# शुभ लाभ

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र








Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 । रविवार, 15 फरवरी, 2026 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । website : https://www.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 14 । मूल्य-8 रु.। वर्ष-8 । अंक-45


# मोदी अवतरण



*प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी असम में ब्रह्मपुत्र नदी पर बने कुमार भास्कर वर्मा सेतु के उद्घाटन के बाद निरीक्षण करते हुए ।*

## राजमार्ग-सह-रनवे पर की ऐतिहासिक लैंडिंग

**गुवाहाटी, 14 फरवरी (एजेंसियां)।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को असम के उत्तरी मोरान में सी-130जे विमान से पूर्वोत्तर की पहली आपातकालीन लैंडिंग सुविधा (ईएलएफ) पर ऐतिहासिक लैंडिंग की। यह उनके एक दिवसीय असम दौरे की शुरुआत थी, जहां चुनाव होने वाले हैं।

प्रधानमंत्री, जो अपने आगमन के बाद चाबुआ हवाई क्षेत्र से उड़ान भरकर राष्ट्रीय राजमार्ग-37 के एक हिस्से पर मोरान स्थित ईएलएफ पर उतरे, ने भारतीय वायु सेना की प्रदर्शनी भी देखी। इसमें सुखोई सु-30एमकेआई और राफेल सहित लड़ाकू विमानों की टचडाउन और लैंडिंग प्रदर्शित की गई।

**40 टन तक के लड़ाकू विमान उतर सकेंगे**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शनिवार को उद्घाटित राष्ट्रीय राजमार्ग-37 के डिब्रूगढ़-मोरान खंड पर नवनिर्मित आपातकालीन लैंडिंग सुविधा (ईएलएफ) इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि यह चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा से 300 किलोमीटर से कम की दूरी पर स्थित है। भारत ने असम में राजमार्ग के एक हिस्से को लड़ाकू विमानों के लिए संभावित रनवे में तब्दील कर दिया है, जिससे संवेदनशील सीमा पर इसकी परिचालन स्थिति मजबूत हुई है।

मोरान बाईपास पर ईएलएफ पूर्वोत्तर भारत में पहली ऐसी सुविधा है और इसे भारतीय वायु सेना के समन्वय से विकसित किया गया है ताकि आपात स्थितियों में सैन्य और नागरिक विमान उतर और उड़ान भर सकें।

दोहरे उपयोग के बुनियादी ढांचे के रूप में डिजाइन की गई यह ईएलएफ 40 टन तक के लड़ाकू विमान और अधिकतम टेक-ऑफ वजन 74 टन के परिवहन विमानों को संभाल सकती है। अधिकारियों ने कहा कि यह सुविधा आपातकालीन प्रतिक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी, प्राकृतिक आपदाओं के दौरान बचाव और राहत अभियानों की त्वरित तैनाती और क्षेत्र की रणनीतिक आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम बनेगी।

श्री मोदी का पहले डिब्रूगढ़ में असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा और केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने उनके एक दिवसीय दौरे के आगमन पर स्वागत किया।

# भाजपा की राह

## कांग्रेस-एमआईएम काँटे

### निजामाबाद-करीमनगर नहीं आसान



**हैदराबाद, 14 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

तेलंगाना की सत्ता में वापसी के दो साल बाद, कांग्रेस ने शुक्रवार को राज्य के शहरी परिदृश्य पर अपनी पकड़ और मजबूत कर ली है। वहीं भारतीय जनता पार्टी ने करीमनगर और निजामाबाद नगर निगमों में सबसे बड़ी पार्टी बनकर सभी को चौंका दिया है, जिससे बीआरएस के हाथ खाली रह गए। हालांकि भाजपा के लिए दोनों जगहों पर अपना मेयर बनाना आसान नहीं होगा। क्योंकि कांग्रेस और मजलिस अन्यों के साथ मिलकर रोडा अटका रहे हैं।

123 शहरी स्थानीय निकायों के कुल 2,996 वार्डों में से कांग्रेस ने 1,537 पर कब्जा जमाया है, जो 2020 के चुनावों (569 सीटें) के मुकाबले एक बड़ी छलांग है। इससे पहले पार्टी ने दिसंबर 2025 के ग्रामीण चुनावों में भी अधिकांश पंचायतों को जीतकर शानदार प्रदर्शन किया था।

मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने इस परिणाम को पिछले दो वर्षों के दौरान कांग्रेस सरकार के कल्याणकारी और विकास एजेंडे पर जनता की मुहर बताया है। सोशल मीडिया पर उन्होंने लिखा, इस शानदार जीत के साथ, हम राज्य के विकास और पारदर्शी शासन के लिए खुद को समर्पित करते हैं। हम हर नगर पालिका का विकास करेंगे।

**त्रिशंकु नतीजों के बीच जोड़-तोड़ शुरू**

विपक्षी दलों की बात करें तो बीआरएस ने 781 वार्ड जीते हैं, जो 2020 की 1,686 सीटों के मुकाबले भारी गिरावट है। भाजपा ने अपनी संख्या 293 से बढ़ाकर 336 कर ली है, जबकि एआईएमआईएम को 70 सीटें मिली हैं। करीमनगर और निजामाबाद में अब 16 फरवरी का दिन महत्वपूर्ण होगा, जहाँ पदेन सदस्य और 181 निर्दलीय उम्मीदवार मेयर पद का फैसला करने में अहम भूमिका निभाएंगे। ▶10 पर

# नुमाइश का आज आखिरी दिन

**हैदराबाद, 14 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)**



हैदराबाद की शान और देश भर में प्रसिद्ध ऑल इंडिया इंडस्ट्रियल एग्जीबिशन, जिसे आम तौर पर नुमाइश के नाम से जाना जाता है, इस रविवार को नामपल्ली प्रदर्शनी मैदान में संपन्न हो जाएगी। आयोजकों ने स्पष्ट किया है कि इस वर्ष प्रदर्शनी की अवधि में कोई विस्तार नहीं किया जाएगा। 01 जनवरी से शुरू हुआ यह वार्षिक आयोजन अपने 46वें दिन यानी 15 फरवरी को अंतिम विदाई लेगा। ऑल इंडिया इंडस्ट्रियल एग्जीबिशन सोसाइटी के एक पदाधिकारी ने पुष्टि करते हुए कहा, नुमाइश की अवधि नहीं बढ़ाई जाएगी। रविवार ही इसका आखिरी दिन है। इस साल उद्घाटन के बाद से अब तक लाखों लोगों ने इस वार्षिक मेले का आनंद लिया है। शहर और आसपास के जिलों से आने वाले परिवारों के लिए नुमाइश साल का एक अनिवार्य हिस्सा बन चुका है। विशेष रूप से शनिवार और रविवार जैसे सप्ताहांतों में यहाँ पैर रखने तक की जगह नहीं रही, जहाँ परिवारों ने जमकर खरीदारी और मनोरंजन का लुत्फ उठाया। सोसाइटी के अनुसार, इस बार भीड़ का प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था पिछली बार से भी बेहतर रही, जिससे आगंतुकों को एक सुखद अनुभव मिला। ▶10 पर






## कार्टून कॉर्नर




## मौसम हैदराबाद

अधिकतम : $21^0$
न्यूनतम : $18^0$






# ना जिहाद की राजनीति होगी, ना मजहबी कट्टरता, ना ही अल्पसंख्यकों पर अत्याचार

**बलूच राष्ट्रवादियों के आजाद बलूचिस्तान के अंतरिम संविधान से बौखलाया पाकिस्तान**

**लाहौर, 14 फरवरी (एजेंसियां)।**

पाकिस्तान पर बलूच राष्ट्रवादियों ने अपना बलूचिस्तान लिबरेशन चार्टर जारी कर दिया यानी आजाद बलूचिस्तान का एक अंतरिम संविधान और इस संविधान में जो लिखा है उसने इस्लामाबाद से लेकर रावलपिंडी तक हलचल मचा दी है। सबसे ज्यादा चुभने वाली बात यह है कि इसमें धार्मिक स्वतंत्रता को लेकर स्पष्ट प्रावधान है। अब बलोच नेताओं ने इस दस्तावेज को दुनिया के सामने पेश किया है। मरियार बलोच ने इसे सार्वजनिक किया। यह सिर्फ एक राजनीतिक बयान नहीं है। यह एक वैचारिक घोषणा है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस चार्टर की प्रस्तावना में साफ कहा कि बलूचिस्तान पाकिस्तान का हिस्सा नहीं है। यह एक स्वतंत्र धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य होगा। धर्म और राजनीति अलग होंगे। अब सोचिए जिस पाकिस्तान की नीव दो राष्ट्र सिद्धांत पर रखी गई थी यानी मुस्लिम पहचान के नाम पर देश बना उसी पाकिस्तान के भीतर एक आंदोलन उठा जो कह रहा है कि धर्म और राज्य अलग होंगे। यह पाकिस्तान की वैचारिक नींव पर सीधा प्रहार है। पाकिस्तान ने दशकों तक बलूचिस्तान को इस्लाम के नाम पर नियंत्रित करने की कोशिश की। कट्टरपंथ को बढ़ावा दिया। विद्रोह को देशद्रोह बताया।

रिपोर्ट के मुताबिक हजारों बलोच कार्यकर्ताओं के गायब होने के आरोप लगाए गए, लेकिन अब जो संविधान सामने आया है बलोचों की तरफ से वो पहली ही पंक्ति में धर्म और राजनीति को अलग कर देता है यानी ना जिहाद की राजनीति होगी, ना मजहबी कट्टरता, ना अल्पसंख्यकों पर अत्याचार। यह माडल सीधे-सीधे पाकिस्तान के सिस्टम को चुनौती देगा। सबसे ज्यादा चर्चा जिस बात की हो रही है वह है इस संविधान में हिंदू, सिख और ईसाई समुदाय को पूर्ण सुरक्षा और समान अधिकार देने का वादा। जहां पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों पर हमले, धर्मपरिवर्तन और भेदभाव की खबरें आती हैं। वहीं बलूचिस्तान का प्रस्तावित संविधान कहता है कि सभी धर्मों को समान दर्जा मिलेगा। नागरिक अधिकारों में कोई भेदभाव नहीं होगा। और यही बात पाकिस्तान को सबसे ज्यादा चुभ रही है। बलूचिस्तान लिबरेशन चार्टर को 11 प्रमुख भाषाओं में अनुवाद किया है। इसमें शामिल है हिंदी, मराठी, गुजराती, पंजाबी यह सिर्फ भाषाई अनुवाद नहीं है। यह एक रणनीतिक संदेश है। बलूच नेतृत्व दुनिया को बताना चाहता है कि वह अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ संवाद के लिए तैयार है और भारत की जनता तक भी अपना संदेश पहुंचाना चाहता है। कई रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया है कि भारतीय समर्थकों ने अनुवाद करने में मदद की है। यह पाकिस्तान के लिए कूटनीतिक झटका है। इस दस्तावज को तैयार करने का श्रेय बलूच राष्ट्रवादी नेता हिरबयार को जाता है।

## न्यूज ब्रीफ

### उत्तरी चागोस समुद्री क्षेत्र को लेकर मालदीव और मारीशस के बीच बढ़ा विवाद



**मालदीव।** मालदीव और मारीशस के बीच चागोस द्वीपसमूह से जुड़े समुद्री क्षेत्र को लेकर एक नया और गंभीर विवाद सामने आ गया है। मालदीव के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि उसने उत्तरी चागोस समुद्री क्षेत्र पर नियंत्रण स्थापित किया है, जबकि अंतर्राष्ट्रीय न्यायिक संस्थानों ने इस क्षेत्र को मारीशस का हिस्सा माना है। यह कदम सीधे तौर पर इंटरनेशनल ट्रिब्यूनल फार द ला आफ द सी (आईटीएलओएस) के फैसले को चुनौती देता है। मालदीव रक्षा मंत्रालय ने बताया कि मालदीव नेशनल डिफेंस फोर्स (एमएनडीएफ) ने एक विशेष निगरानी अभियान शुरू किया है। इस आपरेशन में कोस्ट गार्ड जहाज धरमवंथा और एयर कार्प्स के ड्रोन तैनात किए गए हैं। यह अभियान 4 फरवरी से शुरू हुआ और दक्षिणी बेसलाइन से 200 नाटिकल मील तक फैले समुद्री क्षेत्र में संचालित किया जा रहा है। मंत्रालय के अनुसार, यह निगरानी अभियान देश के विशेष आर्थिक क्षेत्र की सुरक्षा के लिए है। रक्षा मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि मालदीव अपने संविधान और राष्ट्रीय कानूनों के तहत परिभाषित क्षेत्रीय सीमाओं में किसी भी बदलाव को मान्यता नहीं देता। राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के संसद में 2026 के लिए दिए गए संबोधन के बाद इस कार्रवाई की घोषणा की गई। मंत्रालय ने संविधान के अनुच्छेद 115(डी) का हवाला देकर कहा कि राष्ट्रपति देश की स्वतंत्रता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए जिम्मेदार हैं। इसके अलावा, अनुच्छेद 243, सशस्त्र बल अधिनियम और मालदीव समुद्री क्षेत्र अधिनियम का उल्लेख करते हुए कहा गया कि ये कानून विशेष आर्थिक क्षेत्र सहित समुद्री क्षेत्रों की निरंतर सैन्य निगरानी के लिए कानूनी आधार प्रदान करते हैं।

### दक्षिणी गोलार्ध के कई देशों के जंगल में लगी भीषण आग, तापमान 50 डिग्री पर पहुंचा



**ब्यूनस आयर्स।** दक्षिणी गोलार्ध के कई देशों में रिकार्ड तोड़ गर्मी और भयानक जंगल की आग लगी है। अर्जेंटीना, चिली, आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका में तापमान आसमान छू रहा है। आग ने बड़े इलाकों को अपनी चपेट में ले लिया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इंसानों की वजह से हुए क्लाइमेट चेंज प्राकृतिक उतार-चढ़ाव को पूरी तरह दबा रहा है। आगे और भी खतरनाक गर्मी पड़ सकती है। मौसम बदल रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आस्ट्रेलिया में जनवरी-फरवरी में एक विशाल हीट डोम ने पूरे देश को घेर लिया है। कई जगहों पर तापमान 50 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया है। यह अब तक की सबसे गर्म जनवरी में से एक थी। अर्जेंटीना के पैटागोनिया क्षेत्र में दूरदराज के जंगलों में आग लगी, जिसमें लास एलेर्सेस नेशनल पार्क भी चपेटे में आ गया है। यहां 3000 साल पुराने पेड़ हैं। चिली के तटीय इलाकों में आग से 21 लोगों की मौत हो गई है। दक्षिण अफ्रीका में कई सालों में सबसे भयानक जंगल की आग लगी है। सूखा और गर्मी ने स्थिति को और भयावह बना दिया है। ला नीना के बावजूद इतनी गर्मी क्यों रिपोर्ट के मुताबिक प्रशांत महासागर में ठंडे पानी की वजह से दुनिया अभी कमजोर ला नीना के प्रभाव में है, जो सामान्यतः ठंडक लाती है। ला नीना दिसंबर 2024 में शुरू हुई थी। फिर भी रिकार्ड गर्मी पड़ रही है। जलवायु वैज्ञानिक कहते हैं कि इंसानों द्वारा पैदा किए गए जलवायु परिवर्तन प्राकृतिक बदलावों को पूरी तरह दबा रहा है। अगर 2026 में न्यूट्रल स्थिति या अल नीनो आया तो और ज्यादा खतरनाक गर्मी पड़ेगी। अल नीनो वैश्विक तापमान को और बढ़ाता है।

### पाकिस्तान ने नई हाइपरसोनिक एंटी-शिप मिसाइल स्मैश का अनावरण किया

**रियाद।** पाकिस्तान ने शुक्रवार को सऊदी अरब के रियाद में आयोजित विश्व रक्षा प्रदर्शनी 2026 में अपनी नई



हाइपरसोनिक एंटी-शिप मिसाइल, जिसका नाम स्मैश है, का अनावरण दुनिया के सामने किया। ग्लोबल इंडस्ट्रियल एंड डिफेंस साल्यूशंस (जीआईडीएस) द्वारा प्रदर्शित इस मिसाइल को दोहरी भूमिका वाली हाइपरसोनिक हथियार के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, जो समुद्री और जमीनी दोनों तरह के हमले करने में सक्षम है। स्मैश, पाकिस्तान की पी-282 श्रेणी की एक जहाज से दागी जाने वाली एंटी-शिप बैलिस्टिक मिसाइल (एएसबीएम) है, जिसकी मारक क्षमता करीब 350 किलोमीटर है। इस मिसाइल की मारक क्षमता 290 किलोमीटर है। यह अर्ध-बैलिस्टिक प्रक्षेप पथ का अनुसरण करती है और उड़ान के दौरान पैंतरेबाजी करते हुए लगभग ऊर्ध्वाधर कोण पर हमला करती है।

# गहराया युद्ध का संकट, राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान में सत्ता परिवर्तन को बताया एकमात्र विकल्प

**वाशिंगटन, 14 फरवरी (एजेंसियां)।**

अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बड़ा बयान देकर अंतरराष्ट्रीय राजनीति में हलचल मचा दी है। नार्थ कैरोलाइना के फोर्ट ब्रैग में अमेरिकी सैनिकों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने स्पष्ट रूप से कहा कि ईरान की वर्तमान स्थिति को देखते हुए वहां सत्ता परिवर्तन ही सबसे प्रभावी और अच्छा कदम साबित होगा। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिकी रक्षा विभाग तेहरान के विरुद्ध विभिन्न सैन्य विकल्पों और रणनीतियों पर गंभीरता से मंथन कर रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान के वर्तमान शासन पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि पिछले 47 वर्षों से वहां का नेतृत्व केवल खोखली बातें कर रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस्लामी धार्मिक शासन को हटाना एक सकारात्मक विचार होगा और अब ऐसा प्रतीत होता है कि शासन में बदलाव ही क्षेत्र की समस्याओं का अंतिम समाधान है। राष्ट्रपति के इस रुख से यह संकेत मिल रहे हैं कि अमेरिका अब कूटनीतिक वार्ताओं के बजाय कठोर कार्रवाई की दिशा में बढ़ सकता है। सैन्य मोर्चे पर अमेरिका ने अपनी घेराबंदी और मजबूत कर दी है। व्हाइट हाउस ने पुष्टि की है कि मध्य पूर्व (मिडिल ईस्ट) में दबाव बढ़ाने के लिए एक दूसरा विमानवाहक पोत समूह तैनात किया जा रहा है। इसके तहत दुनिया का सबसे विशाल और आधुनिक युद्धपोत, यूएसएस जेराल्ड आर. फोर्ड, कैरिबियाई सागर से रवाना होकर मध्य पूर्व के लिए कूच कर चुका है। वहां पहुँचकर यह पोत पहले से मौजूद अमेरिकी सैन्य संसाधनों और युद्धपोतों के साथ जुड़ जाएगा। विशेष बात यह है कि कुछ समय पहले ही ट्रंप ने ईरान के साथ नए दौर की बातचीत की संभावना जताई थी, लेकिन वे प्रयास विफल रहे। इसी बीच ईरान के एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने ओमान और कतर की यात्रा कर अमेरिकी मध्यस्थों के जरिए संदेशों का आदान-प्रदान भी किया था, परंतु धरातल पर तनाव कम होता नहीं दिख रहा। क्षेत्रीय समीकरणों की बात करें तो खाड़ी देशों ने इस बढ़ते तनाव पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। पड़ोसी देशों का मानना है कि ईरान पर किसी भी प्रत्यक्ष सैन्य हमले से पूरा मध्य पूर्व एक भीषण क्षेत्रीय युद्ध की आग में झुलस सकता है।



## एपस्टीन फाइल्स ने खोल दी अमेरिका के न्याय और मूल्यों की पोल, लोगों का उठा भरोसा

**वाशिंगटन।** एपस्टीन फाइल्स से हो रहे खुलासों ने अमेरिका जो खुद को मानवाधिकार रक्षक कहता है उसकी धज्जियां उड़ रही हैं। एक ग्लोबल सर्वे ने अमेरिका के न्याय और मूल्यों की पोल खोलकर रख दी है। सर्वे में शामिल 92फीसदी लोगों ने साफ कहा है कि एपस्टीन कांड ने अमेरिकी राजनीतिक व्यवस्था की पोल खोल दी है। यह मामला सिर्फ एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि अमेरिका के अमीर और ताकतवर लोगों के पापों का पुलिंदा है। दुनिया अब मान रही है कि वहां का कानून सिर्फ एक दिखावा है, जो रईसों की कठपुतली है। अमेरिकी इंसाफ के नाटक से अब दुनिया भर के लोगों का भरोसा उठ गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सर्वे के नतीजे अमेरिका को चिढ़ा रहे हैं। 85.1फीसदी लोगों को फाइलों की सच्चाई जानकर गहरा धक्का लगा है। यह मामला अमेरिकी एलीट क्लास के दशकों पुराने काले कारनामों का सबूत है। 97.1फीसदी लोगों ने माना कि यह कांड मानवीय अंतरात्मा का अपमान है और अमीरों के नैतिक पतन की पराकाष्ठा है। सबसे शर्मनाक बात यह है कि इस कांड में शामिल अमीर और बड़े नामों की आज तक कोई जांच नहीं हुई। 95.6फीसदी उत्तरदाताओं का कहना है कि अमेरिकी कोर्ट शक्तिशाली लोगों के लिए अलग और आम जनता के लिए अलग कानून चलाते हैं। सर्वे में बताया गया है कि कैसे सच को दबाया जा रहा है। एपस्टीन से जुड़े दस्तावेज सालों तक कोर्ट में सील बंद पड़े रहे। जब इन्हें जारी किया गया, तो आधे से भी कम फाइलें बाहर आईं। उनमें भी अहम जानकारियों और रसूखदारों के नामों पर काली स्याही लगा दी गई। 93.9फीसदी लोग मानते हैं कि यह चयनात्मक पारदर्शिता सिर्फ एक धोखा है। अमेरिकी न्याय प्रणाली अब विशेषाधिकार प्राप्त वर्ग का सुरक्षा कवच बन चुकी है। 89.8फीसदी लोगों ने कहा कि इस मामले ने अमेरिकी कानून की साख को मिट्टी में मिला दिया है। यह पूरा मामला पैसे और पावर के बीच की शिकारी दोस्ती को उजागर करता है। पैसा सत्ता को खरीदता है और सत्ता अपराधियों को बचाती है। इस गंदे खेल में सबसे बड़ी बलि गरीब नाबालिग लड़कियों की दी गई।

# अमेरिका में भारतीय छात्र साकेत श्रीनिवासैया लापता: पुलिस और दूतावास ने तेज की तलाश

**सैन फ्रांसिस्को, 14 फरवरी (एजेंसियां)।**



**अमेरिका में भारतीय छात्रों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर चिंताजनक खबर सामने आई है। कैलिफोर्निया स्थित बर्कले विश्वविद्यालय में पोस्ट ग्रेजुएशन की पढ़ाई कर रहे 22 वर्षीय भारतीय मूल के छात्र साकेत श्रीनिवासैया 9 फरवरी 2026 से लापता हैं। स्थानीय पुलिस और प्रशासन ने साकेत की तलाश के लिए आम जनता से मदद की अपील की है। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब पिछले कुछ समय से अमेरिका में भारतीय छात्रों से जुड़ी अप्रिय घटनाओं के मामलों में बढ़ोतरी देखी गई है।**

मूल रूप से कर्नाटक के रहने वाले साकेत श्रीनिवासैया को आखिरी बार सोमवार, 9 फरवरी को बर्कले पहाड़ियों में स्थित अंजा झील के पास देखा गया था। तब से उनका कोई सुराग नहीं मिला है। साकेत के अचानक गायब होने से उनके दोस्तों और परिवार में हड़कंप मच गया है। स्थानीय पुलिस बल बर्कले हिल्स और उसके आसपास के जंगली इलाकों में सघन तलाशी अभियान चला रहा है। सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने इस मामले पर गहरी चिंता व्यक्त की है। दूतावास के अधिकारियों ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) के माध्यम से जानकारी दी कि वे साकेत के परिवार के निरंतर संपर्क में हैं। दूतावास ने स्पष्ट किया है कि छात्र का पता लगाने के लिए स्थानीय पुलिस और संबंधित अमेरिकी अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित किया जा रहा है और खोजबीन में हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। साकेत के रूममेट बनेत सिंह ने उन्हें खोजने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया है। बनेत ने लिंक्डइन पर एक भावुक पोस्ट साझा करते हुए लिखा, मेरा रूममेट साकेत श्रीनिवासैया 9 फरवरी से लापता है। उन्हें आखिरी बार अंजा झील के पास देखा गया था। यह हमारे लिए बेहद कठिन समय है। यदि किसी ने भी उन्हें इस इलाके में देखा हो या उनके बारे में कोई छोटी सी भी जानकारी हो, तो कृपया तुरंत सूचित करें। हम पुलिस के साथ मिलकर उन्हें ढूंढने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। फिलहाल पुलिस सभी संभावित पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। बर्कले विश्वविद्यालय प्रशासन ने भी साकेत की सुरक्षित वापसी के लिए सहयोग का आश्वासन दिया है।

## दुनिया का सबसे गर्म साल साबित हो सकता हैं 2027



**वाशिंगटन।** दुनिया को अगले साल तेज गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। इसका कारण प्रशांत महासागर में अल नीनो का बनना होगा। मौसम विज्ञान के जानकारों का कहना है कि प्रशांत महासागर में अल नीनो का बनना 2027 में ग्लोबल तापमान को रिकार्ड ऊंचाई पर पहुंचा सकता है। ऐसा होने पर साल 2027 पिछले तीन वर्षों के मुकाबले कहीं ज्यादा गर्म रह सकता है। यह इसलिए चिंताजनक है क्योंकि बीते तीन वर्ष पहले ही सबसे गर्म साल रिकार्ड किए गए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, मौसम एजेंसियों और मौसम वैज्ञानिकों ने इस साल के आखिर में प्रशांत महासागर में अल नीनो बनने की संभावना जाहिर की है। यह घटना 2027 में ग्लोबल तापमान को अब तक के सबसे ऊंचे रिकार्ड स्तर पर पहुंचा देगी। पूरी दुनिया में इसका सीधा असर देखने को मिलेगा। मौसम जानकारों ने बताया है कि अभी पक्के तौर पर कुछ कहना जल्दबाजी होगा। फिलहाल कोई दावा नहीं किया जा सकता लेकिन प्रशांत महासागर में समुद्र की सतह के तापमान के फैलाव में इसतरह के संकेत मिले हैं, जो बताते हैं कि 2026 में अल नीनो बन सकता है। अमेरिकी सरकार के नेशनल ओशनिक एंड एटमास्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन और आस्ट्रेलिया के ब्यूरो आफ मेटियोरोलाजी ने कहा है कि क्लाइमेट माडल अल नीनो का अनुमान लगा रहे हैं।

# चीन की बढ़ती नौसैनिक और ड्रोन क्षमता को लेजर से खत्म करेगा अमेरिका

**हाइपरसोनिक हथियारों के साथ जहाजों पर लगाएगा हाईपावर लेजर सिस्टम**

**वाशिंगटन, 14 फरवरी (एजेंसियां)।**

अमेरिकी नौसेना प्रमुख एडमिरल डैरिल काडले के बयान से पता चलता है कि वाशिंगटन अब चीन की बढ़ती नौसैनिक और ड्रोन-आधारित युद्ध क्षमता को लेजर हथियारों से कुचलने की रणनीति बना रहा है। काडले का संदेश दो टूक है अब प्रयोगों का दौर खत्म और चीन के ए2/एडी नेटवर्क को तोड़ने का समय आ गया है। उन्होंने माना कि अब तक अमेरिकी नौसेना ने जहाजों पर लेजर हथियारों को लेकर जितना आक्रामक रुख होना चाहिए था, वह नहीं अपनाया, लेकिन अब उनकी कमान में यह बदलने वाला है। असल फोकस ट्रंप-क्लास नए बैटलशिप हैं, जिन्हें चीन के खिलाफ समुद्री युद्ध का गेम-चेंजर माना जा रहा है।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इन जहाजों में हाइपरसोनिक हथियारों के साथ-साथ हाईपावर लेजर सिस्टम लगाए जाएंगे, जो चीनी ड्रोन स्वार्म्स, सेंसर नेटवर्क और मिसाइल गाइडेंस सिस्टम को सेकंडों में अंधा कर सकते हैं। चीन जिस तरह दक्षिण चीन सागर और ताइवान स्ट्रेट में ड्रोन, सैचुरेशन अटैक और इलेक्ट्रानिक वारफेयर पर निर्भर रणनीति विकसित कर रहा है, उसके सामने लेजर हथियार अमेरिका के लिए सबसे सटीक जवाब बनते जा रहे हैं। ना गोला-बारूद खत्म होने का डर, ना री-लोडिंग की जरूरत और हमला रोशनी की रफ्तार से। यूएसएस प्रेबल पर लेजर सिस्टम की सफल तैनाती और 2025 में इसका आपरेशनल टेस्ट इस बात का संकेत है कि अमेरिका अब चीन को सिर्फ चेतावनी नहीं दे रहा, बल्कि युद्ध-क्षमता मैदान में उतार चुका है। ओडिन जैसे लेजर पहले ही दुश्मन के आईएसआर सिस्टम को निष्क्रिय करने के लिए तैनात हैं। नई फाइटिंग इंटेक्शन के तहत अमेरिकी नौसेना एक समर्पित डायरेक्ट एनर्जी रणनीति बना रही है, ताकि लेजर हथियारों को फ्लीट की स्थायी रीढ़ बनाया जा सके। इसका सीधा मतलब है चीन के खिलाफ भविष्य की जंग में अमेरिकी जहाज मिसाइलों से पहले लेजर से वार करेंगे। यह महज टेक्नोलाजी अपग्रेड नहीं है, बल्कि चीन के नौसैनिक विस्तार को रोकने का रणनीतिक एलान है। अगर यह योजना लागू होती है, तो आने वाले दशक में पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में जंग मिसाइलों से कम और लेजर बीम्स से ज्यादा लड़ी जाएगी और उस जंग की पहली चोट चीन के नेटवर्क-सेंट्रिक वार माडल पर होगी।

# बांग्लादेश चुनाव: बीएनपी की प्रचंड जीत के बीच जमात-ए-इस्लामी का सत्ता का सपना चकनाचूर

**ढाका, 14 फरवरी (एजेंसियां)।**

बांग्लादेश के हालिया आम चुनावों के परिणामों ने देश की राजनीतिक दिशा स्पष्ट कर दी है। तारिक रहमान की अगुवाई वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने दो-तिहाई बहुमत के साथ एक ऐतिहासिक और बड़ी जीत दर्ज की है। हालांकि, इन चुनावों में सबसे अधिक चर्चा जमात-ए-इस्लामी की रही, जिसने आवामी लीग की अनुपस्थिति में खुद को मुख्य शक्ति के रूप में स्थापित करने की पुरजोर कोशिश की थी। पहली बार इतने बड़े स्तर पर चुनाव लड़ने के बावजूद जमात के हाथ केवल निराशा ही लगी है। 11 दलों के साथ गठबंधन कर चुनावी मैदान में उतरी जमात को महज 68 सीटों पर संतोष करना पड़ा, जिससे स्पष्ट हो गया कि वह अपनी कट्टरपंथी छवि के बोझ से मुक्त होने में पूरी तरह नाकाम रही है।



चुनाव परिणामों के रुझान साफ होते ही भारत, पाकिस्तान और अमेरिका जैसे देशों ने तारिक रहमान को जीत की बधाई दे दी। गौरतलब है कि साल 2024 में शेख हसीना सरकार के खिलाफ हुए हिंसक प्रदर्शनों में जमात-ए-इस्लामी ने बेहद सक्रिय भूमिका निभाई थी। आवामी लीग के सत्ता से हटने के बाद जमात को उम्मीद थी कि वह एक छोटी पार्टी के ठप्पे को हटाकर देश की सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत बनकर उभरेगी। लेकिन परिणामों ने यह साबित कर दिया कि सत्ता विरोधी लहर का पूरा फायदा बीएनपी को मिला है। जमात ने चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि वे परिणामों से संतुष्ट नहीं हैं, हालांकि उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं से धैर्य रखने की अपील की है।

जमात की इस करारी हार के पीछे कई महत्वपूर्ण कारक रहे, जिनमें सबसे प्रमुख आवामी लीग फैक्टर रहा। आवामी लीग के पारंपरिक वोटर, जो जमात की कट्टरपंथी विचारधारा के सख्त खिलाफ रहे हैं, उन्होंने जमात की ओर जाने के बजाय बीएनपी को वोट देना बेहतर समझा। इसके अलावा, जुलाई के प्रदर्शनों में शामिल युवाओं ने भी जमात के बजाय बीएनपी की अधिक समावेशी राजनीति पर भरोसा जताया। जमात को उम्मीद थी कि महिला मतदाता और अल्पसंख्यक समुदाय उसकी नई उदार छवि से प्रभावित होकर उसे वोट देंगे, लेकिन हकीकत में अल्पसंख्यक समुदाय पूरी तरह बीएनपी के पीछे खड़ा नजर आया।

चुनावी अभियान के दौरान अमेरिकी फैक्टर ने भी जमात की संभावनाओं को नुकसान पहुंचाया। रिपोर्टों के अनुसार, अमेरिकी राजनयिकों और जमात के नेताओं के बीच बढ़ती नजदीकियों की खबरों ने मतदाताओं के बीच संदेह पैदा किया। बीएनपी ने आरोप लगाया कि जमात ने गुप्त तरीके से अमेरिका के साथ समझौता कर लिया है, जो बांग्लादेश की संप्रभुता और सुरक्षा के लिए खतरा हो सकता है। पश्चिमी राजनयिकों के साथ जमात की बैठकों ने राष्ट्रवाद के मुद्दे पर बीएनपी को और मजबूत कर दिया। अंततः, जमात-ए-इस्लामी अपनी ऐतिहासिक छवि को बदलने में असफल रही। 1941 में गठित इस पार्टी ने 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान बांग्लादेश की आजादी का विरोध किया था और रजाकार जैसे संगठनों के माध्यम से नरसंहार में शामिल रही थी। हालांकि इस बार पार्टी ने महिलाओं और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की बात करके खुद की रीब्रैंडिंग करने की कोशिश की, लेकिन जनता ने उनके दावों को नकार दिया। 2009 से 2024 तक शेख हसीना के शासनकाल में राजनीतिक रूप से हाशिए पर रही जमात के लिए यह चुनाव वापसी का बड़ा मौका था, जिसे वह अपनी पुरानी कट्टरपंथी छवि के कारण गंवा बैठी।

# एफटीए और अमेरिकी ट्रेड डील का भरपूर लाभ उठाये व्यापारी : सुनील सिंघी

**नई दिल्ली, 14 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (एनटीडब्ल्यूबी) के चेयरमैन श्री सुनील सिंघी जी ने राजधानी के उद्यमियों एवं व्यापारियों का आहवान किया कि वे भारत के साथ यूरोपीय संघ के मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और अमेरिका साथ हुए व्यापार समझौते का भरपूर लाभ उठायें और देश निर्यात में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। उन्होंने कहा कि इस समझौते के तहत अमेरिका ने भारतीय उत्पाद के निर्यात पर लगे 50 प्रतिशत टैरिफ को घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है। केन्द्र सरकार इससे पहले कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते कर चुकी है। श्री सिंघी ने कहा कि केन्द्रीय बजट में भी एसएमएसई सेक्टर को रियायती ऋण उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है।

श्री सिंघी दिल्ली के सुप्रसिद्ध उद्यमी श्री एस एस अग्रवाल और श्री प्रदीप जिंदल को एनटीडब्ल्यूबी द्वारा आयोजित आत्मनिर्भर भारत जीएसटी 2.0 बचत उत्सव एवं सम्मान समारोह में व्यापारी रत्न से सम्मानित करने के बाद बोल रहे थे। श्री एस एस अग्रवाल कॉन्टिनेंटल मिल्कोज इंडिया के संस्थापक एवं अध्यक्ष है। श्री प्रदीप जिंदल, जिंदल सेल्स




कॉपोरेशन को प्रबंध निदेशक है।

राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड ने देश के प्रतिष्ठित व्यापारियों को व्यापारी रत्न से सम्मानित करने के लिए यह अवार्ड स्थापित किया है। इस कार्यक्रम में श्री अग्रवाल और श्री जिंदल को प्रदान किया गया यह पहला अवार्ड है। व्यापारी रत्न के रूप में इन्हें अशोक स्तंभ का प्रतीक चिन्ह, प्रशस्तिपत्र और शाल भेंट की गई।

बोर्ड के चेयरमैन श्री सिंघी ने उद्यमियों से कहा कि वे अपने उत्पाद में गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता न करें। इसके साथ ही उन्होंने सभी वे अपनी जीवनशैली में स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने पर जोर दिया।

श्री सिंघी ने छोटे उद्यमियों और व्यापारियों से कहा कि वे एमेजन एवं बिलिन्किट जैसी ऑनलाइन खुदरा व्यवसाय करने वाली कंपनियों का मुकाबला करने के लिए केन्द्र सरकार के ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कामर्स (ओएनडीसी) प्लेटफॉर्म के साथ अपने व्यवसाय को जोडे। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से सभी व्यवसायी अपने उत्पादो को सीधे उपभोक्ताओं तक बेच सकते है।

उन्होंने कहा कि देश के लगभग सभी राज्यों ने अपने यहां पर व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन किया है। दिल्ली में भी पिछले साथ मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने उद्योग मंत्री मनजीत सिंह सिरसा की अध्यक्षता में दिल्ली व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन किया है।

दिल्ली से राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य श्री घनश्याम दास गोयल जी, जो लारेंस रोड दाल एवं बेसन मिलर्स एसोशिएसन के अध्यक्ष है, ने कहा कि बोर्ड ने व्यापारियों की अनेक व्यायारिक समस्याओं का केन्द्र सरकार के अधिकारियों के साथ मिल दूर किया है। केन्द्रीय बजट में एसएमएसई क्षेत्र की सहायता के लिए प्रावधान किया गया है। श्री गोयल ने कहा कि पिछले साल दीपवली से पहले जीएसटी के चार स्लैब को घटा कर दो स्लैब कर दिये जाने से काफी वस्तुओं के दाम घट गये, जिसका सीधा लाभ उपभोक्ताओं को मिला।

राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के एक अन्य सदस्य श्री नवीन गर्ग जी ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के वोकल फॉर लोकल के आह्वान पर राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन श्री सुनील सिंघी जी ने देश के विभिन्न व्यापारिक मंचों पर लोगों को वोकल फॉर लोकल की शपथ दिलाई, जिसके तहत वस्तुओं के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनना, विनिर्माण और आपूर्ति में स्व-निर्भर होने और उत्पादित वस्तुओं का स्वयं उपभोग करना शामिल है। उन्होंने कहा कि इसका प्रभाव पूरे देश में पड़ा है और अब यह हमारी दैनिक जीवन का हिस्सा बनने लगा है। लोग विदेशों से आयात की जाने वाली वस्तुओं को त्यागने लगे है। श्री नवीन गर्ग जी भारतीय उद्योग व्यापार मंडल दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष है।व्यापारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री घनश्याम दास गुप्ता जावेरी ने कहा कि सभी व्यापारी वर्ग को केन्द्र सरकार की नीतियों का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद अगर किसी ने व्यापारियों की सुध ली है तो वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी है, जिन्होंने व्यापारियों की समस्याओं को हल करने के लिए श्री सुनील सिंघी जी की चेयरमैनशिप में राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन किया है। उन्होंने बताया कि खाटू श्याम दिल्ली धाम में स्वदेशी वस्तुओं को प्रोत्साहित करने के लिए एक स्वदेशी स्टोर खोला गया है। इस अवसर पर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री रामगोपाल गोयल, दिल्ली प्रदेश के चेयरमैन श्री नरेश ऐरण सहित अन्य ने अपने विचार व्यक्त किये। मंच का संचालन सी ए श्री सुशील तायल जी ने किया था।कार्यक्रम में लारेंस रोड की दाल एवं बेसन मिलर्स एसोसिएशन, नरेला इंडस्ट्रीय कॉम्प्लैक्स वेलफेयर एसोसियेशन और नरेला फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्रीज वेलफेयर एसोसियेशन जैसी सहयोगी संस्थाओं के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पदाधिकारियों सहित काफी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल दिल्ली प्रदेश के वरिष्ठ महामंत्री श्री मुनीष बंसल जी के अलावा श्री गिरीश मित्तल जी, श्री सुशील जैन जी, श्री वीरेन्दर गर्ग जी कैथल, श्री हरीश गोयल जी, श्री सुरेन्द्र खत्री जी, श्री दिनेश गर्ग जी, श्री आर पी सिंह जी व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# गलत जांच रिपोर्ट लगाने वालों पर दर्ज हो एफआईआर : योगी

**गोरखपुर,14 फरवरी (एजेंसियां) ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि किसी मामले में जांच के दौरान यदि गलत रिपोर्ट लगाई जाती है तो संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाए। हर मामले की निष्पक्ष जांच करके ही उसका निस्तारण होना चाहिए। किसी भी प्रकरण में लापरवाही या शिथिलता अक्षम्य होगी।

सीएम योगी ने शनिवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए ये निर्देश प्रशासन व पुलिस के अफसरों को दिए। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने सभी को आश्वस्त किया कि किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का वह प्रभावी निस्तारण कराएंगे। उन्होंने प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें।



जनता दर्शन में कुछ मामले ऐसे भी आए थे, जिनमें यह शिकायत की गई कि प्रकरण में गलत रिपोर्ट लगा दी गई है।

इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि पता लगाकर गलत रिपोर्ट लगाने वाले के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाए। उन्होंने कहा कि पीड़ितों की मदद में शिथिलता या लापरवाही कतई नहीं होनी चाहिए। जनता की समस्याओं के समाधान में किसी तरह की हीलाहवाली हुई तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई भी तय है।

किसी पीड़ित की समस्या के समाधान में अगर कहीं भी कोई दिक्कत आ रही है तो उसका पता लगाकर निराकरण कराया जाए और किसी स्तर पर जानबूझ कर प्रकरण को लंबित रखा गया है तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।उन्होंने जमीन कब्जाने की शिकायतों पर विधिसम्मत कठोर कदम उठाने का निर्देश दिया।

इस बार भी जनता दर्शन में कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। इस पर सीएम योगी ने अधिकारियों से कहा कि जल्द से जल्द अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध करा दें। इलाज के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त मदद की जाएगी। जनता दर्शन में परिजनों के साथ आए बच्चों पर सीएम योगी ने अपना स्नेह बरसाया। मुख्यमंत्री ने बच्चों को दुलारा, उन्हें चॉकलेट दी और खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परंपरागत रही। गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने तथा अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा समक्ष शीश झुकाने के बाद वह मंदिर परिसर के भ्रमण पर निकले। मंदिर की गौशाला में पहुंचकर उन्होंने गोसेवा की। गायों और गोवंश को स्नेहिल भाव से अपने हाथों से गुड़ खिलाया।

# सीएम नीतीश पहुंचे राजगीर, प्रसिद्ध मलमास मेला 2026 की तैयारियों की ली जानकारी



**बिहार,14 फरवरी (एजेंसियां) ।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार को नालंदा जिले के राजगीर पहुंचे। यहां उन्होंने गृद्धकूट भवन का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने गृद्धकूट भवन से होते हुए नए रोप-वे का जायजा लिया और वहां पर्यटकीय सुविधाओं की भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने सारी व्यवस्थाओं को बेहतर ढंग से संचालित करते रहने के निर्देश दिए जिससे यहां आनेवाले पर्यटकों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। इसके बाद मुख्यमंत्री ने राजगीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में मलमास मेला-2026 की तैयारियों की जानकारी ली। नालंदा के जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने मुख्यमंत्री को इस साल लगने वाले मलमास मेला की तैयारियों के संबंध में पूरी जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं, उन्हें कोई असुविधा न हो इसका ख्याल रखा जाए। मलमास मेला का आयोजन पूरे एक माह तक होता है। यहां आनेवाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आवासन, पेयजल, साफ-सफाई सहित बुनियादी सुविधाओं एवं सुरक्षा की पूरी व्यवस्था की जाए। उन्होंने स्वच्छ जल के साथ-साथ घाट की साफ-सफाई का प्रबंधन करने और आने वाले लोगों को आवागमन में सुविधा दुरुस्त करने के भी निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि इस बार भी बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना है, इसे ध्यान में रखते हुए उनके आवासन, चिकित्सा, सुरक्षा सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का विशेष रूप से ख्याल रखें ताकि उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई न हो। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता प्रबंध करने की भी बात कही। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नवादा जिले के नारदीगंज अंचल के मोतनाजे ग्राम के पास गंगाजी राजगृह जलाशय का भी निरीक्षण किया।

# 'शंकराचार्य' पर विवाद बढ़ा, योगी की टिप्पणी को लेकर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने दी तीखी प्रतिक्रिया

**वाराणसी, 14 फरवरी (एजेंसियां) ।** स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में शंकराचार्य वह होता है, जो सनातन धर्म के लिए काम करता है। सनातन धर्म का पहला विशेषण सत्य है, जो सच बोले, गौ माता की रक्षा करे और सनातन धर्म की रक्षा करे। उत्तर प्रदेश विधानसभा में सीएम योगी के 'हर व्यक्ति शंकराचार्य नहीं हो सकता' वाले बयान पर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा, (शंकराचार्य) कैसे होते हैं? वह बता दें। जिन्हें वह समझते हैं कि शंकराचार्य ऐसे होते हैं, तो वह स्पष्ट करें। क्या जो उनका समर्थन करे वही शंकराचार्य होगा? जो सनातन धर्म की बात करे, वह शंकराचार्य नहीं होता। यह कैसी परिभाषा लेकर आए हैं? ऐसी परिभाषा कभी नहीं रही। इससे पहले, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शंकराचार्य विवाद पर सनातन परंपरा की मर्यादाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि शंकराचार्य का पद भारत की सनातन परंपरा में सर्वोच्च और अत्यंत पवित्र माना जाता है। यह कोई सामान्य उपाधि नहीं है, जिसे कोई भी व्यक्ति स्वयं ग्रहण कर ले।मुख्यमंत्री ने कहा कि आदि शंकराचार्य ने देश की चारों दिशाओं में चार पीठों की स्थापना की थी, उत्तर में ज्योतिष पीठ, दक्षिण में श्रृंगेरी, पूर्व में जगन्नाथपुरी और पश्चिम में द्वारिकापुरी। इन चारों पीठों की अपनी-अपनी परंपरा, दायित्व और आध्यात्मिक आधार हैं। इन पीठों से चार वेद जुड़े हैं- ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद। प्रत्येक वेद का अपना महावाक्य है- 'प्रज्ञानं ब्रह्म', 'अहम् ब्रह्मास्मि', 'तत्त्वमसि' और 'अयमात्मा ब्रह्म'। ये महावाक्य भारतीय दर्शन की आत्मा हैं और साधना की उच्चतम अवस्था का बोध कराते हैं। मैं ही ब्रह्म हूं, कोई भी साधक जब अपनी साधना की पराकाष्ठा में पहुंचता है तो उसको इस बात की अनुभूति होती है।

# शंकराचार्य के बारे में अपमानजनक अपशब्द बोलना शाब्दिक हिंसा और पाप : अखिलेश

**लखनऊ,14 फरवरी (एजेंसियां) ।** समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने 'शंकराचार्य' विवाद को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि शंकराचार्य के बारे में घोर अपमानजनक अपशब्द बोलना शाब्दिक हिंसा है। ऐसा कहने वाले के साथ-साथ उनको भी पाप पड़ेगा, जिन्होंने चापलूसी में मेजें थपथपाईं। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'हर व्यक्ति शंकराचार्य नहीं हो सकता' वाले बयान पर अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, पहन ले कोई जैसे भी 'चोले', पर उसकी वाणी पोल खोले। उन्होंने कहा, शंकराचार्य के बारे में घोर अपमानजनक अपशब्द बोलना शाब्दिक हिंसा है और पाप भी। ऐसा कहनेवाले के साथ-साथ उनको भी पाप पड़ेगा जिन्होंने चापलूसी में



मेजें थपथपाई हैं। जब भाजपा के विधायक सदन के बाहर जाएंगे और जनता का सामना करेंगे तो जनता सड़क पर उनका सदन लगा देगी।महाकुंभ की घटना का जिक्र करते हुए अखिलेश यादव ने लिखा, जो महाकुंभ की मौतों पर सच्चे आंकड़े नहीं बताते हैं, कैश में मुआवजा देकर उसमें भी भ्रष्टाचार का रास्ता निकाल लेते हैं। जिन तक मुआवजा नहीं पहुंचा, उनका पैसा कहां गया, ये नहीं बताते हैं। अपने ऊपर लगे मुकदमे हटवाते हैं। वो किसी और के 'धर्म-पद' पर सवाल उठाने का नैतिक अधिकार नहीं रखते हैं।सीएम योगी पर बिना नाम लिए हमला बोलते हुए सपा प्रमुख ने कहा, अपने बयान में उन्होंने (सीएम योगी) 'कानून का शासन' बोल दिया, जैसे ही इस बात पर उनका ध्यान जाएगा वो 'विधि का शासन' बोलने के लिए क्या दुबारा सदन बुलाएंगे या इसके लिए एक टांग पर खड़े होकर 'लड़खड़ाता प्रायश्चित' करेंगे।उन्होंने कहा कि जब इंसान नहीं, अहंकार बोलता है तो यही होता है। अहंकार संस्कार को विकार में बदल देता है। वो व्यक्ति समाज में मान-सम्मान खो देता है, जिसके बारे में ये कहावत प्रचलित हो जाती है कि 'जब मुंह खोला, तब बुरा बोला।अखिलेश यादव ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, हाता नहीं भाता का ये विस्तारित रूप है, यही सच्ची सच्चाई है। जिस समाज के खिलाफ रहकर उन्होंने हमेशा अपनी नफरत की राजनीति की है, उसे धर्म के मामले में भी अपमानित-पराजित करने का ये उनका अंहकार है। इनका बस चले तो जो विवादित फिल्म आई है, उसका नाम बदले बिना ही रिलीज भी कर दें और टैक्स फ्री भी कर दें। अगले चुनाव में वो समाज एक-एक वोट उनके खिलाफ डालकर अपने अपमान और उनके प्रदेश अध्यक्ष के नोटिस का सही जवाब देगा। उनकी सरकार हटाकर नई सरकार बनाएगा। फिर इत्मीनान-आराम से मिलजुलकर बेधड़क दाल-बाटी खाएगा।

सपा प्रमुख ने कहा कि शंकराचार्य जी पर दिया गया अभद्र बयान सदन में हमेशा के लिए दर्ज हो गया है। उनके इस बयान को हम निंदनीय कहें तो निंदनीय शब्द को भी निंदनीय महसूस होगा।

# पिछले एक दशक में स्वास्थ्य सेवाओं पर जेब से होने वाले खर्च में काफी कमी आई : जेपी नड्डा

**नई दिल्ली,14 फरवरी (एजेंसियां) ।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शनिवार को देहरादून के स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय के 8वें दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने स्नातक छात्रों को उनकी शैक्षणिक यात्रा सफलतापूर्वक पूरी करने पर बधाई दी। जेपी नड्डा ने दीक्षांत समारोह को विशेष और महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने स्नातकों से चिकित्सा पेशे के सर्वोच्च आदर्शों को बनाए रखने, निरंतर उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने और अपने कौशल और ज्ञान को मानवता की सेवा में समर्पित करने का आग्रह किया। पिछले ग्यारह वर्षों में भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र में हुई परिवर्तनकारी प्रगति पर प्रकाश डालते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि एम्स की संख्या 6 से बढ़कर 23 हो गई है, जिससे पूरे देश में उन्नत तृतीयक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में उल्लेखनीय विस्तार हुआ है। उन्होंने आगे बताया कि संस्थागत प्रसवों की दर बढ़कर लगभग 89 प्रतिशत हो गई



है, जो मजबूत मातृ स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों को दर्शाती है।केंद्रीय मंत्री ने बताया कि मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) एक दशक पहले प्रति लाख जीवित जन्मों पर 130 से घटकर 88 हो गई है, जबकि शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) प्रति हजार जीवित जन्मों पर 39 से घटकर 27 हो गई है, जो मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य परिणामों में निरंतर प्रगति को दर्शाती है।विश्व स्वास्थ्य संगठन और संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों के अनुमानों का हवाला देते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि भारत ने पिछले दशक में वैश्विक औसत की तुलना में पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर में काफी तेजी से गिरावट दर्ज की है, जो लक्षित नीतिगत हस्तक्षेपों और स्वास्थ्य सेवा तक विस्तारित पहुंच के प्रभाव को रेखांकित करता है। तपेदिक नियंत्रण प्रयासों का जिक्र करते हुए, उन्होंने कहा कि भारत ने तपेदिक की घटनाओं में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की है, जो वैश्विक औसत से बेहतर प्रदर्शन है। सतत जन स्वास्थ्य उपायों और समुदाय-आधारित हस्तक्षेपों के माध्यम से औसत कमी आई है।केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने भारत के ऐतिहासिक कोविड-19 टीकाकरण अभियान पर भी प्रकाश डाला, जिसके तहत एहतियाती और बूस्टर खुराक सहित 220 करोड़ से अधिक टीके देशभर में लगाए गए हैं, जो भारत की जन स्वास्थ्य प्रणाली की व्यापकता, लचीलापन और दक्षता को दर्शाता है।स्वास्थ्य सेवाओं में वित्तीय सुरक्षा पर जोर देते हुए, जेपी नड्डा ने आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि इस योजना से अब लगभग 62 करोड़ लोगों को लाभ मिल रहा है, जो भारत की लगभग 40 प्रतिशत आबादी को कवर करता है। प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय चिकित्सा पत्रिकाओं और स्वतंत्र मूल्यांकनों से प्राप्त प्रमाणों का हवाला देते हुए, उन्होंने कहा कि एबी-पीएमजेएवाई ने समय पर कैंसर उपचार तक पहुंच में उल्लेखनीय सुधार किया है और देश भर में पात्र लाभार्थियों के लिए वित्तीय सुरक्षा को मजबूत किया है।उन्होंने आगे कहा कि पिछले एक दशक में स्वास्थ्य सेवाओं पर जेब से होने वाले खर्च में काफी कमी आई है, जिससे परिवारों, विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों पर वित्तीय बोझ कम हुआ है। वैश्विक आबादी के लगभग छठे हिस्से का प्रतिनिधित्व करने के बावजूद, भारत ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा रिपोर्ट किए गए रुझानों के अनुरूप निरंतर वेक्टर-जनित रोग नियंत्रण प्रयासों के माध्यम से मलेरिया की घटनाओं और मृत्यु दर को कम करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है।

# उत्तर प्रदेश में भाजपा के शासनकाल में नए कीर्तिमान स्थापित हुए : जयवीर सिंह

**मैनपुरी,14 फरवरी (एजेंसियां) ।** समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा राज्य के बजट को फेल बताए जाने पर प्रदेश सरकार के मंत्री जयवीर सिंह ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता होने के नाते वह यही कहेंगे। मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए गए हैं। उन्होंने आईएएनएस से बातचीत करते हुए कहा कि विपक्ष के नेता होने के नाते अखिलेश यादव को ऐसा कहना ही चाहिए। लेकिन, देश और प्रदेश की जनता महसूस कर रही है कि उनके कार्यकाल में प्रदेश में विकास नहीं हुआ था। जयवीर सिंह ने दावा किया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए गए हैं और प्रदेश माफियाराज तथा बीमारू राज्य की छवि से निकलकर देश का ग्रोथ इंजन बना है।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद प्रस्ताव में 2017 से पहले और वर्तमान समय की स्थिति की तुलनात्मक चर्चा कर यह स्पष्ट किया गया है कि प्रदेश ने विकास की दिशा में लंबी छलांग लगाई है।जयवीर सिंह ने लोकतंत्र की परंपराओं का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय लोकतंत्र की खूबसूरती यही है कि विपक्ष सरकार की



नीतियों और कार्यक्रमों में कमियां बताता है और सुधार के सुझाव भी देता है। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की प्रदेश और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान में विपक्ष अपनी रचनात्मक भूमिका निभाने के बजाय केवल हंगामा और गतिरोध की राजनीति कर रहा है।समाजवादी पार्टी सांसद डिंपल यादव द्वारा लोकसभा में बोलने का अवसर न दिए जाने और स्पीकर पर एकपक्षीय रवैया अपनाने के आरोप पर प्रतिक्रिया देते हुए जयवीर सिंह ने कहा कि लोकसभा हो या विधानसभा, सदन नियमों, मानकों और परंपराओं के अनुसार चलता है, न कि किसी दल के हल्लाबोल से। उन्होंने कहा कि संसदीय व्यवस्था में अनुशासन और मर्यादा सर्वोपरि है और उसी के अनुरूप कार्यवाही संचालित होती है।

# ब्रह्मांड की पहली प्रेम कहानी! सारेगामा ला रहा एनिमेटेड फिल्म 'शिव सती'

संगीत और मनोरंजन की प्रमुख कंपनी सारेगामा ने एक बड़ी और रोमांचक घोषणा की है। कंपनी एनिमेटेड फीचर फिल्म 'शिव सती' लेकर आ रही है, जो इसी साल देश भर के थिएटर्स में रिलीज होगी। यह फिल्म भगवान शिव और माता सती की दिव्य प्रेम कथा पर आधारित है, जिसे ब्रह्मांड की पहली प्रेम कहानी के रूप में पेश किया जा रहा है। शिव-सती की कथा प्रेम, त्याग, समर्पण और दिव्य मिलन की प्रतीक है। एनिमेटेड फॉर्मेट में यह बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी को आकर्षित कर सकती है। सारेगामा इंडिया लिमिटेड ने अमेजिंग इंडियन स्टोरीज के साथ मिलकर इस प्रोजेक्ट को तैयार किया है। फिल्म को बड़े पैमाने पर बनाया जा रहा है, जिसमें आधुनिक एनिमेशन तकनीक का इस्तेमाल होगा। इसे बड़े पर्दे के लिए स्पेशल लार्ज



फॉर्मेट में तैयार किया जा रहा है, ताकि दर्शकों को भव्यता, भावनाएं और दृश्यों का कमाल महसूस हो।

फिल्म के निर्देशक मशहूर राइटर-फिल्ममेकर विवेक आंचलिया हैं, जिन्होंने पहले 'नैशा', 'तिकड़म' और 'राजमा चावल' जैसी फिल्मों से अपनी पहचान बनाई है। विवेक आंचलिया इस प्रोजेक्ट को कटिंग-एज एनिमेशन के साथ टाइमलेस कहानी को जोड़कर एक शानदार अनुभव के लिए तैयार कर रहे हैं। फिल्म अभी प्रोडक्शन के दौर में है। सारेगामा ने इंस्टाग्राम पर इसकी घोषणा करते हुए कहा कि यह एनिमेटेड फिल्म भारतीय पौराणिक कथाओं को नए अंदाज में पेश करेगी, जिसमें स्केल, इमोशन और स्पेक्टेकल भरपूर होगा। यह घोषणा वैलेंटाइन डे पर आई है, जो प्रेम की थीम वाली कहानी के लिए फिट बैठती है। सारेगामा पहले भी कई सफल प्रोजेक्ट्स में शामिल रही है और अब एनिमेशन के क्षेत्र में कदम रखकर भारतीय माइथोलॉजी को ग्लोबल स्तर पर ले जाने की कोशिश कर रही है।

भगवान शिव पर आधारित कई एनिमेटेड फिल्में बन चुकी हैं, दो यूट्यूब के साथ ही ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर भी उपलब्ध हैं। ये पौराणिक कथाओं को मजेदार तरीके से पेश करती हैं। इन एनिमेटेड फिल्मों में द डांसिंग गॉड शिवा, जिसमें भगवान शिव के तांडव नृत्य और उनकी शक्ति दिखाई गई है। वहीं, शिव पार्वती में शिव और पार्वती की प्रेम कथा और विवाह की खूबसूरत कहानी है। एक अन्य मूवी शिवा : द सेक्रेट वर्ल्ड ऑफ वेदास सिटी शामिल है, जिसमें शिव की महिमा के साथ उनके रहस्यों को नए अंदाज में दिखाया गया है।

# विक्की कौशल ने फिल्म छावा की सफलता पर फैंस को किया धन्यवाद



अभिनेता विक्की कौशल की ऐतिहासिक एक्शन-ड्रामा फिल्म 'छावा' ने शनिवार को रिलीज के एक साल पूरे किए। इस मौके पर फिल्म के मुख्य कलाकार विक्की कौशल ने फैंस का दिल से शुक्रिया अदा किया। अभिनेता ने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं। इन तस्वीरों में विक्की अपने किरदार में नजर आ रहे हैं, तो कुछ तस्वीरें उनके प्रमोशन के समय की हैं, जिनमें उनके साथ रश्मिका भी नजर आ रही हैं। विक्की ने लिखा, फिल्म 'छावा' के 1 साल पूरे। मैं सिर झुकाकर महान मराठा विरासत के प्रति और आप सभी का धन्यवाद करता हूं कि आपने इस फिल्म को इतना प्यार दिया। आप सभी का प्यार सच में बहुत खास रहा। जय भवानी। जय शिवराय।

विक्की के इंडस्ट्री के दोस्तों और कलाकारों ने पोस्ट पर प्रतिक्रियाएं दी और कमेंट सेक्शन में प्यार और शुभकामनाओं की बौछार कर दी। कई लोगों ने हार्ट और फायर के इमोजी कमेंट किए। अभिनेत्री निमृत कौर ने इमोजी के साथ प्रतिक्रिया दी। साल 2025 में रिलीज होने वाली फिल्म छावा ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया था। फिल्म में जहां विक्की कौशल ने छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका निभाई थी, वहीं रश्मिका ने उनकी पत्नी येसुबाई का किरदार निभाया था। यह फिल्म लेखक शिवाजी सावंत की नॉवेल 'छावा' का एडॉप्टेशन है।

फिल्म का निर्देशन लक्ष्मण उतेकर ने किया था, जबकि इसे मैडॉक फिल्म और दिनेश विजन ने प्रोड्यूस किया था। फिल्म में विक्की और रश्मिका के अलावा, अक्षय खन्ना, दिव्या दत्ता, आशुतोष राणा, और डायना पेंटी भी अहम किरदारों में नजर आए थे।

फिल्म को दर्शकों ने काफी पसंद किया था, लेकिन रिलीज के समय फिल्म को काफी विवादों का सामना भी करना पड़ा था। फिल्म में संभाजी महाराज द्वारा मुगलों के खिलाफ लड़ी गई बहादुरी भरी लड़ाइयां और उनके सर्वोच्च बलिदान को दिखाया गया है।

# फिल्म बैटल ऑफ गलवान का रोमांटिक सॉन्ग रिलीज

14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली सलमान खान की अपकमिंग वॉर फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' पर वैलेंटाइन डे का रंग चढ़ गया है। अभिनेता ने दर्शकों को तोहफा देते हुए फिल्म का पहला रोमांटिक गाना रिलीज कर दिया है, जिसमें वे चित्रांगदा के साथ बर्फ की वादियों में रोमांस करते दिख रहे हैं। सलमान खान की फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' से रोमांटिक सॉन्ग 'मैं हूं' रिलीज कर दिया गया है। सॉन्ग में सलमान और चित्रांगदा के बीच प्यारी सी लव स्टोरी दिखाई है जिसमें उनके दो बच्चे भी शामिल हैं। गाना रोमांस के साथ दूर रहने के गम को भी अच्छे से दिखाता है क्योंकि अभिनेता फोटो देखकर ही अपनी पत्नी और परिवार को याद कर रहे हैं। खैर, गाना बहुत शांत और सुकून देने वाला है।



गाने को कंपोज अयान लाल ने किया है और आवाज भी अयान लाल और श्रेया घोषाल ने दी है। गाने के बोल शब्बीर अहमद और अयान लाल ने लिखे हैं। श्रेया घोषाल की मीठी आवाज ने गाने में जान डाल दी है। फैंस सिंगर की आवाज की खुलकर तारीफ कर रहे हैं। इससे पहले फिल्म से 'मातृभूमि' सॉन्ग रिलीज किया गया था, जिसमें देशभक्ति और सैनिकों की हिम्मत और हौसले को दिखाया गया था। गाने में अरिजीत सिंह की आवाज ही उसकी आत्मा बनी। सोशल मीडिया पर गाने को इतना पसंद किया गया कि गाना 21 मिलियन के पार हो चुका है।

बात अगर फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' की करें तो अभी तक फिल्म का टीजर ही रिलीज हो पाया है। फिल्म की रिलीज की तारीख में भी बदलाव किया गया। पहले फिल्म 17 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी लेकिन अब फिल्म 14 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर रिलीज होगी। टीजर रिलीज होते ही फिल्म भारत और चीन के बीच चर्चा का विषय बन गई थी। चीन की मीडिया ने फिल्म को लेकर कहा था कि इस तरह की छवि दिखाकर भारत का सिनेमा गलवान घाटी में हुई झड़प को दिखाने की कोशिश कर रहा है, वैसा कुछ नहीं हुआ था। उन्होंने फिल्म को लेकर भारत और चीन के रिश्तों पर तनाव बढ़ने का अंदेशा भी जताया था।

# अभिनय के साथ पूरा किया एमबीबीएस का सपना

## श्रीलीला ने सोशल मीडिया पर साझा कीं तस्वीर

साउथ सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री श्रीलीला ने एक बड़ा मुकाम हासिल कर लिया है। उन्होंने अभिनेत्री साई पल्लवी की तरह अभिनय के साथ-साथ एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर ली। अभिनेत्री कई सालों से मेडिकल की पढ़ाई के साथ फिल्मों में काम कर रही थीं। श्रीलीला ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर ग्रेजुएशन समारोह की तस्वीरें पोस्ट कीं। अभिनेत्री ने मैरून गाउन पहना हुआ है। कुछ तस्वीरों में वे ग्रेजुएशन डिग्री ले रही हैं, तो परिवार और बैचमेट्स के साथ पोज दे रही हैं। श्रीलीला ने लिखा, एक बड़ा मुकाम। यह यात्रा आप सबका साथ थी, चाहे जानकर या फिर अनजाने में। यह जगह मेरी शांति बन गई, जहां मैं खुद रह सका। आपकी लड़की ने वाद निभाया। यह सिर्फ डिग्री नहीं, बल्कि आगे बढ़ने, विश्वास करने, आंसू बहाने, हिम्मत दिखाने और खुद को मजबूत बनाने की कहानी है।



अभिनेत्री ने आगे अपने परिवार, दोस्तों और टीम को धन्यवाद दिया, जिन्होंने परीक्षाओं के समय श्रीलीला का साथ दिया। उन्होंने लिखा, जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया। उन सभी का दिल से शुक्रिया। क्लासमेट्स और फैंस का भी शुक्रिया, जिनकी मुस्कान और प्रोत्साहन ने मुझे आगे बढ़ाया। इस अध्याय ने मुझे विनम्र और मजबूत बनाया है। अब खुद को फिर से पेश करती हूं। आपकी स्नेहपूर्वक, डॉ. श्रीलीला।बता दें कि अभिनेत्री की ग्रेजुएशन सेरेमनी 10 फरवरी को हुई थी, जिसके बाद से ही सेरेमनी की कुछ तस्वीरें और वीडियोज सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहे थे। शुक्रवार को अभिनेत्री ने पोस्ट कर आधिकारिक जानकारी दी।

पोस्ट शेयर करने के बाद श्रीलीला के इंडस्ट्री के दोस्तों और साथी कलाकारों ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और कमेंट सेक्शन में प्यार और शुभकामनाओं की बौछार कर दी। कई लोगों ने हार्ट और फायर के इमोजी कमेंट किए। अभिनेत्री राशि खन्ना, ध्वनी भानुशाली और रेमो डिसूजा ने लिखा, बधाई हो डॉक्टर।श्रीलीला कई सालों से फिल्मों में काम कर रही हैं और साथ ही मेडिकल की पढ़ाई भी जारी रखी थी। पिछले छह सालों में उन्होंने शूटिंग के व्यस्त शेड्यूल के बीच पढ़ाई का संतुलन बनाए रखा। आखिरकार उनकी मेहनत रंग लाई और मुंबई की डीवाई पाटिल यूनिवर्सिटी से उन्होंने एमबीबीएस की डिग्री हासिल की।



# मृणाल ने इस खास इंसान को लगाया लगे, शेयर की अपने दिल की बात

अभिनेत्री मृणाल ठाकुर की रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'दो दीवाने शहर में' जल्द रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म में अभिनेत्री के साथ सिद्धांत चतुर्वेदी मुख्य भूमिका में हैं। वेलेंटाइन वीक के ज्यादातर दिन अभिनेत्री ने अपने को-स्टार सिद्धांत के साथ लगभग हर दिन स्पेशल सेलिब्रेशन किया है, लेकिन 'हग डे' उन्होंने अपने स्पेशल वन के साथ सेलिब्रेट किया, लेकिन यह कोई रोमांटिक पार्टनर नहीं बल्कि अभिनेत्री की को-स्टार संदीपा धर हैं। दोनों ने 'हग डे' बड़े ही खास अंदाज में सेलिब्रेट किया, जो गर्ल पावर और दोस्ती का खूबसूरत उदाहरण है। उन्होंने इसकी तस्वीर शुक्रवार को इंस्टाग्राम स्टोरीज सेक्शन पर पोस्ट की। इस तस्वीर में दोनों एक-दूसरे को गले लगाती नजर आईं।

दोनों ने ग्रीन कलर की ड्रेस पहनी हुई है, जो उनके 'ग्रीन फ्लैग' (कोई अच्छा, सपोर्टिव और पॉजिटिव व्यक्ति) होने का संकेत भी दिखा रहा है। मृणाल ने लिखा, 'हग डे' खत्म होता है, दो सुंदरी के साथ।

वेलेंटाइन वीक के छठे दिन यानी 12 फरवरी को हर साल हग डे मनाया जाता है। इस दिन कपल या फिर कोई व्यक्ति अपने स्पेशल वन को 'टाइट हग' करके स्पेशल फील करवाते हैं। साथ ही प्यार, अपनापन और इमोशन्स का इजहार करते हैं।इससे पहले भी मृणाल ने वेलेंटाइन के ज्यादातर दिन सिद्धांत के साथ सेलिब्रेट किए थे, जिसके वीडियोज और फोटोज सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुए थे। सबसे ज्यादा रोज डे का वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें सिद्धांत ने मृणाल के साथ रोज डे अनोखे अंदाज में सेलिब्रेट किया था।वीडियो में मृणाल एक जगह पर हैं, और पीछे से सिद्धांत अचानक अभिनेत्री के पास आकर उनके ऊपर छाता खोलते हैं, तो छाते में लगे हुए सारे गुलाब मृणाल के ऊपर गिर जाते हैं।फिल्म 'दो दीवाने शहर में' एक इमोशनल और रोमांटिक कहानी है, जिसमें प्यार, रिश्तों और जिंदगी के उतार-चढ़ाव दिखाए गए हैं। रवि उद्यावर द्वारा निर्देशित फिल्म में इला अरुण, जॉय सेनगुप्ता, आयेशा रजा, संदीपा धर समेत कई कलाकार नजर आएंगे। फिल्म 20 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# राजनीतिक और प्रशासनिक किरदारों की पहचान बनीं सकीना जाफरी, हर गंभीर रोल में छोड़ी गहरी छाप

अमेरिकी अभिनेत्री सकीना जाफरी ने अपने करियर में ऐसे किरदार चुने, जिनके जरिए सत्ता, सिस्टम और समाज की गंभीर सच्चाइयों को सामने रखा जा सके। यही वजह है कि उन्हें राजनीतिक, मेडिकल और प्रशासनिक जैसे मजबूत किरदारों में ज्यादा देखा गया। सकीना जाफरी का जन्म 14 फरवरी 1962 को न्यूयॉर्क में हुआ और वह मशहूर अभिनेता सईद जाफरी और लेखिका व शेफ मधुर जाफरी की बेटी हैं। फिल्मी परिवार से होने के बावजूद उनका रास्ता कभी भी आसान नहीं रहा। उनका झुकाव शुरू में पढ़ाई और भाषाओं की ओर था, लेकिन थिएटर से जुड़ने के बाद अभिनय उनकी जिंदगी का हिस्सा बन गया। यही थिएटर की ट्रेनिंग आगे चलकर उनके अभिनय में ठहराव और गंभीरता लेकर आई। सकीना जाफरी की सबसे बड़ी पहचान तब बनी, जब उन्होंने नेटफ्लिक्स की चर्चित सीरीज 'हाउस ऑफ कार्ड्स' में व्हाइट हाउस की चीफ ऑफ स्टाफ लिंडा वास्केज का किरदार निभाया। यह रोल सत्ता के बेहद करीब



रहने वाले एक ऐसे व्यक्ति का था, जो फैसले भी करता है और उनके नतीजों की जिम्मेदारी भी उठाता है।

सकीना ने इस किरदार को न तो जरूरत से ज्यादा सख्त बनाया और न ही कमजोर, बल्कि एक संतुलित अफसर के रूप में पेश किया। यही कारण है कि उनका किरदार दर्शकों के दिमाग में लंबे समय तक रहा। इसके बाद 'टाइमलेस' में उन्होंने होमलैंड सिक्योरिटी एजेंट डेनिस क्रिस्टोफर की भूमिका निभाई। उनका यह किरदार जिम्मेदारी, देश की सुरक्षा और सही-गलत के बीच खड़े फैसलों पर टिका हुआ था। उन्होंने इस किरदार को सधे हुए और सरल अंदाज में निभाया। एक बार को तो दर्शकों को लगा कि वह सच में एक सरकारी अधिकारी हैं।

सिर्फ राजनीति और प्रशासन ही नहीं, मेडिकल रोल्स में भी सकीना जाफरी की मौजूदगी मजबूत रही है। कई फिल्मों और सीरीज में उन्होंने डॉक्टर और प्रोफेशनल महिलाओं के किरदार निभाए, जहां संवेदनशीलता और समझ सबसे जरूरी होती है। इन किरदारों में भी उन्होंने भावनाओं को सच्चाई के साथ पेश किया।

सकीना जाफरी की खास बात यह रही कि उन्होंने अपने किरदार से कहानी को आगे बढ़ाया है। इसी वजह से उन्हें ऐसे रोल बार-बार मिले, जिन पर दर्शक भरोसा कर सकें। उनकी स्क्रीन प्रेज़ेंस इतनी सहज होती है कि वह सिस्टम का हिस्सा लगने लगती हैं।

# महाशिवरात्रि...शून्य से परे है शिव का अस्तित्व



हजारों सालों से विज्ञान 'शिव' के अस्तित्व को समझने का प्रयास कर रहा है। जब भौतिकता का मोह खत्म हो जाए और ऐसी स्थिति आए कि ज्ञानेंद्रियां भी बेकाम हो जाएं, उस स्थिति में शून्य आकार लेता है, और जब शून्य भी अस्तित्वहीन हो जाए तो वहां शिव का प्राकट्य होता है। शिव यानी शून्य से परे। जब कोई व्यक्ति भौतिक जीवन को त्याग कर सच्चे मन से मनन करे तो शिव की प्राप्ति होती है। उन्हीं एकाकार और अलौकिक शिव के महारूप को उल्लास से मनाने का त्योहार है महाशिवरात्रि।

पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि महाशिवरात्रि हिंदुओं का एक धार्मिक त्योहार है, जिसे हिंदू धर्म के प्रमुख देवता महादेव अर्थात शिव जी के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। महाशिवरात्रि का पर्व फाल्गुन मास में कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाया जाता है। इस दिन शिवभक्त एवं शिव में श्रद्धा रखने वाले लोग व्रत-उपवास रखते हैं और विशेष रूप से भगवान शिव की आराधना करते हैं। महाशिवरात्रि को लेकर भगवान शिव से जुड़ी कुछ मान्यताएं प्रचलित हैं। ऐसा माना जाता है कि इस विशेष दिन ही ब्रम्हा के रूद्र रूप में मध्यरात्रि को भगवान शंकर का अवतरण हुआ था।

वहीं यह भी मान्यता है कि इसी दिन भगवान शिव ने तांडव कर अपना तीसरा नेत्र खोला था और ब्रम्हांड को इस नेत्र की ज्वाला से समाप्त किया था। इसके अलावा कई स्थानों पर इस दिन को भगवान शिव के विवाह से भी जोड़ा जाता है और यह माना जाता है कि इसी पावन दिन भगवान शिव और मां पार्वती का विवाह हुआ था।

वैसे तो प्रत्येक माह में एक शिवरात्रि होती है, परंतु फाल्गुन माह की कृष्ण चतुर्दशी को आने वाली इस शिवरात्रि का अत्यंत महत्व है, इसलिए इसे महाशिवरात्रि कहा जाता है। वास्तव में महाशिवरात्रि भगवान भोलेनाथ की आराधना का ही पर्व है, जब धर्मप्रेमी लोग महादेव का विधि-विधान के साथ पूजन अर्चन करते हैं और उनसे आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। इस दिन शिव मंदिरों में बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ती है, जो शिव के दर्शन-पूजन कर खुद को सौभाग्यशाली मानती है।

महाशिवरात्रि के दिन शिव जी का विभिन्न पवित्र वस्तुओं से पूजन एवं अभिषेक किया जाता है और बिल्वपत्र, धतूरा, अबीर, गुलाल, बेर, उम्बी आदि अर्पित किया जाता है। भगवान शिव को भांग बेहद प्रिय है अत: कई लोग उन्हें भांग भी चढ़ाते हैं। दिनभर उपवास रखकर पूजन करने के बाद शाम के समय फलाहार किया जाता है। शिवरात्रि को भगवान शिव की पूजा करने का सबसे बड़ा दिन माना जाता है। कहा जाता है कि इस दिन भोले को खुश कर लिया तो आपके सारे काम सफल होते हैं और सुख समृद्धि आती है। भोले के भक्त शिवरात्रि के दिन कई तरह से भगवान शिव की पूजा अर्चना करते हैं। शिव को खुश करने के लिए शिवालयों में भक्तों का तांता लगा होता है, जो बेल पत्र और जल चढ़ाकर शिव की महिमा गाते हैं।

हिंदू पंचांग के अनुसार हर साल फाल्गुन मास में कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाता है। फाल्गुन महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाई जाने वाली शिवरात्रि इस बार दो शुभ योगों में 15 फरवरी को सर्वार्थ सिद्धि योग में त्रियोदशी युक्त चतुर्दशी में मनाई जाएगी। महाशिवरात्रि के दिन शिवजी के भक्त श्रद्धा और विश्वास के साथ व्रत रखते हैं और विधि-विधान से शिव-गौरी की पूजा करते हैं। ऐसा कहा जाता है कि महाशिवरात्रि के दिन भगवान भोलेनाथ पृथ्वी पर मौजूद सभी शिवलिंग में विराजमान होते हैं, इसलिए महाशिवरात्रि के दिन की गई शिव की उपासना से कई गुना अधिक फल प्राप्त होता है। दरअसल महाशिवरात्रि शिव और शक्ति के मिलन की रात का पर्व है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शिवरात्रि की रात आध्यात्मिक शक्तियां जागृत होती हैं।

शास्त्रों में बताया गया है कि इस दिन ज्योतिष उपाय करने से आपकी सभी परेशानियां खत्म हो सकती हैं। महाशिवरात्रि के दिन शुभ काल के दौरान ही महादेव और पार्वती की पूजा की जानी चाहिए तभी इसका फल मिलता है। इस दिन का प्रत्येक घड़ी-पहर परम शुभ रहता है। कुवांरी कन्याओं को इस दिन व्रत करने से मनोनुकूल पति की प्राप्ति होती है और विवाहित स्त्रियों का वैधव्य दोष भी नष्ट हो जाता है। महाशिवरात्रि में शिवलिंग की पूजा करने से जन्मकुंडली के नवग्रह दोष तो शांत होते हैं विशेष करके चंद्रजनित दोष जैसे मानसिक अशान्ति, माँ के सुख और स्वास्थ्य में कमी, मित्रों से संबंध, मकान-वाहन के सुख में विलम्ब, हृदयरोग, नेत्र विकार, चर्म-कुष्ट रोग, नजला-जुकाम, स्वांस रोग, कफ-निमोनिया संबंधी रोगों से मुक्ति मिलती है और समाज में मान प्रतिष्ठा बढती है। शिवलिंग पर बेलपत्र चढ़ाने से व्यापार में उन्नति और सामाजिक प्रतिष्ठा बढती है। भांग अर्पण से घर की अशांति, प्रेत बाधा तथा चिंता दूर होती है। मंदार पुष्प से नेत्र और हृदय विकार दूर रहते हैं। शिवलिंग पर धतूर के पुष्प-फल चढ़ाने से दवाओं के रिएक्शन तथा विषैले जीवों से खतरा समाप्त हो जाता है। शमीपत्र चढ़ाने से शनि की शाढ़ेसाती, मारकेश तथा अशुभ ग्रह-गोचर से हानि नहीं होती। इसलिए श्रीमहाशिवरात्रि के एक-एक क्षण का सदुपयोग करें और शिवकृपा प्रसाद से त्रिबिध तापों से मुक्ति पायें।

### चार प्रहर की पूजा का समय

प्रथम प्रहर पूजा का समय: सायं 06:15 बजे से रात्रि 09:28 बजे तक

द्वितीय प्रहर पूजा का समय: रात्रि 09:29 बजे से मध्यरात्रि 12:41 बजे तक

तृतीय प्रहर पूजा का समय: मध्यरात्रि 12:42 बजे से 16 फरवरी प्रात:03:54 बजे तक

चतुर्थ प्रहर पूजा का समय: 16 फरवरी , प्रात: 03:55 बजे से प्रात: 07:07 बजे तक

अगर किसी को अपना सूर्य मजबूत करना है सरकारी कामों में सफलता प्राप्त करनी है तो तांबे के लोटे में जल मिश्रित गुण से शिवलिंग का अभिषेक करें, वैवाहिक जीवन मधुर बनाने के लिए जोड़े से पति पत्नी शिवलिंग का अभिषेक करें, अगर आपकी कुंडली में मंगल पीड़ित है तो शिवलिंग का अभिषेक हल्दी मिश्रित जल से करें, अगर आपकी कुंडली में बुध की स्थिति खराब है तो शिव पार्वती की पूजा करें पूजन के बाद 7 कन्याओं को भोजन कराएं एवं जल और तुलसी पत्र चढ़ाएं, कुंडली में शुक्र को मजबूत करने के लिए दूध-दही से अभिषेक करें, कुंडली में शनि ग्रह पीड़ित है तो सरसों के तेल से अभिषेक करें, राहु ग्रह को मजबूत करने के लिए जल में 7 दाना जौं मिलाकर अभिषेक करें।

### केतु को मजबूत करने के लिए जल में शहद मिलाएं

भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि केतु ग्रह को मजबूत करने के लिए जल में शहद मिलाकर शिवलिंग का अभिषेक करें। कुंडली में चंद्रमा को मजबूत करने के लिए कच्चे दूध से अभिषेक करें। गुरु ग्रह को मजबूत करने के लिए अपने माथे पर और नाभि पर केसर का तिलक लगाएं। केसर मिश्रित जल चढ़ाएं शिवलिंग में सबसे ज्यादा एनर्जी पाई जाती है। इसके साथ 108 बार ओम नम: शिवाय का जाप करें।

**मेष : बेलपत्र अर्पित करें।**

**वृष : दूध मिश्रित जल चढ़ाएं।**

**मिथुन : दही मिश्रित जल चढ़ाएं।**

**कर्क : चंदन का इत्र अर्पित करें।**

**सिंह : घी का दीपक जलाएं।**

**कन्या : काला तिल और जल मिलाकर अभिषेक करें।**

**तुला: जल में सफेद चंदन मिलाएं।**

**वृश्चिक : जल और बेलपत्र चढ़ाए।**

**धनु : अबीर या गुलाल चढ़ाएं।**

**मकर : भांग और धतूरा चढ़ाएं।**

**कुंभ : पुष्प चढ़ाएं।**

**मीन : गन्ने के रस और केसर से अभिषेक करें।**

### शिव पूजा का महत्व-

भगवान शिव की पूजा करते समय बिल्वपत्र, शहद, दूध, दही, शक्कर और गंगाजल से अभिषेक करना चाहिए। ऐसा करने से व्यक्ति की सभी समस्याएं दूर होकर उसकी इच्छाएं पूरी होती हैं।

### शिवरात्रि का पौराणिक महत्व-

भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि पौराणिक मान्यता के अनुसार इसी पावन रात्रि को भगवान शिव ने संरक्षण और विनाश का सृजन किया था। मान्यता यह भी है कि इसी पावन दिन भगवान शिव और देवी पार्वती का शुभ विवाह संपन्न हुआ था।

### महाशिवरात्रि पूजा विधि

भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि शिवपुराण के अनुसार व्रती को प्रात: काल उठकर स्नान संध्या कर्म से निवृत्त होने पर मस्तक पर भस्म का तिलक और गले में रुद्राक्षमाला धारण कर शिवालय में जाकर शिवलिंग का विधिपूर्वक पूजन एवं शिव को नमस्कार करना चाहिए। तत्पश्चात उसे श्रद्धापूर्वक व्रत का इस प्रकार संकल्प करना चाहिए।

### हल्दी का टीका

शिवरात्री पर भगत मंदिर में हल्दी के जरिए भगवान शिव को टीका लगाते हैं। वैसे भी लगभग हर धार्मिक कार्य में हल्दी का प्रयोग किया जाता है। लेकिन भगवान शिव को हल्दी अर्पित नहीं की जाती। इसका कारण है कि कि ऐसा हल्दी एक स्त्री सौंदर्य प्रसाधन में प्रयोग की जाते वाली वस्त है और शास्त्रों के अनुसार शिवलिंग पुरुषत्व का प्रतीक है।

### लाल रंग के फूल

भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि आपने देखा होगा कि शिवरात्रि पर मंदिरों के बाहर खूब फूल बिकते हैं। पर क्या आप ध्यान दिया कि इन फूलों में लाल रंग के फूल नहीं होते. ज्यादातर गेंदा ही नजर आता है. ऐसा इसलिए कि शिवजी को लाल रंग के फूल नहीं चढ़ाते। कहते हैं कि सफेद रंग के फूल चढ़ाने से भगवान शिव को जल्दी प्रसन्न होते हैं।

### सिंदूर या कुमकुम

महिलाएं सिंदूर या कुमकुम अपने पति की लंबी उम्र के लिए लगाती हैं। कहते हैं भगवान शिव विध्वंसक के रूप में जाने गए हैं इसलिए शिवलिंग पर सिंदूर या कुमकुम नहीं चढ़ाना चाहिए। इसकी बजाए आप चंदन का इसतेमाल कर सकते हैं.

### तांबे का लोटा

भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि शिवजी पर इस बार जब आप जल चढ़ाने जाएं तो केवल तांबे या पीतल के लोटे का ही इस्तेमाल करें, स्टील या लोहे के लोटे का नहीं।

### शंख बजाना शुभ

भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि हिंदू धर्म में शंख को बहुत पवित्र माना गया है हर पूजा-पाठ के काम में इसे बजाना और इसके जरिए लोगों को जल देना काफी शुभ माना जाता है। लेकिन कहते हैं कि शिवलिंग पर शंख से जल नहीं चढ़ाना चाहिए। ऐसा करना वर्जित माना गया है।

# आज महाशिवरात्रि

आज महाशिवरात्रि है। शिवपुराण के मुताबिक, ब्रह्मा और विष्णु का विवाद शांत करवाने के लिए शिव शिवलिंग के रूप में प्रकट हुए थे। जिस दिन ये घटना हुई थी, उस दिन फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी तिथि थी, इसी वजह से महाशिवरात्रि मनाई जाती है। इस पर्व पर शिव मंदिरों में विशेष पूजा की जाती है, व्रत किया जाता है। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार हर साल फाल्गुन मास में कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाता है। फाल्गुन महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाई जाने वाली शिवरात्रि इस बार दो शुभ योगों में 15 फरवरी को सर्वार्थ सिद्धि योग में त्रियोदशी युक्त चतुर्दशी में मनाई जाएगी। महाशिवरात्रि के दिन शिवजी के भक्त श्रद्धा और विश्वास के साथ व्रत रखते हैं और विधि-विधान से शिव-गौरी की पूजा करते हैं। ऐसा कहा जाता है कि महाशिवरात्रि के दिन भगवान भोलेनाथ पृथ्वी पर मौजूद सभी शिवलिंग में विराजमान होते हैं, इसलिए महाशिवरात्रि के दिन की गई शिव की उपासना से कई गुना अधिक फल प्राप्त होता है।

14 फरवरी को शाम 4.02 बजे त्रियोदशी शुरू हो गई। 15 फरवरी को शाम 5.05 बजे तक त्रियोदशी है। 15 फरवरी को शाम 5.06 बजे चतुर्दशी शुरू होगी, जो 16 फरवरी को शाम 5.35 बजे तक है। इस कारण इस बार 15 फरवरी को त्रियोदशी युक्त चतुर्दशी में महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा। इस दिन सुबह 7.08 से शाम 7.48 बजे तक सर्वार्थ सिद्धि योग भी बन रहा है। इस दिन विधि विधान के साथ शिव लिंग की पूजा करनी चाहिए। शुभ संयोग और शुभ मुहूर्त में भगवान शिव की आराधना करने से उनके भक्तों को मनोवांछित फलों की प्राप्ति होगी। इस दिन सुबह से ही मंदिरों में शिव भक्तों की भीड़ जमा हो जाती है। सभी भक्त प्रभु की पूजा-अर्चना में जुट जाते हैं। कई लोग इस दिन अपने-अपने घरों में रुद्राभिषेक भी करवाते हैं। भगवान भोलेनाथ की कई प्रकार से पूजा अर्चना की जाती है। लेकिन महाशिवरात्रि पर यदि भक्त बेलपत्र से भगवान शिव की विशेष पूजा करें तो उनके धन संबंधी दिक्कतें दूर हो जाएंगी। जो लोग शिव मंदिर में पूजा नहीं कर पाते हैं, वे घर में शिवलिंग स्थापित करके पूजा कर सकते हैं। घर में शिवलिंग स्थापना के लिए महाशिवरात्रि बहुत शुभ दिन है। अगर घर में शिवलिंग स्थापित करना चाहते हैं तो शिवलिंग का आकार ज्यादा बड़ा नहीं होना चाहिए। बड़े शिवलिंग मंदिरों के लिए ही शुभ होते हैं। घर के लिए तो छोटा सा शिवलिंग शुभ रहता है। शिव पुराण में बताया गया है कि घर में हाथ के अंगूठे के पहले भाग से बड़ा शिवलिंग नहीं रखना चाहिए। शिवलिंग के साथ ही गणेश जी, देवी पार्वती, कार्तिकेय स्वामी और नंदी की छोटी सी प्रतिमा भी रखनी चाहिए। शिवलिंग सोना, चांदी, पीतल का या मिट्टी-पत्थर का शुभ रहता है। एल्युमीनियम, स्टील या लोहे के शिवलिंग की पूजा करने से बचना चाहिए। पूजा-पाठ के लिए ये धातु शुभ नहीं मानी जाती हैं। इन धातुओं के अलावा स्फटिक और पारद के शिवलिंग भी घर में स्थापित कर सकते हैं। शिव परिवार की पूजा एक साथ करने से पूजा का फल जल्दी मिल सकता है।

सर्वार्थ सिद्धि योग ज्योतिष में एक अत्यंत शुभ योग माना जाता है। जिसका अर्थ है सभी इच्छाओं की पूर्ति करने वाला। यह विशेष वार (दिन) और निश्चित नक्षत्रों के संयोग से बनता है, ऐसी मान्यता है कि कार्य (जैसे व्यापार, वाहन खरीदना, खरीदारी) निश्चित रूप से सफल होता है। यह योग बाधाओं को दूर करता है और मनोवांछित फल देता है।

**महाशिवरात्रि तिथि –** वैदिक पंचांग के अनुसार इस साल फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि रविवार 15 फरवरी को शाम 05:04 मिनट से शुरू होगी। यह चतुर्दशी तिथि 16 फरवरी को शाम 5:34 मिनट तक रहेगी। ऐसे में महाशिवरात्रि रविवार 15 फरवरी को मनाई जाएगी। महाशिवरात्रि के दिन सर्वार्थ सिद्धि योग का शुभ संयोग बन रहा है। उत्तराषाढा और श्रवण नक्षत्र का शुभ संयोग बना रहेगा। व्यतीपात योग बनेगा, जो पूरे दिन रहने वाला है। कुंभ राशि में सूर्य, बुध, राहु और शुक्र का संयोग चतुर्ग्रही योग का निर्माण करेंगे।

**चार प्रहर की पूजा –**महाशिवरात्रि के पर्व काल में धर्म शास्त्रीय मान्यता के अनुसार चार प्रहर की साधना का विशेष महत्व है। प्रत्येक प्रहर में भगवान शिव की उपासना के अलग-अलग प्रकार का वर्णन मिलता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, यथा श्रद्धा, यथा प्रहर, यथा स्थिति और यथा उपचार के अनुसार साधना करनी चाहिए। चार प्रहर की साधना से धन, यश, प्रतिष्ठा और समृद्धि प्राप्त होती है। जिनके जीवन में संतान संबंधी बाधा हो रही हो, उन्हें भी यह साधना अवश्य करनी चाहिए।

### चार प्रहर की पूजा का समय

प्रथम प्रहर पूजा का समय: सायं 06:15 बजे से रात्रि 09:28 बजे तक

द्वितीय प्रहर पूजा का समय: रात्रि 09:29 बजे से मध्यरात्रि 12:41 बजे तक

तृतीय प्रहर पूजा का समय: मध्यरात्रि 12:42 बजे से 16 फरवरी प्रात:03:54 बजे तक

चतुर्थ प्रहर पूजा का समय: 16 फरवरी , प्रात:03:55 बजे से प्रात: 07:07 बजे तक

पूजा में करें महामृत्युंजय मंत्र का जप

महाशिवरात्रि पर शिव पूजा करते समय में अपनी मनोकामना के अनुसार मंत्र जप करना चाहिए। इस मंत्र के जप से अनजाना भय और चिंता दूर होती है। महामृत्युंजय मंत्र की वजह से शिव जी की विशेष कृपा मिलती है, जिससे जीवन में सुख-शांति बनी रहती है।

**महामृत्युंजय मंत्र– ॐ त्र्यम्बकं यजामहे**
**सुगन्धिंपुष्टिवर्धनम् उर्वारुकमिव बन्धनान्**
**मृत्योर्मुक्षीय मामृतात्।**

### इन चीजों से करें भगवान शिव का अभिषेक

महाशिवरात्रि पर्व के दिन भगवान शिव की उपासना के समय शिवलिंग पर शहद से अभिषेक करना शुभ होता है। ऐसा करने से श्रद्धालु के कार्य जीवन में आ रही सभी समस्याएं दूर हो जाती है और भगवान शिव की कृपा बनी रहती है। शिवरात्रि के दिन भगवान शिव का रुद्राभिषेक दही से करने से भी आर्थिक क्षेत्र में आ रही सभी परेशानियां दूर हो जाती है। वहीं गन्ने के रस से भगवान शिव का अभिषेक करने से माता लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं। भगवान शिव का अभिषेक करते समय 108 बार 'ॐ पार्वतीपतये नम:' मंत्र का जाप करना चाहिए। ऐसा करने से जीवन में अकाल संकट नहीं आता है।

**पूजन विधि –**महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव को पंचामृत से स्नान करा कराएं। केसर के 8 लोटे जल चढ़ाएं। पूरी रात्रि का दीपक जलाएं। चंदन का तिलक लगाएं. बेलपत्र, भांग, धतूरा, गन्ने का रस, तुलसी, जायफल, कमल गट्टे, फल, मिष्ठान, मीठा पान, इत्र व दक्षिणा चढ़ाएं। सबसे बाद में केसर युक्त खीर का भोग लगा कर प्रसाद बांटें।

**पौराणिक कथा –** शिवपुराण के मुताबिक एक बार ब्रह्मा-विष्णु के बीच विवाद हो गया। झगड़े की वजह ये थी कि दोनों ही देवता खुद को श्रेष्ठ बता रहे थे। जब दोनों देवता दिव्यास्त्रों से युद्ध शुरू करने वाले थे, ठीक उसी समय भगवान शिव लिंग रूप में इनके सामने प्रकट हो गए। शिव जी ने कहा कि आप दोनों में से जो भी इस लिंग का छोर (अंत) खोज लेगा, वही श्रेष्ठ माना जाएगा। ये बात सुनकर एक छोर की ओर ब्रह्मा जी और दूसरे छोर की ओर विष्णु जी चल दिए। बहुत समय तक ब्रह्मा-विष्णु अपने-अपने छोर की ओर आगे बढ़ते रहे, लेकिन उन्हें लिंग का अंत नहीं मिला। उस समय ब्रह्मा जी खुद को श्रेष्ठ घोषित करने के लिए एक योजना बनाई। ब्रह्मा ने एक केतकी का पौधा लिया और उससे झूठ बोलने के लिए कहा कि वह शिव-विष्णु के सामने बोले कि ब्रह्मा जी ने लिंग का अंत खोज लिया है। ब्रह्मा केतकी के पौधे को लेकर शिव जी के पास पहुंचे, विष्णु जी भी वहां आ गए और उन्होंने कहा कि मैं इस लिंग का अंत नहीं खोज सका। ब्रह्मा ने कहा कि मैंने इस लिंग का अंत खोज लिया है, ये बात आप केतकी के पौधे से भी पूछ सकते हैं। केतकी ने भी भगवान के सामने झूठ बोल दिया। ब्रह्मा जी का झूठ सुनते ही शिव जी क्रोधित हो गए। उन्होंने कहा कि आपने झूठ कहा है, इसलिए आज से आपकी कहीं भी पूजा नहीं होगी और केतकी ने आपके झूठ में साथ दिया, इसलिए इसके फूल मेरी पूजा में वर्जित रहेंगे। इसके बाद विष्णु जी सर्वश्रेष्ठ घोषित हो गए। ये घटना फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी की ही मानी जाती है, इसलिए इस तिथि पर महाशिवरात्रि पर्व मनाने की परंपरा है।



डॉ. अनीष व्यास
भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक
पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान,जयपुर-जोधपुर
मो.9460872809

## क्या आप जानते हो

### भारतीय मूल के वैज्ञानिक ने बनाया सबसे तेज कैमरा



**मोतियाबिंद** पकड़ने के लिए आसान उपकरण बनाने वाले भारतीय मूल के वैज्ञानिक ने दुनिया का सबसे तेज कैमरा बनाया। रमेश रासकर ने ऐसा कैमरा बनाया है जो बढ़ते प्रकाश की गति को तस्वीर में कैद कर रहा है। इसे बड़ी खोज कहा जा रहा है।

70 साल पहले एमआईटी के इलेक्ट्रिक इंजीनियर हैरॉल्ड एडगेर्टन ने खास किस्म की लाइट का इस्तेमाल कर दुनिया को चौंका दिया था। उन्होंने सेब पर टकराती गोली की साफ तस्वीर खींच ली। बूंद के टपकते ही उठने वाले कई छींटों को उन्होंने कैमरे में कैद कर लिया। एडगेर्टन की इस खोज ने विज्ञान को एक नई दिशा दी। पता चला कि तेज रफ्तार चीजें कैसा व्यवहार करती है। उनके टकराने से आस पास मौजूद चीजों पर क्या प्रभाव पड़ता है।

अब भारत में पैदा हुए एमआईटी के वैज्ञानिक डॉक्टर रमेश रासकर, एडगेर्टन की खोज से भी आगे जा रहे हैं। वह बता रहे हैं कि कैसे आगे बढ़ते प्रकाश को भी तस्वीर में कैद किया जा सकता है। तकनीक को अल्ट्राफास्ट इमेजिंग सिस्टम नाम दिया गया है। यह सिस्टम एक सेकेंड के 1000अरब वें हिस्से को कैद कर सकता है।

**बड़ी उपलब्धि :** विज्ञान के लिए यह बड़ी उपलब्धि है। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि अल्ट्राफास्ट इमेजिंग सिस्टम के जरिए वे प्रकाश के असर का बारीकी से पता लगा सकेंगे। प्रकाश में कई तत्व होते हैं। नई तकनीक बताएगी कि प्रकाश के यह तत्व ठोस, द्रव और गैस से टकराने पर कैसा असर डालते हैं।

प्रयोगशाला में वैज्ञानिकों ने लाइट जलाई और अल्ट्राफास्ट इमेजिंग सिस्टम की मदद से कई तस्वीरें बनाई। लाइट बुझाने पर वैज्ञानिकों ने प्रकाश के लौटने की प्रक्रिया और उसका रास्ता भी देखा। तकनीक ईजाद करने वाले डॉक्टर रमेश रासकर मीडिया आर्ट्स एंड साइंस लैब में सहायक प्रोफेसर हैं।

वह कहते हैं, 'जब मैंने यह कहा कि मैं एक कैमरा बनाना चाहता हूं जो आस पास के कोनों के देखे तो मेरे साथियों ने कहा कि अपने कांट्रैक्ट की खातिर कुछ सुरक्षित प्रयोग करो। अब मेरे पास कांट्रैक्ट है और मैं कह सकता हूं कि यह फितूर नहीं है।'

डॉक्टर रमेश और उनकी टीम ने लैब के एक अति संवेदनशील उपकरण 'स्ट्रीक ट्यूब' में कुछ बदलाव किए। इस तरह बना नया उपकरण प्रकाश की चाल को कैद कर सकता है और उसका पीछा भी कर सकता है। स्ट्रीक ट्यूब को नाभिकीय तत्वों की गति को स्कैन करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

**सबको फायदा :** टीम ने एक बोतल में धुंआ भरा और फिर उसमें लेजर लाइट डाली। अल्ट्राफास्ट इमेजिंग की मदद से वैज्ञानिकों को पता चला कि लेजर बीम किस तरह धुएं को चीरती हुई बोतल में घुसती है। यह सब एक सेकेंड के 1000अरब वें हिस्से में हुआ। वैज्ञानिक इस प्रयोग को एक बड़ी सफलता मान रहे हैं। उम्मीद है कि इसकी मदद से प्रकाश के अनसुलझे राज सुलझाए जा सकेंगे। भौतिक, रसायन और जीव विज्ञान सभी को इससे फायदा होगा। यह पहला मामला नहीं है जब डॉक्टर रमेश रासकर ने बड़ा प्रयोग किया है। जुलाई में डॉक्टर रासकर ने एक ऐसा सस्ता और आसान उपकरण बनाया जो आसानी से मोतियाबिंद की पहचान कर सकता है। उपकरण को आईफोन या किसी भी उपकरण में लगाकर कर आंख के सामने लाना है। कुछ ही मिनटों में उपकरण मोतियाबिंद को पकड़ लेगा।

### अंटार्कटिका पर था डायनासोर का राज

**पृथ्वी** के दक्षिणी गोलार्ध पर स्थित अंटार्कटिका महाद्वीप को लंबे समय से बंजर माना जाता रहा है लेकिन अर्जेंटिना के वैज्ञानिकों का दावा है कि यह महाद्वीप हमेशा ही बर्फकी मोटी चादर के नीचे दफ्न और बंजर नहीं था और किसी समय में पेड़-पौधों से भरपूर इस महाद्वीप पर शाकाहारी डायनोसोरों का राज रहा होगा। द साईंस ऑफनेचर पत्रिका के ताजा अंक में प्रकाशित हुए अर्जेंटिना की राष्ट्रीय वैज्ञानिक एवं तकनीकि शोध परिषद के डॉ. इग्नासियो अलेक्सान्द्रो सेर्दा के शोध में इस बात का खुलासा किया गया है।

डॉक्टर सेर्दा ने बताया है कि सौरापोडा कहलाने वाले ये शाकाहारी डायनोसोरों का उद्भव क्रेटेशियस काल में हुआ था और जल्द ही ये दुनिया के तमाम महाद्वीपों में फैल गए थे। यह पहली बार है जब अंटार्कटिका से सौरापोडा के अवशेष बरामद किए गए हों। डॉक्टर सेर्दा के शोधपत्र में बताया गया है कि ध्यान से अध्ययन करने पर पता चला कि सौरापोडा श्रेणी के ये डायनोसोर टाईटेनोसोरस नामक एक काफी विकसित डायनोसोर प्रजाति के सदस्य थे। इन्हें डायनोसोरों का आखिरी वंशज भी करार दिया जा सकता है क्योंकि लगभग 6.5 करोड़ वर्ष पहले एक बड़े उल्कापात में डायनोसोरों का खात्मा होने के समय ये मौजूद थे।

# पृथ्वी का स्वर्ग हांग चओ शहर

**चीन** एक बहुत प्राचीन देश है और बहुत से शहर हजारों वर्षों के विकास के चलते अपनी विशेष पहचान बना चुके हैं । प्राचीन शहर हांग चओ उन में से एक माना जाता है । इसी शहर के दौरे से आप को गाढे प्राचीन चीनी सांस्कृतिक वातावरण का आभास अवश्य ही महसूस हो सकता है ।

हांग चओ शहर दक्षिण पूर्वी चीन के समुद्रतट पर स्थित है , उस का इतिहास आज से कोई दो हजार दो सौ वर्ष पुराना है । चीन में यह कहावत आज तक भी लोगों के जुबान पर है कि आकाश पर स्वर्ग है , जबकि पृथ्वी पर हांग चओ शहर मौजूद है , मतलब है कि हांग चओ शहर चीनी लोगों के दिलों में एक कितना सुंदर शहर है । पर आज के इस कार्यक्रम में हम आप के साथ इस पूरे शहर के दौरे के बजाये सिर्फ एक पुरानी सड़क हो फांग देखने जा रहे हैं । हो फांग सड़क हांग चओ शहर के प्रसिद्ध पर्वत ऊ शान की तलहटी में खडी हुई है और वह हांग चओ शहर की ऐतिहासिक व सांस्कृतिक सूरत की अभिव्यक्ति करने वाली सड़कों में से भी है ।





हो फांग सड़क की लम्बाई 460 मीटर है और चौड़ाई 12 मीटर । यह शहर आज से कोई 880 साल पहले के दक्षिण सुंग राजवंश की राजधानी था और हो फांग सड़क तत्कालीन सांस्कृतिक व व्यापारिक केंद्र रहा था । अत: आज भी इस हो फांग सड़क के दोनों किनारों पर प्राचीन वास्तु शैलियों से संपन्न निर्माण शान से दिखाई देते हैं , और तो और काष्ठ से बनवाये गये मकान बहुत सुसंगठित रूप से खड़े हुए हैं । सड़क के दोनों किनारों पर डिपार्टमेंट स्टोर और दवा दारू दुकानें केंद्रित रूप से नजर आती हैं , इस के अतिरिक्त लोक कलाकार तत्स्थल पर अपनी कुशलता दिखाते हैं । हो फांग मोहल्ला प्रबंधन कमेटी में कार्यरत सुश्री शान श्येन फिंग ने इस सड़क का परिचय देते हुए कहा

हमारी मोहल्ला प्रबंधन कमेटी भिन्न भिन्न मौसम के मुताबिक विशेष मनोरंजक गतिविधियां चलाती है । समलन वसंतोत्सव के उपलक्ष में मंदिरों में मेला आयोजित होने की परम्परा बनी हुई है , आम तौर पर वसंतोत्व के प्रथम दिन से 15वें दिन तक के दौरान बराबर नाना प्रकार वाली गतिविधियां होती रही हैं । ऐसे मौके पर परम्परागत संस्कृतियां और विशेष रीति रिवाज देखने को मिलते हैं । पर्यटक सकड़ पर घुमते हुए रंगीन पुराने सांस्कृतिक वातारण में रंगे भी हो जाते हैं ।

हो फांग मोहल्ले में कुछ चाय घर अपनी विशेष पहचान बना लेते हैं , ऐसे चाय घरों में कार्यरत सेवक पुराने जमाने के लम्बे पोशाक पहनकर लम्बे मुंह वाले कांस्य केटली लिये ग्रहकों की सेवा करने में क्रियाशील दिखाई देते हैं । जबकि कपड़ों से सुसज्जित चाय घरों के मालिक तत्स्थल पर ग्राहकों के लिये लकड़ी चरखे से कातते हुए नजर आते है । इतना ही नहीं , मीठाई बेचने वाले भी पुराने जमाने के लम्बे कपड़े पहनकर सड़क पर चिल्लाते हुए भी ग्राहकों को मोह लेते हैं ।

# पोताला महल के तलहटी में स्थित प्राचीन बर्फिला शहर



**तिब्बती** भाषा में बर्फका अर्थ है नीचला स्थान , पर यहां पर विशेष तौर पर पहाड़ी गढ़ के ठीक नीचे खड़े गांव को कहा जाता है । बर्फीला शहर पोताला महल के ठीक नीचे स्थित भवन निर्माण समूह ही है । जबकि बर्फीला शहर पोताला महल के पूरे भवन निर्माण समूह का एक संगठित भाग ही है , अत: उस का इतिहास पोताला महल जितना बराबर पुराना है ।

बर्फीले शहर का क्षेत्रफ्ल करीब 50 हजार वर्गमीटर विशाल है , उस के प्रमुख भवनों में पुराने तिब्बत की स्थानीय सरकारी दफ्तर इमारत , लामाओं और कुलीनों के निवास स्थान , नीचले स्तर वाले कर्मचारियों , मजदूरों व नौकरों के मकान और कुछ सेवा संस्थापन व सहायक निर्माण शामिल हैं । तिब्बत स्वायत्त प्रदेश के सांस्कृतिक अवशेष ब्यूरो के उप प्रधान तान चंग लांग चेह ने इस का परिचय देते हुए कहा बर्फीला शहर विश्व सांस्कृतिक विरासतों में से एक पोताला महल का एक संगठित भाग ही है , इस में अत्यंत समृद्ध वास्तु निर्माण कला व सांस्कृतिक महत्व गर्भित है , साथ ही वह मेहनतकश जनता द्वारा इतिहास का सृजन किये जाने की सजीव अभिव्यक्ति ही नहीं , वह पुराने तिब्बती समाज , अर्थतंत्र व संस्कृति को पहचानने का महत्वपूर्ण ठोस नमूना और पुराने तिब्बत की सामंती भूदास व्यवस्था का प्रतिबिंब करने वाला एक झरोखा भी है । इधर सालों में संबंधित विभागों ने लगभग सात करोड़ चीनी य्वान जुटाकर बर्फीले शहर के 22 प्राचीन भवनों का संरक्षण किया या उन की मरम्मत की , साथ ही पोताला महस बर्फीले शहर की संरक्षण व प्रयोग रुपरेखा तैयार किया और जनसमुदाय के बीच हजार से अधिक प्राचीन सांस्कृतिक अवशेष और नाना प्रकार के तीन सौ तीस से अधिक मूल्यवान चित्र खरीद लिये हैं ।

रिपोर्ट के अनुसार बर्फीले शहर की प्रथम चरण की परियोजना पूरी होने के बाद बर्फीले शहर में पुराने तिब्बत की स्थानीय सरकारी संस्थाएं , जेल , कारावास और मौत की सजा देने के स्थल , कुछ उच्च स्तरीय अधिकारियों और कुलीनों समेत 11 प्राचीन भवन निर्माण पर्यटकों के लिये खुल गये हैं , जिस से बड़ी तादाद में देशी विदेशी पर्यटकों को मोह लिया जाता है । पोताला महल के बर्फीले शहर की अधिकारी सुश्री यांगचिनचोका ने इस का उल्लेख

करते हुए कहा हम ने क्रमश: पोताला महल के बेमिसाल दुर्लभ वस्तु भवन , पश्चिम भारतीय सूत्र भवन और अनाज गोदाम जैसे तीन प्राचीन निर्माणों को पर्यटकों के लिये खोल दिया है । इसी बीच उक्त प्राचीन सांस्कृतिक अवशेषों का सहायत काम भी पूरा कर लिया है । नवनिर्मित बर्फीला शहर प्रदर्शन क्षेत्र उक्त प्राचीन भवनों के मूल रूपों को हू ब हू पुनर्निर्मित करने के सिद्धांत के अनुसार ऐतिहासिक सूरत को बनाये रखने के साथ साथ निखार में आया है , प्रदर्शनी भवनों व हालों में प्रदर्शित वस्तुओं व चित्रों ने तिब्बत में जमीन आस्मान का बड़ा परिवर्तन दर्शाया है । अभी तक हम ने विभिन्न क्षेत्रों से आये करीब एक लाख पर्यटकों का सत्कार किया है ।

*अगर आप कुशल और बुद्धिमान हैं तो यहां दिए गए चित्रों को देखिए और लड़की को स्पोर्ट्स कार तक पहुंचने में मदद कीजिए।*



## अंतर बताओ

*प्यारे बच्चों अगर आप बुद्धिमान हैं तो यहां दिए गए दोनों चित्रों में से कम से कम छह अंतर ढूंढ निकालो।*



## बोध कथा

### सबसे बड़ा मूर्ख



एक राजा ने अपने मंत्री को सोने का एक डंडा देकर कहा, 'जो व्यक्ति तुम्हें मूर्ख दिखाई दे, उसे यह थमा देना।' मंत्री डंडा लेकर चल पड़ा। बहुत तलाश के बाद उसे एक भोला-भाला व्यक्ति दिखाई पड़ा, जिसे मूर्ख समझकर मंत्री ने वह डंडा पकड़ा दिया। मंत्री ने उससे कहा, 'यदि तुम्हें कोई अपने से ज्यादा मूर्ख मिले, तो उसे यह डंडा दे देना।' वह व्यक्ति भी अपने से ज्यादा मूर्ख की तलाश में स्थान-स्थान पर घूमता रहा पर उसे ऐसा कोई व्यक्ति न मिला। इस प्रकार भटकते हुए वह राजदरबार में पहुंचा। उसने सोचा कि राजा का दर्शन किया जाए। उसे इसकी अनुमति मिल गई। जब वह राजा के पास पहुंचा तो उसने देखा कि राजा बीमार पड़े हैं। राजा ने उससे कहा, 'मेरा अंत समय आ गया है। अब मैं इस संसार को छोड़कर जा रहा हूं।' उस व्यक्ति ने पूछा, 'फिर आपकी सेना, हाथी-घोड़े, महल आदि का क्या होगा?'

राजा ने कहा, 'ये सब यहीं रहेंगे और क्या।' इस पर उस व्यक्ति ने कहा, 'उस धन-दौलत का क्या होगा, जिसे आपने बड़ी मेहनत से अनेक युद्धों में हासिल किया है?' राजा ने कहा, 'वे सब भी यहीं रहेंगे।' यह सुनकर उस व्यक्ति ने सोने का वह डंडा राजा की ओर बढ़ाते हुए कहा, 'संभालिए इसे। मुझसे कहा गया था कि इसे मैं उस व्यक्ति को सौंपूं जो मुझे स्वयं से ज्यादा मूर्ख दिखाई दे। आप इसके योग्य पात्र हैं। जब आपको पता था कि आपके साथ कोई भी चीज नहीं जाएगी तो आपने उन्हें हासिल करने के लिए अपना पूरा जीवन क्यों लगा दिया? इसके कारण कई लोगों की जानें तक आपने ले लीं। क्या मिला आपको यह सब हासिल करके? मेरे विचार से इससे बड़ी मूर्खता दुनिया में कोई और नहीं हो सकती। इसलिए ये डंडा आप रखेंगे।' राजा अपने डंडे को देखकर हैरत में पड़ गया। उसने मन ही मन सोचा कि वह वास्तव में सबसे बड़ा मूर्ख है।

## जिज्ञासा

### कीड़े बताएंगे दूसरे ग्रह इंसान के काबिल है या नहीं



**मंगल** या फिर दूसरे ग्रह पर इंसानी बस्तियां बसाने की परिस्थिति का पता लगाने के लिए ऐसे छोटे जीव बड़ी भूमिका निभा सकते हैं जो जैविक रूप से मानव जैसे है। ब्रिटेन के कुछ वैज्ञानिकों का तो यही मानना है। नॉटिंघम यूनिवर्सिटी के नाथानियल स्जेव्क्जिक के नेतृत्व में वैज्ञानिक 4,000 कीड़ों को डिस्कवरी यान में बिठाकर अंतरिक्ष में भेज चुके हैं। इन कीड़ों को कायनोरहैबिट्स एलेगन्स या सी एलेगन्स कहते हैं। इसके बाद इन कीड़ों पर क्या बीती इसका अध्ययन किया जा रहा है। मशहूर वैज्ञानिक स्टीफन हॉकिंग्स समेत कई जानकारों का मानना है कि चरम स्थिति में मानवता का अस्तित्व इस बात पर निर्भर करेगा कि दूसरे ग्रहों पर इंसान की बस्तियों का बनना संभव है या नहीं।

स्जेव्क्जिक ने इस रिसर्च के बारे में दिए एक बयान में कहा है, 'हालांकि यह विज्ञान से जुड़ी कल्पना की तरह लगता है, लेकिन यह सच है कि अगर इंसान लुप्त होने के प्राकृतिक चक्र से बचना चाहता है तो उसे दूसरे ग्रहों पर जिंदा रहने के तरीके ढूंढने होंगे।' वैसे एक सच्चाई यह भी है कि लंबे समय तक अंतरिक्ष में रहने की स्थिति में कुछ चुनौतियां भी हैं। इनमें हड्डियों की ताकत का लगातार खत्म होना और उच्च विकिरण के संपर्क में आना शामिल है।

रॉयल सोसायटी के जर्नल इंटरफेस में छपी रिपोर्ट में स्जेव्क्जिक की टीम ने बताया है कि अंतरिक्ष में ये कीड़े अंडे से निकल कर विकास करते गए और व्यस्क कीड़े बन गए। इसके बाद इन्होंने पृथ्वी के जैसे ही वहां प्रजनन भी किया। इस तरह से दूर अंतरिक्ष में मानव जीवन पर पड़ने वाले असर के अध्ययन के लिए एक आसान और सस्ता तरीका मिल गया। वैज्ञानिकों ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के छह महीने की यात्रा के पहले तीन महीनों में सी एलेगन्स की 12 पीढ़ियों पर पड़ने वाले असर का सफल अध्ययन किया।

स्जेव्क्जिक ने बताया, 'हालांकि यह हैरान करने वाली बात है, लेकिन मानव और इन कीड़ों की अंतरिक्ष यात्रा के दौरान हुए जैविक बदलाव एक ही तरह के थे। हम यह दिखा सकते हैं कि कीड़े अंतरिक्ष दूसरे ग्रह तक जाने के लिए पर्याप्त विकास और प्रजनन कर सकते हैं और हम दूर रह कर भी उनकी सेहत पर निगरानी रख सकते हैं।'

सी एलेगन्स पहला बहुकोशिकीय जीव है जिसकी जेनेटिक संरचना का पूरी तरह से नक्शा बनाया गया और इसके 20 हजार जीनों में कई ऐसे हैं जो मानव जीन की तरह काम करते हैं। इनमें से 2,000 जीन ऐसे हैं जो मांसपेशियों की गतिविधि को नियंत्रित करते हैं और इनमें से 50 से 60 फीसदी ऐसे हैं जिनका इंसानी संस्करण होता है। सी एलेगन्स लंबे समय से वैज्ञानिकों को इंसान की जैविक संरचना समझने में मदद करता रहा है। अब स्जेव्क्जिक जैसे वैज्ञानिकों को यह लग रहा है कि यही जीव मंगल और दूसरे ग्रह पर इंसान की अनुकूलता के बारे में जानकारी जुटाने में भी मददगार होगा। स्जेव्क्जिक की टीम कई और देशों के वैज्ञानिकों के साथ काम कर रही है। इनमें अमेरिका की पिट्सबर्ग यूनिवर्सिटी और कोलोराडो यूनिवर्सिटी, कनाडा की फ्रेजर यूनिवर्सिटी भी शामिल है। ये लोग सी एलेगन्स का एक सघन और स्वचालित उन्नति तंत्र बनाना चाहते हैं जिसके जरिए दूर रह कर भी पर्यावरण में मौजूद विषैले तत्वों और विकिरण के असर को महसूस किया जा सके। स्जेव्क्जिक का कहना है, 'मंगल ग्रह पर भेजे गए मिशनों की असफलता को देखते हुए इन कीड़ों का इस्तेमाल हमें मानव मिशनों से पहले सुरक्षित तरीके से कम खर्च में स्पेसक्राफ्ट तंत्र को परखने में मदद करेगा।'

### मिर्ची क्यों है इतनी तीखी ?



**वैज्ञानिकों** का दावा है कि उन्होंने इस पहेली का हल ढूंढ़ निकाला है कि कुछ मिर्च बहुत तीखी क्यों होती हैं और कुछ कम तीखी? जीव विज्ञान संबंधी पत्रिका 'बॉयलाजिकल साइंसेज' के अनुसार इसका मुख्य कारण मिर्च के पौधे का जल के संपर्क में आने से है। वैज्ञानिकों का मानना है कि इसके कसैलेपन के पीछे 'कैपसाईपिनोइड' पदार्थ है जो मिर्च को फफूंद से बचाता है।

इंडियाना यूनिवर्सिटी के डेविड हाक के नेतृत्व में शोध करने वाले दल ने बोलिविया जाकर मिर्च के पौधे में 'कैपसाईपिनोइड' तत्व की जांच की।

उन्होंने पाया कि उत्तरी क्षेत्र में मात्र 15 से 20 प्रतिशत मिर्च में ही यह तीखा पदार्थ मौजूद था। वहीं दूसरी ओर दक्षिणी हिस्से में स्थिति अलग थी। इस इलाके में करीब 100 प्रतिशत मिर्च के पौधों में इस तीखे पदार्थ के होने से मिर्च बहुत तीखी और कसैली थी। निष्कर्ष निकाला गया कि मिर्च का तीखापन फफूंद से बचने के लिए इस तत्व के विकास से पनपता है।

## आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

अपने सामाजिक जीवन को दरकिनार न करें। अपनी व्यस्त दिनचर्या में से थोड़ा–सा समय निकालकर अपने परिवार के साथ किसी आयोजन में शिरकत करें। यह न सिर्फ़ आपका दबाव कम करेगा, बल्कि आपकी झिझक भी मिटा देगा। मुमकिन है कि आपके आँसुओं को पोंछने के लिए कोई ख़ास दोस्त आगे आए। अगर आपको लगता है कि आप दूसरों की मदद के बिना महत्वपूर्ण कामों को कर सकते हैं, तो आपकी सोच काफ़ी ग़लत है। हवन पूजा आदि का आयोजन घर मे होगा।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

आप मानें या न मानें, आपके आस–पास को बड़े ग़ौर से आपको देख रहा है और आपको एक आदर्श मानता है। इसलिए ऐसे काम करें, जो क़ाबि–ले–तारीफ़ हों और आपकी प्रतिष्ठा को बढ़ाएँ। अपने प्रेम–प्रसंग के बारे में इधर–उधर ज़्यादा बातें न करें। काम में आपकी दक्षता की आज परीक्षा होगी। इच्छित परिणाम देने के लिए आपको अपनी कोशिशों पर एकाग्रता बनाए रखने की ज़रूरत है। आज लोग आपकी वह प्रशंसा करेंगे, जिसे आप हमेशा से सुनना चाहते थे। अगर आप जीवनसाथी के अलावा किसी और को अपने ऊपर असर डालने का मौक़ा दे रहे हैं, तो जीवनसाथी की ओर से आपको नकारात्मक प्रतिक्रिया मिलना संभव है।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ड़,छ,के,को,ह**

दोस्तों की मदद से वित्तीय कठिनाईयाँ हल हो जाएंगी। अपने घर के वातावरण में कुछ बदलाव करने से पहले आपको सभी की राय जानने की कोशिश करनी चाहिए। नये रोमांस की संभावना प्रबल है, कार्यक्षेत्र में आज आप अपने काम में प्रगति देखेंगे। दिन अच्छा है दूसरों के साथ–साथ आप अपने लिए भी वक्त निकाल पाएंगे। अपने जीवनसाथी के साथ आप प्यार भरे पुराने दिन एक बार फिर जी पाएंगे।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

अगर आप छात्र हैं और विदेशों में जाकर पढ़ाई करना चाहते हैं तो घर की आर्थिक तंगी आज आपके माथे पर शिकन ला सकती है। अपने परिवार के साथ रुखा व्यवहार न करें। यह पारिवारिक शान्ति को भंग कर सकता है। ख़ुशी के लिए नए संबंध की प्रतीक्षा करें। आपके साझीदार आपकी नई योजनाओं और विचारों का समर्थन करें–गे। जो भी आपसे मिले, उसके साथ विनम्र और सुखद व्यवहार करें। बहुत कम लोग ही आपके इस आकर्षण का राज़ जान पाएंगे। आपका जीवनसाथी किसी फ़रिश्ते की तरह आपका बहुत ध्यान रखेगा।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

आज निवेश के जो नए अवसर आपकी ओर आएँ, उनपर विचार करें। लेकिन धन तभी लगाएँ जब आप उन योजनाओं का भली–भांति अध्ययन कर लें। रिश्तेदारों के यहाँ जाना उससे काफ़ी बेहतर रहेगा, जितना आप सोच सकते हैं। आपका संगी आपका भला सोचता है इसलिए कई बार आप पर गुस्सा भी कर बैठता है, उनके गुस्से पर नाराज होने से बेहतर यह होगा कि आप उनकी बातों को समझें। व्यावसायिक साझीदार सहयोग करेंगे और आप साथ मिलकर टलते आ रहे कामों को पूरा कर सकते हैं। किसी ख़ूबसूरत याद के कारण आपके और आपके जीवनसाथी के बीच की अनबन रुक सकती है।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

अध्यात्म की सहायता लेने का सही समय है, क्योंकि मानसिक तनाव को मार भगाने के लिए यह सबसे बेहतरीन विकल्प है। ध्यान और योग आपकी मानसिक मज़बूती को बढ़ाने में कारगर रहेंगे। वे निवेश–योजनाएँ जो आपको आकर्षित कर रहीं हैं, उनके बारे में गहराई से जानने की कोशिश करें– कोई भी क़दम उठाने से पहले विशेषज्ञ की सलाह ज़रूर ले लें। संयम और साहस का दामन थामे रखें। ख़ास तौर पर तब जब दूसरे आपका विरोध करें, जिसकी कामकाज के दौरान संभावना है। घर के छोटे सदस्यों को साथ लेकर आज आप किसी पार्क या शॉपिंग मॉल में जा सकते हैं।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

आर्थिक जीवन की स्थिति आज अच्छी नहीं कही जा सकती आज आपको आपको बचत करने में मुश्किलें आ सकती हैं। सैर–सपाटे पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है, जो आपकी ऊर्जा और उत्साह को तरोताज़ा कर देगा। आप अपने मातहतों से नाख़ुश हो सकते हैं, क्योंकि वे उम्मीद के मुताबिक़ काम नहीं कर रहे हैं। इस राशि वालों को आज के दिन अपने लिए समय निकालने की शख्त जरुरत है अगर आप ऐसा नहीं करते तो आपको मानसिक परेशानियां हो सकती हैं। आप और आपका जीवनसाथी मिलकर वैवाहिक जीवन की बेहतरीन यादें रचेंगें।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

मौज–मस्ती और मनपसंद काम करने का दिन है। समय और धन की कद्र आपको करनी चाहिए नहीं तो आने वाला वक्त परेशानियों भरा रह सकता है। अगर आप अपने साथी के नज़रिए को नज़रअंदाज़ करेंगे, तो वह अपना आपा खो सकता/सकती है। जो आपकी सफलता के आड़े आ रहे थे, वे आपकी आँखों के सामने ही नीचे को खिसकेंगे। इस राशि के जातक आज के दिन अपने भाई–बहनों के साथ घर पर कोई मूवी या मैच देख सकते हैं। ऐसा करके आप लोगों के बीच प्यार में इजाफा होगा। लेकिन जीवनसाथी की ओर से इससे निबटने में काफ़ी मदद मिलेगी।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

यात्रा आपको थकान और तनाव देगी– लेकिन आर्थिक तौर पर फ़ायदेमंद साबित होगी। नवजात शिशु की ख़राब तबियत परेशानी का सबब बन सकती है। इस ओर तुरंत ध्यान देने की ज़रूरत है। डॉक्टर से भली–भांति सलाह लें, क्योंकि ज़रा–सी लापरवाही बीमारी को बद से बदतर बना सकती है। मतभेद के चलते व्यक्तिगत संबंधों में दरार पड़ सकती है। अपनी विशेषज्ञता का इस्तेमाल पेशेवर मामलों को सहजता से सुलझाने में करें। छात्रों को सलाह दी जाती है कि यारी–दोस्ती के चक्कर में इन कीमती पलों को खराब न करें।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

आपमें आज चुस्ती–फुर्ती देखी जा सकती है। आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा। जिन लोगों ने अपना पैसा सट्टेबाजी में लगा रखा था आज उन्हें नुक्सान होने की संभावना है। सट्टेबाजी से दूर रहने की आपको सलाह दी जाती है। नवयुवकों को स्कूल प्रोजेक्ट की बाबत कुछ राय लेने की ज़रूरत हो सकती है। यह दिन बेहतरीन दिनों में से एक हो सकता है। आज दिन में आप कई अच्छे प्लान भविष्य के लिए बना सकते हैं लेकिन शाम के वक्त किसी दूर के रिश्तेदार के घर में आ जाने के कारण आपके सारे प्लान धरे के धरे रह सकते हैं।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

धन से जुड़ा कोई मसला आज हल हो सकता है और आपको धन लाभ हो सकता है। आपका मज़ाकिया स्वभाव सामाजिक मेल–जोल की जगहों पर आपकी लोकप्रियता में इज़ाफ़ा करेगा। कामकाज में थोड़ी मुश्किल के बाद आपको दिन में कुछ अच्छा देखने को मिल सकता है। आपके द्वारा आज खाली समय में ऐसे काम किये जाएंगे जिनके बारे में आप अक्सर सोचा करते हैं लेकिन उन कामों को कर पाने में समर्थ नहीं हो पाते। शादीशुदा ज़िन्दगी के मोर्चे पर हालात वाक़ई थोड़े मुश्किल रहे हैं, लेकिन अब आप सुधरते हालात महसूस कर सकते हैं।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

अचानक नए स्रोतों से धन मिलेगा, जो आपके दिन को ख़ुशनुमा बना देगा। दूसरों को प्रभावित करने की आपकी क्षमता आपको कई सकारात्मक चीज़ें दिलाएगी। थोड़ी कोशिश और करें। आज भाग्य आपका साथ ज़रूर देगा, क्योंकि यह आपका दिन है। आंतरिक गुण जहाँ आपको संतोष देंगे, वहीं सकारात्मक सोच क़ामयाबी देगी। आपके घर वाले आज आपसे कई परेशानियां शेयर करेंगे लेकिन आप अपनी ही धुन में मस्त रहेंगे और खाली समय में कुछ ऐसा करेंगे जो करना आपको पसंद है।

## आज का पंचांग

दिनांक : 15 फरवरी 2026 , रविवार
विक्रम संवत : 2082
मास : फाल्गुन , कृष्ण पक्ष
तिथि : त्रयोदशी सायं 05:07 तक
नक्षत्र : उत्तराषाढा रात्रि 07:49 तक
योग : व्यतिपात रात्रि 02:46 तक
करण : वणिज सायं 05:07 तक
चन्द्रराशि : मकर
सूर्योदय : 06:42, सूर्यास्त 06:17 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:42, सूर्यास्त 06:25 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 06:35, सूर्यास्त 06:17 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 06:33, सूर्यास्त 06:10 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**

चल : 07:30 से 09:00
लाभ : 09:00 से 10:30
अमृत : 10:30 से 12:00
शुभ : 01:30 से 03:00
राहुकाल : सायं 04:30 से 06:00
दिशाशूल : पश्चिम दिशा
उपाय : गुड खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : महाशिवरात्रि व्रत ,
भद्रा सायं 05:07 से रात्रि 05:24 तक

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *

पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

# झोपड़ी में चल रही एमडी ड्रग्स की फैक्ट्री का भंडाफोड़, 1.60 करोड़ का माल बरामद




**प्रतापगढ़, 14 फरवरी (एजेंसियां)।** प्रतापगढ़ जिला पुलिस ने नशे के सौदागरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत मौत का सामान बनाने वाली एक मिनी फैक्ट्री को ध्वस्त किया है। पुलिस ने खेत में बनी एक झोपड़ी से भारी मात्रा में अवैध एमडी (मेफेड्रोन) और हथियार बरामद कर अंतरराज्यीय ड्रग रैकेट का पर्दाफाश किया है। खेत की झोपड़ी में सेटअप: 1.60 करोड़ की ड्रग्स जब्त जिला पुलिस अधीक्षक बी. आदित्य के निर्देशन में हथुनिया थाना पुलिस ने असावता–कुलथाना मार्ग पर एक सुनसान खेत में दबिश दी। यहाँ एक सीमेंट की चद्दरों वाली झोपड़ी में नशीली दवा बनाने का आधुनिक मिनी सेटअप चल रहा था। पुलिस ने मौके से 01 किलो 897 ग्राम अवैध एमडी जब्त की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 1.60 करोड़ रुपये बताई जा रही है। मौके से ड्रग्स बनाने के उपकरण जैसे इंडक्शन कुकर, मिक्सर, हीटर और इलेक्ट्रॉनिक कांटा भी बरामद किया गया है।

पुलिस ने घेराबंदी कर मौके से दो आरोपियों को दबोचा है। गिरफ्तार आरोपियों में मुराद खान पठान (28) निवासी असावता, प्रतापगढ़ और मोहम्मद जुनेद (48) निवासी मेहसाणा, गुजरात शामिल हैं। पूछताछ में सामने आया है कि ये आरोपी पिछले दो दिनों से यहाँ ड्रग्स तैयार कर रहे थे। वहीं अंधेरे का फायदा उठाकर जीवन आंजना निवासी प्रतापगढ़ और शरीक उर्फ जेरी निवासी उज्जैन, म.प्र. फरार होने में कामयाब रहे, जिनकी तलाश में पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं।

पुलिस की इस दबिश में न केवल ड्रग्स, बल्कि अवैध हथियार भी बरामद हुए हैं। मुख्य आरोपी मुराद खान के कब्जे से एक लोडेड पिस्टल और 05 जिंदा कारतूस मिले हैं। इसके अलावा तस्करी में प्रयुक्त एक यामाहा मोटरसाइकिल और एक कार को भी पुलिस ने अपनी कस्टडी में ले लिया है। मुराद खान पहले से ही हत्या के प्रयास और एनडीपीएस एक्ट जैसे गंभीर मामलों में लिप्त रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेंद्र सिंह जोधा और वृत्ताधिकारी गजेंद्र सिंह राव के मार्गदर्शन में थानाधिकारी उदयवीर सिंह ने इस पूरी रेड का नेतृत्व किया। टीम में एएसआई मनोहरसिंह, हैड कांस्टेबल सुरेश कुमार, कांस्टेबल मुकेश, गिरीश चन्द, भगवती लाल और चालक गणपत की विशेष भूमिका रही। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि इस फैक्ट्री से तैयार माल किन–किन शहरों में सप्लाई किया जाना था।

# सीएम भजनलाल शर्मा से सांसद हेमा मालिनी की शिष्टाचार भेंट



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से शनिवार को मुख्यमंत्री निवास पर सांसद हेमा मालिनी ने शिष्टाचार भेंट की।

# जयपुर पुलिस आयुक्त ने एसीपी कार्यालय झोटवाडा में जनसुनवाई कर परिवादियों को दी राहत



**जयपुर, 14 फरवरी (एजेंसियां)।** जयपुर पुलिस आयुक्त सचिन मित्तल ने शनिवार को एसीपी कार्यालय झोटवाडा में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश भी दिए। इस दौरान विशेष पुलिस आयुक्त ऑपरेशंस राहुल प्रकाश,अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रथम मनीष अग्रवाल, पुलिस उपायुक्त पश्चिम हनुमान प्रसाद मीणा, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पश्चिम एवं सहायक पुलिस आयुक्त झोटवाड़ा व संबंधित एसएचओ और थाने के अधिकारीगण उपस्थित रहे। सचिन मित्तल ने कहा कि जनसुनवाई के दौरान कई परिवादियों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया है। उन्होंने कहा कि आमजन को राहत देने के लिए थाना स्तर में प्रतिदिन जनसुनवाई की जा रही है।

पुलिस आयुक्त ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान क्षेत्र में आपसी मुकदमें, पारिवारिक विवाद, जमीनी विवाद, मकानों पर कब्जे, अवैध कब्जे, चोरी, मारपीट सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई। उन्होंने सभी शिकायतों की जांच कर कम से कम समय में निश्चित समयावधि में निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबधित अधिकारियों को परिवादियों की समस्याओं का तुरंत रिस्पॉन्स देने और निस्तारण करने के भी निर्देश दिए।

## जॉइंट टास्क फोर्स की बैठक में आंगनबाड़ी और बच्चों के विकास पर चर्चा

जयपुर, 14 फरवरी (एजेंसियां)। इंटीग्रेटेड चाइल्ड डेवलपमेंट सर्विस और अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशनकी जॉइंट टास्क फोर्स की तृतीय बैठक शनिवार को शासन सचिव स्कूल शिक्षा कृष्ण कुणाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। शिक्षा संकुल स्थित माधव सभागार में हुई बैठक में आंगनबाड़ियों के समन्वयन हेतु केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के दिशा निर्देशों के अनुसार राज्य के लिए दिशा निर्देश जारी करने, आंगनबाड़ियों के साथ संयुक्त प्रवेशोत्सव की योजना बनाने, पोषण ट्रैकर व आभा आईडी को खउउद्ध के साथ एकीकृत करने पर चर्चा की गई। इसके साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मेंटर शिक्षक, लेडी सुपरवाईजर एवं पीईईओ का संयुक्त प्रशिक्षण, भौतिक रूप से समन्वित आंगनबाड़ी केंद्रों हेतु गुण–वत्ता मानक निर्माण, डीआरएम में ईसीसीई एजेंडा को शामिल करना, संस्कृत आंगनबाड़ी केंद्रों को विद्यालयों के साथ समन्वित करना, प्री प्राइमरी मानकों का विकास, आंगनबाड़ी से निकलने वाले बच्चों के प्रमाण पत्र का विद्यारंभ से समन्वय व भौतिक रूप से समन्वित आंगनबाड़ी केंद्रों की राज्य व जिला स्तर पर ईसीसीई की

# स्वदेशी और समरसता से ही सशक्त होगा समाज : निम्बाराम



**जयपुर, 14 फरवरी (एजेंसियां)।** बजाज नगर में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन उत्साह और गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक निम्बाराम , तथा गलता पीठ के स्वामी राघवेंद्राचार्य का सानिध्य प्राप्त हुआ। स्वामी राघवेंद्राचार्य ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज की सांस्कृतिक चेतना को जीवित रखते हैं। भारत की प्राचीन सभ्यता, वर्ण व्यवस्था की मूल भावना और सामाजिक समरसता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि समाज को विभाजन से बचाकर एकता की दिशा में आगे बढ़ना आवश्यक है। मुख्य वक्ता निम्बाराम ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह आयोजन केवल जयपुर ही नहीं, बल्कि पूरे देश में आयोजित हो रहे हैं। 14 फरवरी को पुलवामा में शहीद हुए वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्होंने राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध का संदेश दिया। उन्होंने 'पंच परिवर्तन' को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया–राष्ट्र प्रथम की भावना, हिंदू समाज की एकता, स्वदेशी का उपयोग, पर्यावरण संरक्षण (सिंगल यूज़ प्लास्टिक का त्याग), नागरिक कर्तव्यों का पालन तथा सामाजिक समरसता को व्यवहार में उतारना। उन्होंने कहा कि सनातन का अर्थ है जो कभी समाप्त नहीं होता।

# मौजूदा सरकार गरीब, किसान, बुजुर्ग एवं युवाओं की आकांक्षाओं को कुचल रही है : राव

**सोनीपत, 14 फरवरी (एजेंसियां)।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में सोनीपत में राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ विशाल धरना–प्रदर्शन किया। इस अवसर पर सांसद दीपेंद्र हुड्डा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धर्मपाल मलिक एवं सांसद सतपाल ब्रह्मचारी विशेष रूप से उपस्थित रहे और जनसमूह को संबोधित किया। प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि मौजूदा सरकार तुगलकी फरमानों के माध्यम से जनता को अनावश्यक रूप से परेशान कर रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान की मूल भावना–समानता, न्याय एवं जनकल्याण–सरकार की नीतियों से आहत हो रही है। उन्होंने भारत–अमेरिका ट्रेड डील को देश की कृषि अर्थव्यवस्था और किसानों के हितों के विरुद्ध बताते हुए कहा कि इस समझौते के माध्यम से विदेशी कंपनियों को भारतीय बाजार में अनियंत्रित प्रवेश देने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे घरेलू किसानों की उपज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। इससे न केवल खाद्यान्न सुरक्षा बल्कि कृषि आत्मनिर्भरता भी खतरे में पड़ सकती है।

# केरल निकाय चुनाव में विजयी भाजपा प्रतिनिधिमंडल का गुरुग्राम दौरा

## साइबर सिटी के विकास मॉडल का किया अध्ययन



**गुरुग्राम, 14 फरवरी (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत और विकसित केरलम् के सपने को साकार करने की दिशा में केरल में निकाय चुनाव जीतने वाले भाजपा के मेयरों एवं पंचायत सदस्यों का आठ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल शनिवार को गुरुग्राम पहुंचा। इस स्टडी टूर के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने साइबर सिटी गुरुग्राम के विकास मॉडल को नजदीक से देखा और समझा। प्रतिनिधिमंडल ने गुरुग्राम में चल रहे विभिन्न विकास प्रोजेक्ट्स का अवलोकन किया और भाजपा नेताओं, नगर निगम अधिकारियों तथा पार्षदों के साथ बैठक कर दोनों प्रदेशों में नगर निगमों व पंचायतों के इंफ्रास्ट्रक्चर पर विस्तृत चर्चा की। गुरुग्राम की मेयर और नगर निगम कमिश्नर ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से शहर के विकास कार्यों की जानकारी दी और बताया कि किस प्रकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार विकसित हरियाणा के संकल्प के साथ शहरों और ग्राम पंचायतों को आधुनिक बनाने में जुटी है। केरल से आए प्रतिनिधिमंडल में रघुनाथ सी मेनन, पी. कृष्णा प्रसाद, वी. ए. सुरेश कुमार, अजय कुमार, उलासन पी., राजलक्ष्मी पी., संध्या रानी और के. पी. बिंघु शामिल थे। दिल्ली के पूर्व प्रदेश महामंत्री राजेश भाटिया समन्वयक के रूप में प्रतिनिधिमंडल के साथ मौजूद रहे।

गुरुग्राम आगमन पर प्रतिनिधिमंडल का भाजपा के गुरुकमल कार्यालय में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, प्रदेश संगठन महामंत्री फणींद्र नाथ शर्मा, जिला अध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी, प्रदेश सचिव गार्गी कक्कड़ सहित अन्य नेताओं ने स्वागत किया। हरियाणा के कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह भी कार्यक्रम में पहुंचे और प्रतिनिधिमंडल का अभिनंदन किया।

# विकसित भारत में रहेगी हरियाणा की महत्वपूर्ण भूमिका: नायब सिंह सैनी

**चंडीगढ़, 14 फरवरी (एजेंसियां)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 में विकसित भारत बनाने का लक्ष्य रखा है, इसे पूरा करने में हरियाणा की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रदेश सरकार निरंतर कार्य कर रही है। नई–नई योजनाएं बनाई जा रही हैं। मुख्यमंत्री शनिवार को नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि हरियाणा निवेशकों की पहली पसंद बना हुआ है। हरियाणा सरकार ने पिछले बजट में 10 नई आईएमटी बनाने की घोषणा की थी। इनमें से 6 आईएमटी पर तेजी से काम चल रहा है बाकि 4 आईएमटी का काम भी जल्द पूरा किया जाएगा। जीएसटी में प्रदेश पहले स्थान पर है। हरियाणा में रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर इतना बेहतर है कि साढ़े तीन से चार घंटे में एक कोने से दूसरे कोने में जाया जा सकता है। दिल्ली एयरपोर्ट, चंडीगढ़ एयरपोर्ट और हिसार एयरपोर्ट की सीधे कनेक्टिविटी है। इन सभी को ध्यान में रखकर निवेशक निरंतर हरियाणा में आ रहे हैं, इससे विकसित भारत में हरियाणा की महत्वपूर्ण भूमिका रहने वाली है। हरियाणा ने हर क्षेत्र में बनाई पहचान

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 1966 में जब हरियाणा– पंजाब से अलग होकर एक नया प्रदेश बना तो हर किसी को प्रदेश की तरक्की पर शक था लेकिन हरियाणा ने तेजी से तरक्की की और अपनी अलग पहचान बनाई। आज भारत की सेना में हर दूसरा जवान हरियाणा से है। खेलों में यदि भारत के मेडल आते हैं तो उसमें सबसे ज्यादा योगदान हरियाणा के खिलाड़ियों का होता है। फॉर्च्यून 500 कंपनियों में से 250 हरियाणा में काम कर रही हैं। आटोमोबाइल मैन्यूफैक्चिरिंग में हरियाणा देश में पहले स्थान पर है। प्रदेश सरकार जल्द ही नई इंडस्ट्रियल पॉलिसी लाने वाली है। इससे और निवेशक प्रदेश की ओर आकर्षित होंगे।



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में इंडस्ट्रियल इन्फ्रास्ट्रक्चर ऐसी प्लॉनिंग के साथ स्थापित किया जा रहा है कि आने वाले 50 सालों तक कोई दिक्कत न आए। गन्नौर में फ्रूट मंडी बनकर लगभग तैयार है। वहीं खारी बावली की ड्राई फ्रूट मार्किट, मार्बल मार्किंग और अमृतसर की मजीद मार्किट को भी हरियाणा में स्थापित करने की योजना है। वहां के व्यापारियों ने हरियाणा में स्थापित होने वाली मंडी में आने के लिए रूचि दिखाई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा अब प्राकृतिक खेती में भी पहचान बनाएगा। वहीं पर्यावरण का विशेष ध्यान रखते हुए उन्होंने किसानों से पराली न जलाने का आह्वान किया। इसके बाद 95 प्रतिशत तक पराली जलाने की घटनाओं में कमी आई। बेहतर पराली प्रबंधन के लिए माननीय न्यायालय ने प्रदेश का उदाहरण दिया है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 55 साल देश पर शासन किया जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महज 11 साल के शासन में देश की तस्वीर बदलने का काम किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 5 गुणा कम समय मिला लेकिन उन्होंने भारत को विकसित भारत की ओर ले जाने का काम किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष अपनी भूमिका नहीं निभा रहा। प्रधानमंत्री ने भारत को 5वीं आर्थिक शक्ति बनाने का लक्ष्य रखा था, उन्होंने यह कर दिखाया। उनके नेतृत्व में सरकार हर पैमाने पर खरा उतरी है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा भारत और यूरोपियन संघ के साथ हुए भारत–यूरोपियन मुक्त व्यापार समझौते के बाद उन्होंने हरियाणा यूरोपियन व्यापार संघ की बैठक की। इसमें उन्होंने भारत सरकार के इस फैसले का स्वागत किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इससे उन्हें काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने कुछ सुझाव भी दिए, जिन्हें हरियाणा के आगामी बजट में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम के इन्फ्रास्ट्रक्चर को और मजबूत करने के लिए निरंतर काम किया जा रहा है। गुरुग्राम के निचले इलाकों के लिए एक ड्रेन की प्लानिंग की गई है। वहीं पीने के पानी की समस्या के लिए ऐसी योजना तैयार की गई है कि गुरुग्राम को आने वाले 50 वर्षों तक कोई समस्या नहीं होगी। इस अवसर पर उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित अग्रवाल, महानिदेशक यश गर्ग, एचएसआईआईडीसी के सीसीआई सुनील शर्मा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# नांदेड में प्रशासनिक सुविधाओं के लिए महत्वपूर्ण निर्णय

**किनवट, 14 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो) ।**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में नांदेड जिले के लिए अहम निर्णय लिया गया। इस बैठक में किनवट में अपर जिलाधिकारी कार्यालय और किनवट तहसील के इस्लापुर में अपर तहसील कार्यालय स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। पूर्व मुख्यमंत्री तथा सांसद अशोकराव चव्हाण और किनवट के विधायक भिमराव केराम ने इस फैसले का स्वागत किया है।राज्य सरकार ने हाल ही में कैबिनेट मीटिंग में प्रशासनिक सुविधा के लिए पूरे राज्य में 11 अपर जिलाधिकारी कार्यालय और 69 अपर तहसील कार्यालय बनाने का एक ऐतिहासिक फैसला लिया। इसमें नांदेड जिले को एक झुकाव वाला उपाय मिला है और राजस्व प्रशासन को डी-सेंट्रलाइज किया गया है।किनवट तहसील से नांदेड जिला बहुत दूर है।



अब जब यहां एडिशनल डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर का कार्यालय होगा, तो इससे इस क्षेत्र के लोगों और प्रशासनिक सिस्टम का समय बचेगा। बड़े तहसीलों को बांटकर एडिशनल तहसील कार्यालय बनाने से गांव के किसानों और लोगों को विभिन्न प्रमाण पत्रों और राजस्व कागजात के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।राज्य सरकार के निर्णय अनुसार नांदेड जिले के किनवट में अपर जिलाधिकारी कार्यालय की स्थापना की जाएगी। इसके साथ ही किनवट तहसील के इस्लापुर में अपर तहसील कार्यालय, हदगाव तहसील के तामसा में अपर तहसील कार्यालय, नांदेड में अपर तहसील कार्यालय और मुखेड तहसील के मुक्रमाबाद में अपर तहसील कार्यालय शुरू किए जाएंगे।

नांदेड से किनवट की दूरी सड़क मार्ग से करीब 150 किलोमीटर और रेल मार्ग से लगभग 180 किलोमीटर है। इसे लेकर किनवट के विधायक भिमराव केराम ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से किनवट में अपर जिलाधिकारी कार्यालय और किनवट तहसील के इस्लापुर में अपर तहसील कार्यालय की स्थापना की मांग की थी। यह मांग पूरी होने की खुशी जताई गई है, जिससे नांदेड जिले में स्थानीय प्रशासनिक सुविधाओं में सुधार होगा।

# सेवानिवृत्त कर्मचारी ने मुख्यमंत्री का पद विरासत में नहीं मिलने का किया जिक्र

**मंचेरियाल, 14 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

एक सेवानिवृत्त कर्मचारी ने मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी और उनके मंत्रियों को चेतावनी दी है कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को वैधानिक लाभों के भुगतान में देरी का खामियाजा भुगतना पड़ेगा। उन्होंने एक पत्र लिखकर उसे अपने वोट के साथ मतपेटी में डाल दिया, जो शुक्रवार को लक्सेट्टीपेट में मतगणना के दौरान बरामद हुआ।

कर्मचारी ने बताया कि वह 2024 में सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त हो गए थे, लेकिन उन्हें अभी तक एक भी रुपया नहीं मिला है।

उन्होंने कांग्रेस सरकार पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों और शिक्षकों को धोखा देने का आरोप लगाया।

उन्होंने यह भी कहा कि रेवंत रेड्डी और उनके मंत्रिमंडल के मंत्रियों को कर्मचारियों को वैधानिक लाभ देने में देरी के लिए भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

असंतुष्ट कर्मचारी ने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया कि मुख्यमंत्री का पद उसे अपने पिता से विरासत में नहीं मिला है। इस पत्र की तस्वीर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैसे व्हाट्सएप और फेसबुक पर खूब शेयर की गई, जिससे इसकी चर्चा बढ़ गई है।

# ग्रामीणों ने वाहनों को रोका सड़क निर्माण की माँग की



**मंचेरियाल, 14 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो) ।**

मंचेरियाल जिले के कासिपेट मंडल मुख्यालय के पूर्वी हिस्से में ग्रामीणों ने सड़क निर्माण के विरोध में वाहनों को रोककर प्रदर्शन किया। उनका आरोप था कि सिंगरेनी, देवपुर सीमेंट कंपनी और अन्य कंपनियों के भारी वाहनों के गांव में प्रवेश करने से सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। ये वाहन मंदामार्री स्थित टोल प्लाजा से बचने के लिए गांव में घुस रहे हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि टोल से बचने के लिए भारी माल ढोने वाले वाहनों के इस रास्ते से गुजरने के कारण कासिपेटा गांव की सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। उन्होंने इस बात पर नाराजगी जताई कि सिंगारेनी कंपनी ने सड़क पर ओसी (ऑक्यूपेंसी परमिट) से मिली मिट्टी डालकर उसे और भी खराब कर दिया है।ग्रामीणों ने चिंता व्यक्त की कि यह मिट्टी धूल बनकर उनके घरों में घुस रही है, जिससे स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो रही हैं। इस मामले में आर एंड बी अधिकारियों और सिंगरेनी प्रबंधन ने भी जवाब देते हुए सड़क के निर्माण की मांग की है।ग्रामीणों ने अधिकारियों से आग्रह किया है कि जल्द से जल्द आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि उन्हें इस कठिनाई से राहत मिल सके।

# भीमेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि जात्रा का आयोजन

**मंचेरियाल, 14 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

वेमुलावाड़ा स्थित भीमेश्वर स्वामी मंदिर को महाशिवरात्रि जात्रा के लिए सजाया गया है, जहाँ 14 से 16 फरवरी तक तीन दिवसीय वार्षिक मेला आयोजित किया जाएगा। इस बार यह जात्रा राजराजेश्वर स्वामी मंदिर के मुख्य गर्भगृह के बाहर आयोजित की जा रही है, जिससे यह विशेष बन गया है।

मंदिर में चल रहे जीर्णोद्धार कार्यों के मद्देनज़र, अधिकारियों ने इस वर्ष भीमेश्वर मंदिर में जात्रा आयोजित करने का निर्णय लिया। यह निर्णय पिछले वर्ष 30 दिसंबर को आयोजित जात्रा समन्वय समिति की बैठक में लिया गया था।

महाशिवरात्रि के अवसर पर तेलंगाना और पड़ोसी राज्यों जैसे आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ से लाखों श्रद्धालुओं के आने की आशंका है। इसी को ध्यान में रखते हुए मंदिर अधिकारियों और जिला प्रशासन ने व्यापक व्यवस्थाएँ की हैं।




विशेष पार्किंग: मंदिर के तालाब के पास पार्किंग स्थान निर्धारित किया गया है।

अस्थायी शेड और कतारें: श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शेड और कतारों का निर्माण किया गया है।

परिवहन व्यवस्था: टीजीएसआरटीसी अधिकारियों ने करीमनगर, आदिलाबाद, वारंगल और निजामाबाद से मंदिर तक अतिरिक्त बसें चलाने का निर्णय लिया है।

मंदिर परिसर में स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए सफाई कर्मचारियों को तैनात किया गया है।

अस्थायी शौचालय और बायो-यूरिनल स्थापित किए गए हैं।

महिला श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था जिसमें अलग स्नानगृह, चेंजिंग रूम और शिशु आहार केंद्र शामिल हैं।

पानी की व्यवस्था: पीने के पानी के लिए विशेष पॉइंट बनाए गए हैं और पानी के टैंकर तैनात किए गए हैं।

चिकित्सा शिविर: विभिन्न स्थानों पर चिकित्सा शिविर लगाए गए हैं, जिसमें मंदिर के तालाब और आस-पास के मंदिर शामिल हैं।

जात्रा के शांतिपूर्ण संचालन को सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ने पर्याप्त संख्या में कर्मियों को तैनात किया है और मंदिर नगर के विभिन्न स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं।इसके अलावा, शिवर्चना और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए मंदिर तालाब पार्किंग क्षेत्र में एक विशाल मंच बनाया गया है। कार्यवाहक कलेक्टर गरिमा अग्रवाल ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ जात्रा की व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

इस महाशिवरात्रि जात्रा के आयोजन से श्रद्धालुओं को एक दिव्य अनुभव प्रदान किया जाएगा।

# महिलाओं को रसोई के अलावा सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल करनी चाहिए : पद्मा विजयभास्कर रेड्डी



**मंचेरियाल, 14 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

सिंगरेनी सेवा समिति की अध्यक्ष पद्मा विजयभास्कर रेड्डी और बेल्लमपल्ली क्षेत्र के महाप्रबंधक विजयभास्कर रेड्डी ने महिलाओं को रसोई तक सीमित न रहने और सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल करने की प्रेरणा दी। उन्होंने बेरोजगार युवाओं और महिलाओं के लिए सामाजिक जिम्मेदारी और स्वरोजगार के उद्देश्य से शनिवार को मदराम में मग्गम और स्पोकन इंग्लिश के निःशुल्क प्रशिक्षण सत्रों का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर बोलते हुए, उन्होंने कहा कि यदि महिलाएं दृढ़ संकल्प और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें, तो कुछ भी असंभव नहीं है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि वर्तमान समाज में हर कोई अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए विभिन्न व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा है।

पद्मा ने बताया कि समाज में विभिन्न फैशनेबल डिज़ाइन खरीदने के लिए पैसे खर्च करने में कोई संकोच नहीं है। उन्होंने फैशनेबल कढ़ाई, मग्गम वर्क और सुंदर सजावट के लिए ब्यूटीशियन जैसे क्षेत्रों में अधिक ध्यान देने की आवश्यकता को भी रेखांकित किया।

सिंगरेनी संगठन द्वारा इन चीजों में प्रशिक्षण देने के लिए पैसे खर्च करने में संकोच नहीं होने की बात कहते हुए, उन्होंने महिलाओं को इन अवसरों का लाभ उठाने की प्रेरणा दी।

एआईटीयूसी गोलेती शाखा की उपाध्यक्ष बय्या मोगिली ने मदराम में योग प्रशिक्षण कक्षाएं जारी रखने का भी आग्रह किया।

इसके बाद, सिंगरेनी सेवा समिति की अध्यक्ष पद्मा ने मग्गम और स्पोकन इंग्लिश प्रशिक्षण कक्षाओं का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में डीजीएम उज्वल कुमार बेहरा, कार्मिक विभाग के अध्यक्ष श्रीनिवास, सिंगरेनी सेवा समिति की सदस्य नलिनी, तथा प्रशिक्षक शैलजा और चंद्रकला भी मौजूद रहे।

# मतदाताओं का अबूझ रहस्य: आखिर में जीत किसकी हुई?

**आसिफाबाद, 14 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो) ।**

इस बार आसिफाबाद नगरपालिका चुनाव में विकास, विचारधारा, पार्टी चिन्ह और उम्मीदवारों की अच्छाई का कोई महत्व नहीं रह गया। किसने कितना धन दिया, यही मुख्य एजेंडा बन गया। चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी ने लोगों को प्रलोभन के प्रति संवेदनशील बना दिया है।

### चुनावी खर्च और उसके असर

उम्मीदवारों ने वोटरों के सामने केवल पूंजीगत लाभ के आधार पर आने का प्रयास किया। एक-एक वार्ड में प्रत्याशियों ने लाखों से लेकर डेढ़ करोड़ रुपये तक खर्च किए। चुनाव परिणाम आने के बाद, जहां जीतने वाले जश्न मना रहे थे, वहीं हारने वाले कर्ज में डूबे हुए थे।

कुछ उम्मीदवारों ने सीधे मतदाताओं के पास जाकर नकदी बांटने का तरीका अपनाया। वार्ड में जितने भी उम्मीदवार थे, उन्होंने मतदाताओं को पैसे बाँटकर अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश की। रामागुंडम के सभी वार्डों में इस तरह का माहौल था, जिससे मतदाताओं की सोच भी बदलने लगी थी।

### मतदान का नैतिक पहलू

मतदाता ने खुलकर अपनी अपेक्षाएं व्यक्त कीं और पैसे लेकर ही वोट दिया। यह लोकतंत्र में घटते भरोसे का संकेत है। मतदान की प्रक्रिया को अब सामाजिक जिम्मेदारी से उठकर केवल लाभ का दिन बना दिया गया है। इस सोच ने सवाल उठाया है



कि पांच साल के शासन पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा।

चुनाव में पैसे से वोट खरीदना अंततः क्षेत्र के विकास को नासूर बना देगा। अगर चुनाव खर्च बढ़ता है, तो जीतने वाले नेता उस पैसे को वापस पाने की कोशिश करेंगे। इसका परिणाम भ्रष्टाचार, घटिया अनुबंध और जनता के लिए आवंटित धन का दुरुपयोग होगा।

### अंत में सोचने का वक्त

आसिफाबाद नगरपालिका चुनाव ने कई गंभीर सवाल खड़े किए हैं। क्या पांच साल की वृद्धि एक दिन के पैसे से बेहतर है? जिले के विकास के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने की आवश्यकता है, और उम्मीदवारों की नैतिकता को भी महत्वपूर्ण बनाया जाना चाहिए। चुनाव को उत्सव की तरह मनाने में कोई बुराई नहीं है, लेकिन मूल्यों का क्षय नहीं होना चाहिए। भविष्य की राजनीति किस दिशा में जाएगी, यह सचमुच विचार करने का विषय है।

# वनिता वक्कू फाउंडेशन ने भाग्य लक्ष्मी को किया सम्मानित





**मंचेरियाल, 14 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

वनिता वक्कू फाउंडेशन ने राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सेवन हिल्स स्कूल की प्रिंसिपल भाग्य लक्ष्मी को सम्मानित किया।

इस कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में किया गया।

फाउंडेशन की सह-संस्थापक कविता, सुनीता और डॉ. अन्नपूर्णा ने इस अवसर पर कहा कि भाग्य लक्ष्मी को सम्मानित करना अत्यंत प्रसन्नता का विषय है।

उन्होंने बताया कि सेवन हिल्स स्कूल ने हमेशा प्रेरणादायक मूल्यों से महिलाओं को प्रेरित किया है और मूल्य आधारित शिक्षा प्रदान करने की दिशा में अनूठी भूमिका निभाई है।

इस विशेष कार्यक्रम में अनीता सत्यवती, स्कूल के कर्मचारी और छात्राएं भी उपस्थित थीं। सभी ने एकजुट होकर इस महत्वपूर्ण अवसर को विशेष बनाया और भाग्य लक्ष्मी के योगदान की सराहना की।

यह सम्मान न केवल भाग्य लक्ष्मी के लिए, बल्कि सभी महिलाओं के लिए एक प्रेरणा का स्रोत है, जिन्होंने शिक्षा और समाज में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

# बीआरएस ने मंचेरीयाल जिले की क्यातानपल्ली नगरपालिका पर किया कब्जा

**मंचेरियाल, 14 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो) ।**

सत्ताधारी पार्टी कांग्रेस द्वारा की गई साजिशों के बावजूद, बीआरएस ने मंचेरीयाल जिले की क्यातानपल्ली नगरपालिका पर सफल कब्जा कर लिया है। पुलिसकर्मियों और अधिकारियों को रोका गया, और चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए सत्ता का दुरुपयोग किया गया।

बीआरएस ने संयुक्त आदिलाबाद जिले के नगर निगम चुनावों में अपनी ताकत दिखाई है, जहां उसने दस में से पांच नगर पालिकाओं में जीत हासिल की। क्यातानपल्ली, आसिफाबाद, कागजनगर, बेल्लमपल्ली और खानपुर में बीआरएस ने स्पष्ट बढ़त दर्ज की।

हालांकि, सत्ताधारी कांग्रेस ने लक्षेट्टीपेट, चेन्नूर और अन्य नगरपालिकाओं में स्पष्ट बढ़त हासिल की। निर्मल नगर पालिका में कांग्रेस, आदिलाबाद में भाजपा और भैंसा नगर पालिका में एमआईएम ने बहुमत हासिल किया।



चुनाव परिणामों की घोषणा के दिन भी सत्ताधारी दल की हिंसा जारी रही। कांग्रेस ने विजयी निर्दलीय उम्मीदवारों को धमकाने और प्रलोभन देने की कोशिश की। आसिफाबाद नगरपालिका के पहले वार्ड के निर्दलीय उम्मीदवार विनोद को जबरन गुप्त स्थान पर ले जाने का प्रयास किया गया। पुलिस ने उम्मीदवार को खींचने की कोशिश की, जिससे विवाद उत्पन्न हुआ और इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

बेलमपल्ली नगरपालिका में, बीआरएस और कांग्रेस के बीच बराबर सीटें मिलने के बाद, विधायक विनोद का बिना अनुमति के मतगणना कक्ष में प्रवेश करना तनावपूर्ण स्थिति का कारण बना। बीआरएस नेताओं ने इसका विरोध करते हुए कहा कि केवल उम्मीदवार या मतगणना एजेंट का पास रखने वाले ही प्रवेश कर सकते हैं। पूर्व बीआरएस विधायक दुर्गम चिन्नैया ने स्थिति को लेकर विरोध प्रदर्शन की तैयारी की।

संयुक्त जिले की लगभग सभी नगर पालिकाओं में त्रिशंकु स्थिति बनी रही। आसिफाबाद, कागजनगर, बेल्लमपल्ली, खानपुर, निर्मल, आदिलाबाद और भैंसा नगर पालिकाओं में किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं मिला, जिससे निर्दलीय उम्मीदवारों की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। चुनाव परिणामों ने राजनीतिक स्थिति को और भी जटिल बना दिया है।

इस प्रकार, बीआरएस की जीत और चुनावी हिंसा ने मंचेरीयाल जिले की राजनीति में एक नई धारा को जन्म दिया है, और भविष्य की राजनीतिक घटनाओं को प्रभावित कर सकता है।





# दोनों मैच जीतने के बावजूद खुश नहीं हैं कप्तान मार्करम, कहा- सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं हुआ

**नई दिल्ली, 15 फरवरी (एजेंसियां)।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 में ग्रुप-डी की शुरुआत में ही साउथ अफ्रीका ने अपने दोनों मैच जीतकर चार अंक बटोर लिए हैं और न्यूजीलैंड के बाद दूसरे स्थान पर काबिज है। लेकिन टीम के कप्तान एडन मार्करम का कहना है कि टीम अभी तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकी है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि हालांकि परिणाम सकारात्मक रहे हैं, टीम का फोकस अपनी पूरी क्षमता पर खेलना और लगातार सुधार करना है।

मार्करम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने अगले मुकाबले से पहले कहा कि कीवी कोच रोब वाल्टर उनकी टीम की ताकत और कमजोरियों से पूरी तरह परिचित हैं। वाल्टर पहले कई दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ियों के साथ काम कर चुके हैं, इसलिए उन्हें पता है कि टीम किस स्थिति में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकती है और कहां कमजोर पड़ सकती है। मारक्रम ने माना कि यह एक चुनौतीपूर्ण मुकाबला होगा, लेकिन टीम मानसिक रूप से पूरी तरह तैयार है।

कप्तान ने गेंदबाजी की स्थिति पर भी चिंता जताई। पिछले दो मैचों में उनके गेंदबाजों ने 22 अतिरिक्त रन दिए, जो टी20 प्रारूप में काफी महत्वपूर्ण हो सकते हैं। मार्करम का कहना है कि टीम इन फालतू रनों को कम करने पर विशेष ध्यान दे रही है और हर गेंदबाज को अपनी ताकत और शैली के अनुसार खेलना होगा। उन्होंने अहमदाबाद में रात की रोशनी में टीम संयोजन पर भी संकेत दिया कि स्पिन और तेज गेंदबाजी का संतुलन बनाए रखा जाएगा, ताकि पिच और परिस्थितियों का अधिकतम फायदा उठाया जा सके। सुपर-8 में जगह बनाने के लिए साउथ अफ्रीका का अगला मुकाबला टेबल टापर न्यूजीलैंड से है। न्यूजीलैंड ने अपने शुरुआती दोनों मैच जीतकर उत्साह बढ़ाया है। कीवी टीम ने पहले मैच में अफगानिस्तान को मात दी थी और दूसरे मैच में यूएई को 10 विकेट से हराया। ऐसे में यह मुकाबला केवल अंक तालिका के लिए ही नहीं, बल्कि टीम की मानसिक मजबूती और प्रदर्शन की वास्तविक परीक्षा भी साबित होगा।

मार्करम ने जोर देकर कहा कि टीम का ध्यान केवल परिणाम पर नहीं, बल्कि लगातार सुधार पर है। यदि साउथ अफ्रीका न्यूजीलैंड को मात देने में सफल होता है, तो लगातार तीसरी जीत के साथ उसकी सुपर-8 में जगह पक्की हो जाएगी। लेकिन मैच चुनौतीपूर्ण होगा, क्योंकि कीवी टीम भी जीत के इरादे से उतरेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### सेरी एः लुका मोड्रिच के विजयी गोल से एसी मिलान ने पीसा एससी की 2-1 से हराया



**पीसा।** इटली की शीर्ष फुटबाल लीग सेरी ए में लुका मोड्रिच ने 85वें मिनट में निर्णायक गोल कर एसी मिलान को निचले पायदान की टीम पीसा एससी पर 2-1 से जीत दिलाई। इस जीत के साथ मिलान ने अंक तालिका में शीर्ष पर काबिज इंटर मिलान से अंतर कम कर लिया। मुकाबला एरीना गैरीबाल्डी स्टेडियम में खेला गया। 24 मैचों में 53 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर मौजूद मिलान अब इंटर से पांच अंक पीछे है। इंटर शनिवार को चौथे स्थान की टीम जुवेंटस की मेजबानी करेगा। मिलान के लिए रूबेन लाफ्टस-चीक ने भी गोल किया। हालांकि टीम को एड्रियन राबियो को दूसरे पीले कार्ड के कारण लाल कार्ड मिलने से अंत में दस खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। पीसा के लिए फेलिपे लोयोला ने दूसरे हाफ में बराबरी का गोल कर मुकाबले को रोमांचक बना दिया था। मिलान को पेनल्टी का अवसर भी मिला, लेकिन निक्लास फुलक्रुग स्पाट किक को गोल में तब्दील नहीं कर सके। 40 वर्षीय मोड्रिच ने अंततः मैच के अंतिम पांच मिनट में बाक्स के अंदर मिले मौके को गोल में बदलकर टीम को महत्वपूर्ण जीत दिलाई। मिलान ने 39वें मिनट में बढ़त बनाई, जब जैचरी एथेकामे के दाएं छोर से आए शानदार क्रास पर लाफ्टस-चीक ने हेडर से गेंद को जाल में पहुंचाया। 71वें मिनट में लोयोला ने 12 मीटर की दूरी से सटीक शाट लगाकर पीसा को बराबरी दिलाई, जो क्लब के लिए उनका पहला गोल था। हार के बाद पीसा 25 मैचों में 15 अंकों के साथ निचले स्थान पर बना हुआ है और सुरक्षित क्षेत्र से छह अंक पीछे है ।

### एटीपी दिल्ली ओपनः डेविस कप खिलाड़ी करण सिंह और मानस धमने को सिंगल्स वाइल्डकार्ड



**नई दिल्ली।** दिल्ली लान टेनिस एसोसिएशन (डीएलटीए) काम्प्लेक्स में 16 फरवरी से शुरू हो रहे एटीपी दिल्ली ओपन के लिए एसोसिएशन ने सिंगल्स मुख्य ड्रा के वाइल्डकार्ड की घोषणा कर दी है। भारतीय डेविस कप खिलाड़ी करण सिंह और युवा प्रतिभा मानस धमने को मुख्य ड्रा में वाइल्डकार्ड दिया गया है। इसके अलावा दिग्विजय प्रताप सिंह को भी मुख्य ड्रा में स्थान मिला है, जबकि चार खिलाड़ियों को क्वालिफाइंग सिंगल्स वाइल्डकार्ड प्रदान किए गए हैं। करण सिंह को हाल ही में बेंगलुरु में खेले गए डेविस कप मुकाबले में नीदरलैंड्स के खिलाफ भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने का इनाम मिला है। डेविस कप में उनके योगदान और पेशेवर सर्किट पर निरंतर अच्छे प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें यह अवसर दिया गया है। भारतीय टेनिस के उभरते सितारे 18 वर्षीय मानस धमने लगातार अपने खेल से प्रभावित कर रहे हैं। दिल्ली ओपन उनके लिए उच्च रैंकिंग वाले खिलाड़ियों के खिलाफ खुद को परखने और महत्वपूर्ण अनुभव हासिल करने का बेहतरीन मंच साबित होगा। दिग्विजय प्रताप सिंह, जो हालिया डेविस कप टाई में भारतीय टीम के रिजर्व सदस्य थे, को भी मुख्य ड्रा वाइल्डकार्ड देकर सम्मानित किया गया है। यह चयन घरेलू सर्किट में उनके लगातार बेहतर प्रदर्शन और टीम में उनकी भूमिका को मान्यता देता है। डीएलटीए अध्यक्ष रोहित राजपाल ने चयन पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यह फैसला हालिया योगदान को सम्मान देने के साथ-साथ भारतीय टेनिस के भविष्य में निवेश की दिशा में उठाया गया कदम है।

### पाकिस्तान के दो स्पिनर टीम इंडिया के लिए बन सकते हैं चुनौती : अजंता मेंडिस



**कोलंबो।** भारत-पाक मुकाबले से ठीक पहले श्रीलंका के पूर्व स्टार स्पिनर अजंता मेंडिस ने भारतीय टीम को सावधान रहने की सलाह दी है। मैदान के बाहर लंबे विवाद, राजनीतिक बयानबाज़ी और पाकिस्तान सरकार के बायकाट से यूटर्न के बाद अब 15 फरवरी को कोलंबो में दोनों टीमें अंततः आमने-सामने होंगी। फैंस एक बार फिर भारत-पाक महामुकाबले के रोमांच को महसूस करने के लिए तैयार हैं। हाल ही में खेले गए एशिया कप में टीम इंडिया ने पाकिस्तान पर लगातार तीन जीत दर्ज कर खिताब जीता था। फाइनल समेत तीनों मुकाबलों में भारत ने दमदार प्रदर्शन किया था। इस बार सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय टीम टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान को मात देने उतरेगी। हाई-वोल्टेज मैच के लिए टीम इंडिया शुक्रवार को कोलंबो पहुंच चुकी है। इसी बीच मेंडिस ने संकेत दिया है कि पाकिस्तानी स्पिनर्स भारत के लिए बड़ी चुनौती बन सकते हैं। पिच की प्रकृति और कोलंबो की परिस्थितियों को देखते हुए पाकिस्तान के दो स्पिनर भारतीय बल्लेबाजों को परेशान कर सकते हैं। मेंडिस का मानना है कि यह मुकाबला स्पिनरों पर काफी निर्भर रहने वाला है और भारतीय बल्लेबाजों को शुरुआत से ही सतर्क रहना होगा। हालांकि, इस बड़े मैच पर मौसम का खतरा भी मंडरा रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक मुकाबले के दौरान बारिश की संभावना है।

## टी20 वर्ल्ड कप-2026

# स्कॉटलैंड पर इंग्लैंड ने दर्ज की पांच विकेट से जीत



**कोलकाता, 14 फरवरी (एजेंसियां)।** इंग्लैंड ने स्कॉटलैंड को पांच विकेट से हरा दिया। शनिवार को कोलकाता में खेले गए मुकाबले में स्कॉटलैंड ने 19.4 ओवर में 10 विकेट पर 152 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड ने 18.2 ओवर में 155 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया।

टी20 विश्व कप में इंग्लैंड ने स्कॉटलैंड को पांच विकेट से हराकर सुपर-8 की अपनी उम्मीदें जीवित रखीं। इस मुकाबले में पहले गेंद से आदिल रशीद चमके, फिर बल्ले से टॉम बैंटन ने नाबाद अर्धशतक लगाकर टीम को जीत दिलाई। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। स्कॉटलैंड की टीम 19.4 ओवर में 152 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में इंग्लैंड ने 18.2 ओवर में पांच विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी स्कॉटलैंड की शुरुआत खराब रही। जोफ्रा आर्चर ने पावरप्ले में ही जॉर्ज मुंसी (4) और ब्रैंडन मैकमुलन (0) को आउट कर इंग्लैंड को बढ़त दिलाई। पावरप्ले के अंत तक स्कॉटलैंड का स्कोर 42/3 था। इसके बाद कप्तान रिची बेरिंग्टन ने पारी को संभाला। उन्होंने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 32 गेंदों पर 49 रन बनाए (5 चौके, 2 छक्के)। माइकल जोन्स ने भी 20 गेंदों में 33 रन की तेज पारी खेली। 12.3 ओवर में स्कॉटलैंड 113/3 के मजबूत स्कोर पर था और 180 के पार जाता दिख रहा था। लेकिन यहीं से मैच पलट गया।

आदिल रशीद ने एंड बदलते ही खेल की दिशा बदल दी। उन्होंने पहले बेरिंगटन को आउट किया, फिर अपने अगले ओवर में मैथ्यू क्रॉस और मार्क वॉट को चलता किया। राशिद ने 3/36 का शानदार प्रदर्शन किया। दूसरे छोर से लियाम डॉसन ने भी दो विकेट लेकर स्कॉटलैंड की कमर तोड़ दी। इंग्लैंड के इन दोनों स्पिनरों ने चार ओवर में पांच विकेट निकालकर स्कॉटलैंड को 113/3 से 127/8 पर ला दिया। टीम ने 14 रन के अंदर पांच विकेट गंवा दिए। आखिरकार स्कॉटलैंड 152 रन पर सिमट गई, जो उनकी मजबूत स्थिति के मुकाबले कम स्कोर साबित हुआ।

**इंग्लैंड की पारी**

153 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत भी खराब रही। टीम महज 13 रन पर दो विकेट गंवा चुकी थी। फिल सॉल्ट (2) और जोस बटलर (3) सस्ते में आउट हो गए। ऐसे में टॉम बैंटन ने जिम्मेदारी संभाली।

उन्होंने 41 गेंदों पर नाबाद 63 रन बनाए, जिसमें 4 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। यह उनका टूर्नामेंट में पहला बड़ा स्कोर था। जैकब बेथेल ने 28 गेंदों में 32 रन बनाकर उनका अच्छा साथ दिया। दोनों ने 45 गेंदों में 66 रन जोड़कर पारी को संभाला।

हैरी ब्रूक और सैम करन (20 गेंदों में 28 रन) ने भी उपयोगी योगदान दिया। अंत में विल जैक्स ने एक छक्का और एक चौका लगाकर 18.2 ओवर में मैच खत्म कर दिया।

## टी20 वर्ल्ड कप-2026

# साउथ अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को हराया



**अहमदाबाद, 14 फरवरी (एजेंसियां)।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 के 24 मैच में साउथ अफ्रीका की टीम ने न्यूजीलैंड को 7 विकेट से मात देकर कमाल की जीत दर्ज की। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए बोर्ड पर 175 रन का स्कोर लगाया। जवाब में साउथ अफ्रीका की टीम ने आसानी से 18वें ओवर में इस टारगेट को चेज कर लिया। इस मैच में एडेन मार्करम ने कमाल की पारी खेली।

साउथ अफ्रीका के लिए उनके कप्तान एडेन मार्करम ने नाबाद 86 रन की शानदार पारी खेली। इस पारी में 8 चौके और 4 छक्के शामिल थे। इसके अलावा 21-21 रन रयान रिकेल्टन और डेवाल्ड ब्रेविस ने भी बनाए। वहीं नाबाद 24 रन डेविड मिलर ने भी बनाए। न्यूजीलैंड के लिए एक-एक विकेट रचिन रविंद्र, जेम्स नीशम और लॉकी फर्गूसन ने लिए।

इससे पहले मार्क चैपमैन (48) और डेरिल मिचेल (32) के बीच 74 रन की जवाबी साझेदारी के दम पर शनिवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 7 विकेट पर 175 रन बनाए। तेज और उछाल वाली पिच पर दक्षिण अफ्रीका ने ग्रुप डी के इस मैच में पहले गेंदबाजी का फैसला किया। टिम सीफर्ट (13) ने मार्को यानसेन का स्वागत छक्के के साथ किया, जबकि फिन एलन ने लुंगी एनगिडी के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाते हुए एक ही ओवर में छक्का और चौका जड़ा।

**न्यूजीलैंड ने लगातार खोए विकेट**

टीम का स्कोर 33 रन तक पहुंचा ही था कि यानसेन ने अतिरिक्त उछाल वाली गेंद पर सीफर्ट को विकेटकीपर क्विंटन डिकॉक के हाथों कैच करा दिया। उन्होंने इसके बाद रचिन रविंद्र (13) को डेविड मिलर के हाथों कैच कराया और जल्द ही खतरनाक एलन (17 गेंदों पर 31 रन) को कप्तान एडेन मारक्रम के हाथों कैच आउट कर दिया। बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज ने शानदार लय में चल रहे ग्लेन फिलिप्स (एक) को बोल्ड कर 7 ओवर के अंदर 64 रन पर चार विकेट लेकर न्यूजीलैंड को संकट में डाल दिया।

## दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टी 20 में पाकिस्तान को 6 विकेट से हराया



**बेनोनी।** बेनोनी में खेले गए वर्षा प्रभावित दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में लारा वोल्वार्ड्ट की नाबाद 40 रन की पारी और आयाबोंगा खाका की घातक गेंदबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान को छह विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। 14 ओवर प्रति पारी के इस मुकाबले में पहले गेंदबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान को 100 रन पर नौ विकेट तक सीमित कर दिया। जवाब में मेजबान टीम ने 13.2 ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। 101 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका को ताजमिन ब्रिट्स और सुने लुस ने सधी हुई शुरुआत दिलाई। दोनों ने तेजी से 30 रन जोड़े, लेकिन सादिया इकबाल ने लुस को पगबाधा आउट कर पाकिस्तान को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद भी ब्रिट्स और कप्तान लारा वोल्वार्ड्ट ने 36 रनों की साझेदारी कर रन गति को नियंत्रित रखा। मध्य ओवरों में पाकिस्तान ने वापसी की कोशिश करते हुए ताजमिन ब्रिट्स और डेन वान नीकेर्क के विकेट चटकाए, जिससे दक्षिण अफ्रीका को अंतिम चार ओवर में 30 रन की दरकार रह गई। हालांकि लारा वोल्वार्ड्ट ने संयम बनाए रखा और समझदारी भरी बल्लेबाजी से टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचाया।

# पोलो : जयपुर ने शानदार वापसी कर रैफल्स सिरमौर कप के फाइनल में बनाई जगह

**नई दिल्ली, 15 फरवरी (एजेंसियां)।**

जयपुर पोलो टीम ने रैफल्स सिरमौर कप में रोमांचक मुकाबले में शनिवार को विमल एरियन अचीवर्स को 10-9 से हराकर टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश कर लिया। दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए जयपुर ने जीत अपने नाम की।

मुकाबले की शुरुआत में विमल एरियन अचीवर्स ने आक्रामक खेल दिखाया। पहले चुक्कर की समाप्ति तक जयपुर 1-2 से पीछे था। हालांकि दूसरे चुक्कर में जयपुर ने संयम और बेहतर तालमेल के साथ वापसी की और हाफटाइम तक 3-2 की बढ़त बना ली।

तीसरे चुक्कर में जयपुर पूरी तरह हावी नजर आया। तेज गेंद मूवमेंट, नियंत्रित बिल्ड-अप और सटीक फिनिशिंग के दम पर टीम ने बढ़त को 7-4 तक पहुंचा दिया। लांस वाटसन ने निर्णायक गोल दागते हुए आक्रमण की अगुवाई की, जबकि मैनुएल फर्नांडीज लोरेंटे ने भी अहम सहयोग दिया।

चौथे और पांचवें चुक्कर में मुकाबले का रुख फिर बदला। विमल एरियन अचीवर्स ने दमदार वापसी करते हुए मौके भुनाए और पांचवें चुक्कर की समाप्ति तक 9-7 की बढ़त हासिल कर ली। इससे मुकाबला रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया।



छठे और अंतिम चुक्कर में जयपुर ने जबरदस्त जुझारूपन दिखाया। टीम ने रक्षा मजबूत की और आक्रमण में लगातार दबाव बनाए रखा। दबाव में भी संयम बनाए रखते हुए जयपुर ने लगातार तीन गोल दागे और विरोधी टीम को स्कोर नहीं करने दिया। इसी के साथ जयपुर ने 10-9 से शानदार जीत दर्ज कर फाइनल का टिकट पक्का किया। जयपुर की ओर से लांस वाटसन ने सर्वाधिक पांच गोल किए, जबकि मैनुएल फर्नांडीज लोरेंटे ने चार गोल दागे। जयपुर के एचएच महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने एक गोल का योगदान दिया। अनुभव और आक्रामक खेल के बेहतरीन तालमेल ने टीम को अहम जीत दिलाई। इसी सप्ताह जयपुर पोलो टीम ने कोग्निवेरा कप के फाइनल में वी पोलो को 5-2 से हराकर सत्र का अपना सातवां खिताब भी जीता था।

# टी20 वर्ल्ड कप 2026 में अमेरिका के शैडली वैन शल्कविक का जलवा

## भारत-पाकिस्तान और नीदरलैंड के खिलाफ भी दिखाया दम

**नई दिल्ली, 15 फरवरी (एजेंसियां)।**

टी20 वर्ल्ड कप 2026 की शुरुआत से ही रोमांच चरम पर है। इस बार यूएसए, नामीबिया और नेपाल जैसी टीमें लगातार चौंका रही हैं। इन्हीं टीमों में उभरा है एक ऐसा नाम जिसने टूर्नामेंट में अपनी धारदार गेंदबाज़ी से तहलका मचा दिया है अमेरिका के आलराउंडर शैडली वैन शल्कविक। 37 वर्ष की उम्र में इंटरनेशनल स्तर पर अनुभव भले ही सीमित हो, लेकिन उनके प्रदर्शन ने उन्हें टूर्नामेंट का सबसे चर्चित गेंदबाज़ बना दिया है। तीन मैचों में 11 विकेट लेकर उन्होंने अपने नाम टी20 वर्ल्ड कप 2026 का अब तक का सर्वोच्च विकेट-टेकर होने का रिकार्ड दर्ज किया है, जिसमें दो बार चार-चार विकेट शामिल हैं। 6.45 की शानदार इकोनामी बताती है कि शैडली कितने प्रभावी रहे हैं।



टूर्नामेंट में जहां जसप्रीत बुमराह और जोफ्रा आर्चर जैसे सुपरस्टार गेंदबाज़ मौजूद हैं, वहीं शैडली ने अपने कौशल से सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा है। भारत के खिलाफ उन्होंने अपना पहला मैच खेला और पावरप्ले में ही भारतीय शीर्षक्रम को ध्वस्त कर दिया। छठे ओवर में मात्र कुछ ही गेंदों में उन्होंने ईशान किशन, तिलक वर्मा और शिवम दुबे को आउट करके भारतीय बल्लेबाज़ी की रीढ़ तोड़ दी। शैडली ने 4 ओवर में सिर्फ 25 रन देकर 4 विकेट चटकाए और भारत के खिलाफ एक अविस्मरणीय स्पेल डाला। इसके बाद पाकिस्तान के खिलाफ भी उनका कहर जारी रहा। इस मुकाबले में उन्होंने फिर 25 रन देकर 4 विकेट लिए और शादाब खान, सलमान आगा और सैम अयूब जैसे मुख्य बल्लेबाज़ों को पवेलियन भेजा। हालांकि उनका यह प्रदर्शन जीत दिलाने के लिए पर्याप्त नहीं था, लेकिन उन्होंने अपनी गेंदबाज़ी से पाकिस्तान बल्लेबाज़ों को पूरी तरह बैकफुट पर रखा। नीदरलैंड के खिलाफ भी उन्होंने 3 विकेट लेकर यूएसए को टूर्नामेंट की पहली जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

शैडली वैन शल्कविक मूल रूप से साउथ अफ्रीका में जन्में क्रिकेटर हैं। उनका घरेलू करियर भी बेहद प्रभावशाली रहा है। वेस्टन प्रोविन्स के लिए उन्होंने 2008 में शुरुआत की, जहां उन्होंने फर्स्ट-क्लास में 2593 रन और 239 विकेट लिए। लिस्ट-ए में उनके नाम 1113 रन और 26 विकेट दर्ज हैं। बावजूद इसके उन्हें साउथ अफ्रीका की राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं मिली, जिसके बाद वे 2020 के दशक में अमेरिका चले गए। 2024 टी20 वर्ल्ड कप में उन्होंने अमेरिका के लिए पदार्पण किया। फ्रेंचाइज़ी क्रिकेट में वे लास एजेलिस नाईट रायडर और अबुधाबी किंग्स रायडर के लिए खेलते हैं। अब तक वे इंटरनेशनल क्रिकेट में 13 वनडे और 17 टी20आई मैच खेल चुके हैं। शैडली वैन शल्कविक का यह प्रदर्शन न सिर्फ अमेरिका के लिए प्रेरणादायक है, बल्कि यह साबित करता है कि क्रिकेट अब केवल पारंपरिक देशों तक सीमित नहीं रहा। उनकी सफलता इस टूर्नामेंट की सबसे बड़ी कहानियों में से एक बन गई है।

शुभ लाभ

# स्कोडा और फाक्सवैगन ने अपने माडलों को बनाया अफोर्डेबल

नई दिल्ली, 14 फरवरी (एजेंसियां)।

इंडिया 2.0 स्ट्रैटेजी के बाद स्कोडा और फाक्सवैगन दोनों ब्रैंड ने अपने माडलों को ज्यादा अफोर्डेबल बनाया है। अब दोनों ब्रैंड भारतीय बाजार में अपनी लाइनअप को और आकर्षक बनाने के लिए 6 नई बजट कारों को लान्च करने वाली हैं, जिनमें फेसलिफ्ट और नए माडल शामिल हैं। स्कोडा जल्द ही अपनी सेडान स्लाविया का फेसलिफ्ट लान्च कर सकती है, जिसे कई बार टेस्टिंग के दौरान देखा जा चुका है। इसमें नए ग्रिल, बंपर, हेडलैंप और टेल लैंप मिलने की उम्मीद है। स्लाविया में कुशाक वाला 1.0 टीएसआई इंजन मिलेगा, जबकि 1.5 टीएसआई वर्जन में 150 पीएस पावर और 250 एनएम टार्क के साथ रियर डिस्क ब्रेक स्टैंडर्ड होंगे। कंपनी अपनी सब-4 मीटर एसयूवी कायलाक को भी अपडेट कर सकती है। यह ब्रैंड की सबसे ज्यादा बिकने वाली कारों में शामिल है। अपडेटेड वर्ज़न में कास्मेटिक बदलाव और 1.0 टीएसआई इंजन के साथ 6-स्पीड मैनुअल और 8-स्पीड आटोमैटिक दोनों गियरबाक्स विकल्प मिलेंगे। कुशाक फेसलिफ्ट हाल ही में पेश हो चुकी है, जिसकी कीमतें जल्द घोषित होंगी। इसे बेबी कोडियाक जैसा लुक दिया गया है, जिसमें कनेक्टिंग एलईडी डीआरएल, नया बंपर, पैनोरमिक सनरूफ और अपडेटेड अलाय वील शामिल हैं। इसमें 1.0 टीएसआई और 1.5 टीएसआई इंजन के विकल्प वही रहेंगे। फाक्सवैगन की बात करें तो टाइगुन फेसलिफ्ट नए डिजाइन के साथ आएगी।

### दमदार परफार्मेंस और एडवांस फीचर्स के साथ अक्रास एसयूवी लांच

**नई दिल्ली।** अपनी अपडेटेड अक्रास एसयूवी को सुजुकी ने लांच कर दिया है। यह टोयोटा आरएवी 4 का रीबैज्ड वर्जन होने के बावजूद अब पहले से अधिक प्रीमियम और पावरफुल बनाई गई है। सुजुकी कंपनी ने इसमें हल्के विजुअल बदलाव, मजबूत प्लग-इन हाइब्रिड सिस्टम और कई आधुनिक सेफ्टी फीचर्स शामिल किए हैं। नई एक्रास 2.5-लीटर 4-सिलेंडर पेट्रोल इंजन के साथ आती है, जो 141एचपी की पावर जेनरेट करता है। दो इलेक्ट्रिक मोटर्स के साथ इसका हाइब्रिड सिस्टम परफार्मेंस को और बढ़ाता है। एसयूवी सिर्फ 6.1 सेकंड में 0 से 100 किमी/घंटा की स्पीड पकड़ लेती है, जो इसकी ताकत और एफिशिएंसी का प्रमाण है। डिजाइन की बात करें तो अपडेटेड एक्रास को मस्कुलर और क्लीन फ्रंट लुक दिया गया है। खास फ्रंट ग्रिल, बड़े वील्स और मजबूत फेंडर क्लैडिंग इसके आफ-रोड कैरेक्टर को और उभारते हैं। यह एसयूवी चार कलर आप्शंस मैसिव ग्रे मेटैलिक, एवर रेस्ट मेटैलिक, सुपर वाइट और एटीट्यूड ब्लैक मेटैलिक में उपलब्ध होगी। इंटीरियर में आइलैंड आर्किटेक्चर' लेआउट दिया गया है, जो कंट्रोल्स को बेहद सुलभ और यूजर-फ्रेंडली बनाता है।

## न्यूज ब्रीफ

### कैफे-3 में तकनीकी छूट सख्त करने की तैयारी, आम तकनीकों को नहीं मिलेगा क्रेडिट



**नई दिल्ली।** ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) कारपोरेट एवरेज फ्यूल एफिशिएंसी (कैफे)-3 मानकों के तहत कार कंपनियों को मिलने वाली तकनीकी छूट क्रेडिट' व्यवस्था में बदलाव की तैयारी कर रहा है। प्रस्ताव है कि ईंधन बचाने वाली उन तकनीकों की सूची दुरुस्त की जाए, जिन्हें कंपनियां अपने बेड़े के औसत कार्बन डाइआक्साइड (सीओ2) उत्सर्जन की गणना में छूट के लिए दिखाती हैं। अधिकारियों के अनुसार, जिन तकनीकों का बाजार में व्यापक उपयोग हो चुका है, उन्हें अब छूट नहीं मिलेगी। भारतीय यात्री वाहन बाजार में कई तथाकथित ईंधन-बचत तकनीकें सामान्य हो चुकी हैं। करीब 54 फीसदी कारों में आइडल स्टार्ट-स्टाप सिस्टम, 47 फीसदी में रीजेनरेटिव ब्रेकिंग, 63 फीसदी में टायर प्रेशर मानिटरिंग सिस्टम और 59 फीसदी में 6-स्पीड या उससे अधिक ट्रांसमिशन उपलब्ध है। बीईई का मानना है कि इनका प्रसार इतना बढ़ चुका है कि इन्हें नई' तकनीक मानकर प्रोत्साहन देना उचित नहीं होगा। कारपोरेट एवरेज फ्यूल इफिशियंसी नार्म के तहत कंपनियों को साल भर में बेचे गए सभी यात्री वाहनों का औसत सीओ2 उत्सर्जन तय सीमा में रखना होता है, जिसे ग्राम प्रति किलोमीटर में मापा जाता है। सितंबर 2025 के मसौदे में 9 ग्राम/किमी तक तकनीकी छूट का प्रस्ताव था, लेकिन अंतिम अधिसूचना में इसे घटाकर 6 ग्राम/किमी किया जा सकता है। प्रत्येक स्वीकृत तकनीक पर अधिकतम 1 ग्राम/किमी का ही लाभ मिलेगा। कैफे-3 मानक 2027-28 से 2031-32 तक लागू होने प्रस्तावित हैं। अधिकारियों का कहना है कि छूट सीमा घटाने का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय प्रथाओं के अनुरूप रहना और प्रोत्साहन को वास्तव में नई व प्रभावी तकनीकों तक सीमित करना है।

### बीएसई को मिडकैप इंडेक्स डेरिवेटिव की मंजूरी, निवेशकों को नया विकल्प



**नई दिल्ली।** शेयर बाजार के डेरिवेटिव सेगमेंट में बड़ा विस्तार हुआ है। बाम्बे स्टाक एक्सचेंज (बीएसई) को सेबी से बीएसई फाकस्ड मिडकैप इंडेक्स पर डेरिवेटिव कान्ट्रैक्ट शुरू करने की मंजूरी मिल गई है। इस फैसले के बाद एक्सचेंज के डेरिवेटिव उत्पादों की संख्या बढ़ जाएगी और निवेशकों को फ्यूचर्स व आप्शंस (एफएंडओ) में एक और विकल्प मिलेगा। अभी तक बीएसई केवल संसेक्स और बैंकएक्स इंडेक्स पर डेरिवेटिव ट्रेडिंग की सुविधा देता था। बीएसई के अनुसार फोकस्ड मिडकैप इंडेक्स पर कैश सेटल्ड मासिक इंडेक्स फ्यूचर्स और मासिक इंडेक्स आप्शंस उपलब्ध कराए जाएंगे। इन कान्ट्रैक्ट्स की एक्सपायरी हर महीने के अंतिम गुरुवार को होगी। यानी निवेशकों को निर्धारित समय सीमा के भीतर अपनी पोजिशन का निपटान करना होगा। बीएसई मिडकैप इंडेक्स मिडकैप श्रेणी की शीर्ष 20 कंपनियों के प्रदर्शन को दर्शाता है। इन कंपनियों का चयन फ्री फ्लोट मार्केट कैपिटलाइजेशन के आधार पर किया जाता है। इसका उद्देश्य मिडकैप सेगमेंट की मजबूत और प्रभावशाली कंपनियों की चाल को एक साथ प्रस्तुत करना है।

# वित्त वर्ष 2025-26 तक जीडीपी में शहरी भारत की हिस्सेदारी 70 फीसदी

### 2036 तक 60 करोड़ हो सकती है शहरी आबादी

नई दिल्ली, 14 फरवरी (एजेंसियां)।

**एक डेटा और एनालिटिक्स कंपनी की रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 तक देश के कुल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में शहरी भारत की हिस्सेदारी लगभग 70 प्रतिशत तक पहुंच सकती है। 1990 के दशक में यह आंकड़ा करीब 45 प्रतिशत था। इससे स्पष्ट है कि बीते तीन दशकों में शहरी अर्थव्यवस्था ने तेज रफ्तार से विस्तार किया है और विकास का प्रमुख केंद्र बनकर उभरी है।**



रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2036 तक भारत की शहरी आबादी करीब 60 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है, जो उस समय कुल जनसंख्या का लगभग 40 प्रतिशत होगी। वर्ष 2011 में यह हिस्सा करीब 31 प्रतिशत था। रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं और बेहतर बुनियादी ढांचे की तलाश में बड़ी संख्या में लोग शहरों की ओर रुख कर रहे हैं। देश में शहरी स्थानीय निकायों की संख्या 2016 के 4,567 से बढ़कर 2025 में 4,958 हो गई है, जो लगभग 8.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि टियर-2 और टियर-3 शहर निवेश और औद्योगिक गतिविधियों के नए केंद्र बन रहे हैं। ये शहर वैश्विक क्षमता केंद्र स्थापित करने के लिए आकर्षक विकल्प के रूप में उभर रहे हैं, जिससे महानगरों पर दबाव कम होगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि बुनियादी ढांचे, डिजिटल कनेक्टिविटी और शहरी प्रशासन में सुधार जारी रहा तो शहरी अर्थव्यवस्था देश की विकास दर को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि बुनियादी ढांचे, स्मार्ट सिटी परियोजनाओं, डिजिटल कनेक्टिविटी और शहरी प्रशासन में सुधार की गति बरकरार रहती है, तो शहरी अर्थव्यवस्था देश की विकास दर को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकती है।

### सर्राफा बाजार में दिखी तेजी; चांदी 8000 रुपये महंगी

**नई दिल्ली।** घरेलू बाजार में सोने-चांदी का भाव राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव बढ़कर लगभग 1,57,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया, वहीं मुंबई में यह करीब 1,57,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। इससे पहले एक दिन पहले दिल्ली के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत करीब 2,400 रुपये (लगभग 1.5प्रतिशत) गिरकर 1,58,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई थी। वहीं चांदी की कीमत 13,500 रुपये टूटकर 2.55 लाख रुपये प्रति किलोग्राम आ गई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी का हाल वैश्विक बाजार में भी कीमती धातुओं में मजबूती रही। हाजिर सोना करीब 4,968 डालर प्रति औंस के आसपास ट्रेड कर रहा है, जबकि कामेक्स पर सोना लगभग 5,046 डालर प्रति औंस पर बंद हुआ, जिसमें करीब 2प्रतिशत की इंट्राडे तेजी दर्ज की गई। इसी तरह चांदी की कीमत भी 3प्रतिशत से अधिक उछलकर लगभग 77.96 डालर प्रति औंस पर पहुंच गई। अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों का असर सुरक्षित निवेश पर पड़ा जानकारों के मुताबिक, अमेरिकी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के अपेक्षा से कम रहने से डालर पर दबाव बना और निवेशकों ने सुरक्षित निवेश के रूप में सोना-चांदी में खरीदारी बढ़ा दी। जनवरी 2026 में अमेरिकी महंगाई दर 2.40प्रतिशत रही, जो बाजार के 2.50प्रतिशत के अनुमान से कम थी, हालांकि यह दिसंबर 2025 की तुलना में 0.30प्रतिशत अधिक है। सोने-चांदी को लेकर विशेषज्ञों का अनुमान विश्लेषकों का मानना है कि हालिया गिरावट के बावजूद कीमती धातुओं में लंबी अवधि का बुल रन जारी है। ब्रोकरेज फर्म एमके वेल्थ के अनुसार, अनुकूल वैश्विक मैक्रोइकानामिक स्थितियां, संरचनात्मक मांग और निवेशकों की बदलती प्राथमिकताएं सोना-चांदी को अगले 3-5 वर्षों तक समर्थन दे सकती हैं। जेपी मार्गन का अनुमान है कि 2026 के अंत तक सोने की कीमत 6,300 डालर प्रति औंस तक पहुंच सकती है। विशेषज्ञों ने निवेशकों को सलाह दी है कि पोर्टफोलियो में विविधता बनाए रखने के लिए सोना-चांदी को होल्ड करें और गिरावट के दौरान चरणबद्ध निवेश करें, क्योंकि मौजूदा उतार-चढ़ाव को दीर्घकालिक तेजी के बीच सुधार के रूप में देखा जा रहा है।

# भारत में सऊदी तेल आयात में तेजी, रूस पर निर्भरता घटने लगी



नई दिल्ली, 14 फरवरी (एजेंसियां)।

### फरवरी में सऊदी सप्लाई बढ़ी, हर दिन भेजा 11.3 लाख बैरल क्रूड

वैश्विक शिप ट्रैकिंग फर्म केप्लर के आंकड़ों के अनुसार, फरवरी के पहले 10 दिनों में भारत ने सऊदी अरब से औसतन 11.3 लाख बैरल प्रति दिन (बीपीडी) कच्चा तेल आयात किया। वहीं रूस से सप्लाई 10.9 लाख बीपीडी रही। यह करीब एक साल बाद सऊदी अरब की सप्लाई 10 लाख बीपीडी के पार जाने का संकेत है। जनवरी में भारत ने रूस से 11.4 लाख बीपीडी, इराक से 10.3 लाख बीपीडी और सऊदी अरब से केवल 7.74 लाख बीपीडी* तेल आयात किया था। विशेषज्ञों के अनुसार फरवरी की शुरुआत में ही सऊदी की सप्लाई बढ़ने और रूस की सप्लाई घटने की प्रवृत्ति देखने को मिल रही है। हाल ही में अमेरिका ने भारत पर प्रस्तावित रेसिप्रोकल टैरिफ को घटाकर 18 प्रतिशत किया और रूस से तेल खरीद पर अतिरिक्त शुल्क हटा दिया। इससे भारत को रूस पर निर्भरता धीरे-धीरे कम करने का अवसर मिला। भारत अपनी कुल तेल जरूरतों का लगभग 90 फीसदी आयात करता है और यह दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल खरीदार है। देश की रिफाइनिंग क्षमता 258 मिलियन टन प्रति वर्ष है, जो 2030 तक 309 मिलियन टन से अधिक होने की उम्मीद है। सऊदी अरब ने अपने तेल की कीमतों को ओमान और दुबई ग्रेड के बराबर कर दिया, ट्रांसपोर्ट लागत कम हुई और पश्चिम एशिया से डिलीवरी सिर्फ तीन दिन में हो रही है। इसके अलावा, सऊदी के पास अतिरिक्त उत्पादन क्षमता है, जिससे जरूरत पड़ने पर तेजी से सप्लाई बढ़ाई जा सकती है। भू-राजनीतिक दबाव और अमेरिकी प्रतिबंधों के बीच भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा के लिए सप्लाई स्रोतों में विविधता ला रहा है। शुरुआती संकेत बताते हैं कि आने वाले महीनों में भारत के तेल आयात मानचित्र में और बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

### आरबीआई ने अधिग्रहण के लिए बैंकों को ऋण देने की मंजूरी दी




**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (भारतीय रिजर्व बैंक) ने बैंकों को सूचीबद्ध और असूचीबद्ध कंपनियों के अधिग्रहण के लिए ऋण देने की अनुमति दी है। अधिग्रहण के कुल मूल्य का अधिकतम 75 फीसदी बैंक ऋण के रूप में दे सकते हैं। ऋण केवल उन अधिग्रहणों के लिए दिया जाएगा, जो लंबी अवधि में मूल्य सृजित कर सकें। केवल अल्पकालिक लाभ या वित्तीय पुनर्गठन के लिए ऋण नहीं मिलेगा। अधिग्रहण करने वाली कंपनी सूचीबद्ध या असूचीबद्ध हो सकती है। उसकी नेटवर्थ कम से कम 500 करोड़ रुपये होनी चाहिए और पिछले तीन वित्त वर्षों में लगातार कर के बाद लाभ होना चाहिए। असूचीबद्ध कंपनियों की न्यूनतम निवेश ग्रेड रेटिंग बीबीबी माइनस होनी जरूरी है। खरीद करार की तारीख से 12 महीनों के भीतर अधिग्रहण पूरा होना चाहिए। यदि कंपनी के पास पहले से लक्ष्य कंपनी पर नियंत्रण है, तो ऋण केवल अतिरिक्त शेयर खरीद के लिए मिलेगा। अधिग्रहण करने वाली और लक्षित कंपनियों के बीच सीधे संबंध नहीं होने चाहिए।

# नया स्मार्टफोन नोट 60 प्रो जल्द होगा लॉन्च

नई दिल्ली, 14 फरवरी (एजेंसियां)।

**स्मार्टफोन निर्माता कंपनी इनफिनिक्स जल्द ही अपना नया स्मार्टफोन नोट 60 प्रो लान्च करने जा रही है। कंपनी ने हाल ही में टीज़र में फोन के डिजाइन और कई प्रमुख फीचर्स की झलक दिखाई गई है। टीज़र में फोन को सिल्क ग्रीन, सोलर आरेंज और टोरिनो ब्लेक कलर आप्शन में दिखाया गया है, जिनमें सोलर आरेंज माडल अपने लुक के कारण खास चर्चा में है क्योंकि यह काफी हद तक आईफोन 17 प्रो जैसा दिखाई देता है। यह फोन नोट 50 प्रो का अपग्रेडेड वर्ज़न होगा और पावर तथा कैमरा के मामले में इसे पहले से काफी बेहतर बताया जा रहा है।**




इसके डिजाइन की सबसे बड़ी आकर्षक खासियत है इसका रियर मेट्रिक्स डिस्प्ले, जो फोन के बैक पैनल पर एक छोटे सेकेंडरी स्क्रीन जैसा काम करेगा। यह मिनी-डिस्प्ले समय, मौसम, नोटिफिकेशन और म्यूजिक कंट्रोल जैसी जानकारी दिखाने में सक्षम होगा, जिससे यह फोन प्रीमियम फील देता है। लीक्ड जानकारी के मुताबिक, इनफिनिक्स नोट 60 प्रो में स्नैपड्रेगन 7एस जेन 4 5जी चिपसेट दिया जाएगा, जो मल्टीटास्किंग और हेवी गेमिंग के लिए शानदार माना जा रहा है। इसके अलावा फोन में 1.5के अमोलेड डिस्प्ले होगा, जो 144एचझेड रिफ्रेश रेट सपोर्ट करेगा और स्मूद विजुअल एक्सपीरियंस देगा। रिपोर्ट्स के अनुसार, फोन एंड्राएड 16 आधारित एक्सओएस इंटरफेस पर चलेगा और 5जी, वायफाय, ब्ल्यूटूथ, जीपीएस जैसे सभी कनेक्टिविटी फीचर्स को सपोर्ट करेगा। कैमरे की बात करें तो इसमें 50एमपी नाइट मास्टर कैमरा होगा, जो कम रोशनी में भी बेहतरीन तस्वीरें लेने में सक्षम होगा। फोन की बैटरी भी इस बार और मजबूत की गई है। इसमें 6500एमएएच की बड़ी बैटरी और 90वाट फास्ट चार्जिंग मिलने की उम्मीद है, जिससे यह मिड-रेंज सेगमेंट में एक पावरफुल विकल्प बन जाता है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

## भाजपा की...

कोत्तागुडेम में कांग्रेस और भाकपा ने 22-22 सीटें जीती हैं। सूत्रों के अनुसार, मेयर पद भाकपा को मिलने की संभावना है, लेकिन बातचीत जारी है। कई निकायों में त्रिशंकु परिणाम आने के बाद राजनीतिक उठापटक और पोचिंग (पार्षदों की खरीद-फरोख्त) के आरोप भी लगने लगे हैं।

### शहरी मतदाताओं का बदला मिजाज

राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि जहां शहरी मतदाताओं ने कांग्रेस को निर्णायक बढ़त दी, वहीं बीआरएस और भाजपा ने भी कड़ी चुनौती पेश की है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एन. रामचंद्र राव ने कहा कि पार्टी ने छह नगर पालिकाओं में सबसे बड़ी पार्टी बनकर अपना प्रदर्शन सुधारा है।

वहीं, एआईएमआईएम ने भैंसा नगर पालिका में अपनी बढ़त बनाई है। गौरतलब है कि जीएचएमसी, ओआरआर कोर बेल्ट के दो अन्य निगमों और खम्मम व वरंगल निगमों के चुनाव अभी नहीं हुए हैं।

नगर पालिकाओं के अध्यक्षों और महापौरों का चुनाव 16 फरवरी को किया जाएगा।

### 30 नगर पालिकाओं में निर्दलीयों के पास सत्ता की चाबी

नगर निकाय चुनावों के नतीजे शुक्रवार को घोषित होने के बाद असली राजनीतिक लड़ाई अब शुरू हुई है। कांग्रेस, बीआरएस और भाजपा के बीच त्रिकोणीय संघर्ष के बीच निर्दलीय उम्मीदवार किंगमेकर बनकर उभरे हैं। राज्य के दर्जनों शहरी स्थानीय निकायों में, जहाँ किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है, वहाँ अध्यक्ष और महापौर के पदों का फैसला अब इन निर्दलीयों के हाथों में है।

नगर पालिकाओं में कुल 181 निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की है। 123 नगर पालिकाओं में से लगभग 30 में त्रिशंकु परिणाम आए हैं, जिनमें जनगाँव, ईस्नापुर, अलीआबाद, कागजनगर, गदवाल, वेमुलवाड़ा और रायकल जैसे प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं।

### खरीद-फरोख्त का डर: पार्षदों की बाड़ेबंदी

किसी भी दल के जादुई आंकड़े तक न पहुँचने के कारण मतगणना के कुछ ही घंटों के भीतर पर्दे के पीछे की बातचीत और सौदेबाजी शुरू हो गई।

पोचिंग (पार्षदों की खरीद-फरोख्त) को रोकने के लिए राजनीतिक दलों ने अपने निर्वाचित सदस्यों को गुप्त स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया है। ये सदस्य अब सीधे 16 फरवरी को शपथ ग्रहण और अध्यक्ष/मेयर चुनाव के लिए ही लौटेंगे।

सत्ताधारी कांग्रेस पार्टी अपने पदेन सदस्यों जैसे विधायक, विधान पार्षद और सांसदों के वोटों का उपयोग करके कुछ नगर पालिकाओं में पलड़ा अपने पक्ष में झुकाने की कोशिश कर रही है। हालांकि, निर्दलीय उम्मीदवार कड़ी सौदेबाजी कर रहे हैं। अलीआबाद में, जहाँ 20 वार्डों में कांग्रेस को 8 और बीआरएस को 7 सीटें मिली हैं, वहाँ एक मात्र निर्दलीय उम्मीदवार ने समर्थन के बदले अध्यक्ष पद की मांग की है।

### जगतियाल और करीमनगर में रोचक समीकरण

जगतियाल में निर्दलीयों की भूमिका सबसे निर्णायक है, जहाँ 15 निर्दलीयों ने जीत हासिल की है। ये निर्दलीय मुख्य रूप से कांग्रेस के दिग्गज नेता टी. जीवन रेड्डी के वफादार माने जा रहे हैं, जिन्होंने टिकट न मिलने पर अपने समर्थकों को मैदान में उतारा था।

करीमनगर नगर निगम में भी भाजपा 27 वार्डों के साथ सबसे बड़ी पार्टी तो बनी है, लेकिन बहुमत के लिए उसे 7 निर्दलीयों के समर्थन की सख्त जरूरत है। वहीं, केसमुद्रम में कांग्रेस और बीआरएस दोनों 8-8 सीटों पर बराबरी पर हैं, जहाँ अब सांसदों और विधायकों के पदेन वोट ही हार-जीत का फैसला करेंगे।

### ईस्नापुर और जनगाँव में कांटे की टक्कर

ईस्नापुर में स्थिति बेहद तनावपूर्ण है, जहाँ बीआरएस को 12 और कांग्रेस को 10 सीटें मिली हैं। यहाँ जीत के लिए जरूरी 4 निर्दलीयों को अपने पाले में करने के लिए दोनों दलों के बीच मतगणना केंद्र पर ही खींचतान देखी गई। जनगाँव में भी बीआरएस (13) और कांग्रेस (12) के बीच मात्र एक सीट का अंतर है, जहाँ 5 निर्दलीय उम्मीदवार अब सत्ता का भविष्य तय करेंगे।

हालांकि, अमनगल, चेवेल्ला, निर्मल और यादगिरिगुट्टा जैसे कुछ क्षेत्रों में मतदाताओं ने स्पष्ट जनादेश दिया है, जहाँ किसी भी निर्दलीय उम्मीदवार को जीत नहीं मिली है।

## नुमाइश का ...

इस वर्ष की प्रदर्शनी में देश के विभिन्न हिस्सों से लगभग 1,050 व्यापारियों ने भाग लिया। आगंतुकों के लिए यहाँ उत्पादों की एक विशाल शृंखला उपलब्ध रही, जिसमें रेडीमेड कपड़े, हस्तशिल्प, जूते, कृत्रिम आभूषण, सौंदर्य प्रसाधन, सूखे मेवे, घरेलू साज-सज्जा का सामान, फर्नीचर और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण शामिल थे। कश्मीरी केसर से लेकर उत्तर प्रदेश के फर्नीचर तक, लोगों ने हर स्टॉल पर अपनी पसंद के सामान की तलाश की।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, रविवार, 15 फरवरी, 2026

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

# स्कूलों, कॉलेजों और सोसायटियों में 'मातृ-पितृ पूजन दिवस' की धूम: युवा पीढ़ी ने संजोए संस्कार

**हैदराबाद, 14 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** संत श्री आशारामजी बापू की पावन प्रेरणा से शनिवार को हैदराबाद के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और हाउसिंग सोसायटियों में 'मातृ-पितृ पूजन दिवस' का आयोजन अत्यंत गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। यह अभियान पिछले 12 वर्षों से पाश्चात्य संस्कृति के अंधानुकरण के विरुद्ध युवा पीढ़ी को नैतिक मूल्यों से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम बन चुका है।



**संस्कारों का बीजारोपण**

शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता का विधिवत पूजन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान पूरा वातावरण 'मातृ देवो भव, पितृ देवो भव' के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। बच्चों ने तिलक, पुष्पमाला और आरती के माध्यम से अपने कृतज्ञ भाव प्रकट किए।

**कुरीतियों पर प्रहार**

इस अवसर पर युवाओं को वेलेंटाइन डे जैसी पाश्चात्य प्रवृत्तियों, नशे और अनैतिक आचरण से दूर रहकर संयमित एवं संस्कारित जीवन जीने की प्रेरणा दी गई। वक्ताओं ने भारतीय संस्कृति में माता-पिता के स्थान को सर्वोपरि बताते हुए पारिवारिक मूल्यों के संरक्षण का संदेश दिया।

**सरकारी व राष्ट्रीय स्तर पर सराहना**

यह कार्यक्रम केवल एक संस्था तक सीमित नहीं है। छत्तीसगढ़ सरकार ने वर्ष 2012 से इसे राज्यस्तरीय पर्व घोषित कर स्कूलों में मनाने का निर्देश दिया है। वहीं देश के पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने भी इस भगीरथ प्रयास की सराहना की थी।

**अभिभावकों का संदेश**

अभिभावकों ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि वर्तमान समय में बच्चों को माता-पिता के त्याग, अनुशासन और संस्कारों का महत्व समझाना अत्यंत आवश्यक है। उनका मानना है कि इस प्रकार के आयोजन परिवारों में प्रेम, सम्मान और पारस्परिक विश्वास को सुदृढ़ करते हैं तथा समाज में सकारात्मक वातावरण का निर्माण करते हैं।




# बचपन से सेवा के संस्कार मिलना सबसे बड़ा सौभाग्य : वंश अग्रवाल



**हैदराबाद, 14 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** बेगम बाजार स्थित भू देवी माता मंदिर के पास जारी नियमित सेवा कार्यक्रम में आज वंश अग्रवाल ने अपने मन की सच्ची भावनाएँ व्यक्त कीं।

वंश अग्रवाल ने कहा कि वे अपने दादाजी श्री जगत नारायण अग्रवाल एवं दादी जी श्रीमती राजकुमारी अग्रवाल के साथ कई बार यहाँ सेवा कार्य में आते रहे हैं। प्रारंभ में उन्हें लगता था कि यह एक सामान्य कार्य है, लेकिन जब उन्होंने जरूरतमंदों की सहायता, अन्न वितरण और निस्वार्थ सेवा को निकट से देखा, तब उन्हें सेवा का वास्तविक महत्व समझ में आया।उन्होंने कहा कि उनके दादाजी-दादीजी ने उन्हें संस्कारों और सेवा भाव से जोड़ने का जो प्रयास किया है, वह उनके जीवन की अमूल्य पूंजी है।इस अवसर पर राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद के सक्रिय सदस्यों में श्री महेश अग्रवाल, गोविंद राम पचेरिया, अनिल अग्रवाल धरसुवाले, विनोद तोषनीवाल, महेश गोयल, अरुण विजयवर्गीय, पन्ना लाल जी, लता गोयल, नीलम विजयवर्गीय, मीना अग्रवाल, स्वास्ति अग्रवाल, अर्चना शास्त्री एवं रेनू शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।वंश अग्रवाल ने सभी वरिष्ठजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी के आशीर्वाद और मार्गदर्शन से यह सेवा कार्य निरंतर आगे बढ़ता रहेगा।

# श्री पहाड़ी श्याम मंदिर में 'झूम ले प्रेमी आयो फाल्गुन' भजन संध्या सम्पन्न

**हैदराबाद, 14 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** महिन्द्रा हिल्स स्थित श्री पहाड़ी श्याम मंदिर में 'प्रेमी पहाड़ी श्याम के' के तत्वावधान में आयोजित 'झूम ले प्रेमी आयो फाल्गुन' भजन कार्यक्रम श्रद्धा एवं उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में भक्तिमय वातावरण के बीच श्याम प्रेमियों ने भजनों का रसास्वादन किया।

कार्यक्रम में भजन गायक दीपेश जोशी एवं सुनील शर्मा ने अपनी मधुर वाणी से मनमोहक भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

फाल्गुन मास की उमंग और भक्ति भाव से ओत-प्रोत प्रस्तुतियों ने उपस्थित भक्तगणों को झूमने पर विवश कर दिया।

अवसर पर मंदिर के चेयरमैन अरुण डाकोतिया ने भजन गायकों एवं विशिष्ट अतिथियों का सम्मान किया।



इस दौरान ट्रस्टी पंकज सिंगला, विजय अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल (नाचारम), राहुल अग्रवाल तथा ङ्मप्रेमी पहाड़ी श्याम केफ के विकास राठौड़ एवं यश मारु सहित अनेक भक्तगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का समापन सामूहिक आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ, जिससे संपूर्ण परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो उठा।




# रोटरी क्लब ऑफ हैदराबाद सेंटेनियल की बैठक सम्पन्न

**हैदराबाद, 14 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** रोटरी क्लब ऑफ हैदराबाद सेंटेनियल की नाश्ता बैठक होटल ताज महल, सिकंदराबाद में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष चेतन रॉय ने की। उन्होंने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए आगामी सेवा परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की।बैठक में सर्वसम्मति से यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि सिकंदराबाद कैंटोनमेंट बोर्ड की स्वीकृति प्राप्त होने के उपरांत अटल बिहारी वाजपेयी पार्क, जेबीएस (सिकंदराबाद) के समीप, बच्चों के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त प्ले एरिया विकसित किया जाएगा।इस पहल से आसपास के क्षेत्र के बच्चों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं मनोरंजक वातावरण उपलब्ध कराने का उद्देश्य है, जिससे उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास को प्रोत्साहन मिल सके।बैठक में डिस्ट्रिक्ट अवाड्र्स नाइट आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया, जिसमें उत्कृष्ट सेवा कार्य करने वाले रोटेरियनों को सम्मानित किया जाएगा।



साथ ही यह जानकारी दी गई कि आगामी 23 तारीख को डिस्ट्रिक्ट गवर्नर क्लब की फेलोशिप में विशेष रूप से उपस्थित होकर सदस्यों का मार्गदर्शन करेंगे।इस अवसर पर अध्यक्ष चेतन रॉय, सचिव पारस दोषी, अनिल दंडू, पंकज कुमार संघी, रामराज खत्री, बृजेंद्र मारवाह, दिवाकर, विजय सारथी एवं संजय केडिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।




# करीमनगर कॉरपोरेशन में जीत पर बंडी संजय का सम्मान



**हैदराबाद, 14 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** करीमनगर नगर निगम में भारी बहुमत से विजय प्राप्त करने पर केंद्रीय मंत्री बंडी संजय कुमार का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया।यह सम्मान कार्यक्रम भाजपा नेता एवं वाइस चेयरमैन महेश बैंक गोविंद नारायण राठी द्वारा आयोजित किया गया।

# श्री उमिया माता मंदिर में पू. रामचंद्र डोंग्रेजी महाराज जन्म शताब्दी महोत्सव का शुभारंभ आज








**हैदराबाद, 14 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो) ।**
मेडचल स्थित श्री उमिया माता मंदिर, उमियाधाम में पू. रामचंद्र डोंग्रेजी महाराज गौशाला के सहायतार्थ पू. रामचंद्र डोंग्रेजी महाराज के जन्म शताब्दी महोत्सव के अंतर्गत एक भव्य रंगारंग लोकसंगीत ङ्गडायरोफ कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।जारी प्रेस विज्ञप्ति में प्रधान संयोजक जसमत पटेल ने बताया कि गौशाला के तत्वावधान में पू. रामचंद्र डोंग्रेजी महाराज के जन्म शताब्दी महोत्सव का शुभारंभ (2026 से 2027 तक एक वर्षीय कार्यक्रम) रविवार, 15-02-2026 को सायं 6:33 बजे से किया जाएगा।इस पावन अवसर पर प.पू. श्री महंत स्वामीजी महाराज, प.पू. श्री चिन्न जियर स्वामी, प.पू. श्री गोविंदगिरी महाराज, शास्त्री श्री प.पू. कृष्णवल्लभदास महाराज, जैनाचार्य प.पू. श्री अभयसेन विजयजी म.सा. तथा शास्त्री श्री प.पू. हरिदर्शनदासजी स्वामी के पावन आशीर्वाद एवं सानिध्य में कार्यक्रम संपन्न होगा।

**भव्य लोक डायरो में नामचीन कलाकारों की प्रस्तुति**

कार्यक्रम के प्रधान संयोजक जसमत पटेल एवं अशोक पटेल ने बताया कि विशाल लोक डायरो में देश के जाने-माने साहित्य एवं लोक कलाकार भाग लेंगे। विख्यात लोक गायक विवेक सांखला, प्रसिद्ध लोक गायिका श्रुति पटेल तथा विख्यात हास्य कलाकार हकका भा गढ़वी अपनी टीम के साथ प्रस्तुति देंगे।इस आयोजन में गुजरात के मोरबी, कच्छ, अहमदाबाद, सूरत, बेंगलुरु के साथ-साथ हैदराबाद और सिकंदराबाद से भी बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्तियों एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति रहेगी।

**तैयारियों को अंतिम रूप, विशेष बैठक आयोजित**

कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के लिए श्री उमिया माता मंदिर में एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में गौशाला के अध्यक्ष मनसुख पटेल, मंत्री भगवानजी पटेल, वसंत पटेल, चंद्रकांत पटेल, जसमत पटेल, जीवराम पटेल, महेश पटेल, प्रभु पटेल, भरत पटेल, बलदेव पटेल सहित गौशाला की वॉलीबॉल टीम के सदस्य दीपक, अनिल, किरण, हरीश, सुमीत, संजय, मयूर, अल्पेश, अशोक, प्रवीण, रमेश, हीतेश, सीतेश, डी.के. पटेल, ललित, दिव्येश, महेंद्र, जीतू, परेश, विपुल, अमित विजय, प्रभु पटेल, इवेंट मैनेजर मनीष पटेल, एन.एस. पटेल एजेंसिस के निदेशक रामकृष्ण पटेल एवं अन्य उपस्थित थे।

**जनसामान्य से अधिकाधिक सहभागिता का आह्वान**

पू. रामचंद्र डोंग्रेजी महाराज गौशाला के पदाधिकारियों ने जनसामान्य से निवेदन किया है कि वे इस भव्य जन्म शताब्दी महोत्सव एवं लोकसंगीत डायरो कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पधारकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं तथा गौशाला के इस पुण्य कार्य में सहयोग प्रदान करें।





15 फरवरी को आयोजित होने वाले जन्म शताब्दी महोत्सव में सहभागिता के लिए रामचंद्र डोंग्रेजी महाराज गौशाला द्वारा शहर के विभिन्न सामाजिक एवं औद्योगिक क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर श्री श्याम मंदिर सेवा समिति के सहमंत्री रामदेव अग्रवाल, कच्छी गुर्जर बैंक के चेयरमैन प्रदीप संघवी, विशाखा इंडस्ट्रीज ग्रुप के वी.पी. प्रकाश वर्मा, वी.पी. मार्केटिंग चेतन वदाने, ए.जी.एम. दामोदर, श्रीनिवास दंडु आदि को औपचारिक रूप से निमंत्रित किया गया। निमंत्रण प्रदान करने वालों में जसमत पटेल, रिद्धीश जागीरदार, तरुण महेता एवं अन्य प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे।

# अग्रवाल समाज अमीरपेट शाखा द्वारा अन्न प्रसाद वितरण कार्यक्रम सम्पन्न





**हैदराबाद, 14 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
अग्रवाल समाज, अमीरपेट शाखा द्वारा प्रति माह समाज सेवा की भावना से आयोजित किया जाने वाला अन्न प्रसाद कार्यक्रम दिनांक 14 फरवरी, 2026 (शनिवार) को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

यह सेवा कार्यक्रम एम.सी.एच. ग्राउंड्स, अमीरपेट में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में जरूरतमंदों ने अन्न प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्ग तक सहायता पहुंचाना तथा सेवा की भावना को सुदृढ़ करना रहा।

इस सेवा कार्य के सौजन्य प्रायोजक सुरेश सिंघल, अमित सिंघल एवं समस्त सिंघल परिवार रहे। उनके सहयोग से कार्यक्रम सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सका।अग्रवाल समाज, अमीरपेट शाखा समय-समय पर इस प्रकार के सेवा एवं परोपकार के कार्य समाज हित में निरंतर करती रहती है। शाखा का उद्देश्य समाज में सहयोग, समर्पण और संवेदनशीलता की भावना को प्रोत्साहित करना है, जिससे जरूरतमंदों को नियमित रूप से सहायता मिलती रहे।

इस आयोजन ने समाज सेवा के क्षेत्र में एक सकारात्मक संदेश प्रसारित किया तथा उपस्थित जनों ने इस पुनीत कार्य की सराहना की।

# ब्रह्म प्रकाश डी.ए.वी. स्कूल के विद्यार्थियों का कराटे प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन



**हैदराबाद, 14 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** नायक बुडोकन एकेडमी की देखरेख में आयोजित कराटे प्रतियोगिता में ब्रह्म प्रकाश डी.ए.वी. स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता का आयोजन इसी माह की 14 तारीख को किया गया, जिसमें प्रतिभागी विद्यार्थियों ने अपने कौशल, अनुशासन और आत्मविश्वास का प्रभावशाली प्रदर्शन किया तथा अगली पोजीशन के लिए क्वालिफ़ाई किया।

विद्यालय के प्रिंसिपल वी.एस. प्रशांत ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि ब्रह्म प्रकाश डी.ए.वी. स्कूल सदैव विद्यार्थियों की जिज्ञासा को प्रोत्साहित करने, खेलों के माध्यम से उनके शारीरिक स्वास्थ्य एवं मानसिक स्थिरता को सुदृढ़ करने तथा उनके सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में आत्मबल, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना को विकसित करती हैं। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में स्कूल की अध्यक्ष श्रीमती के. मधुबाला, डी.ए.वी. स्कूल की एआरओ श्रीमती के. आनंदवल्ली, प्रधानाचार्य, शिक्षकगण तथा मिधानि और बी. डी. एल. के एलएमसी सदस्य तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।विद्यालय प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए आशा जताई कि विद्यार्थी भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहेंगे।

# उपेंद्र रेड्डी ने सेटविन के प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यभार संभाला



**हैदराबाद, 14 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
एम. उपेंद्र रेड्डी ने गुरुवार, 12 फरवरी 2026 को तेलंगाना राज्य सरकार के सार्वजनिक उपक्रम सेटविन के नए प्रबंध निदेशक (एमडी) के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने के. वेणुगोपाल राव का स्थान लिया है, जो अब तक इस पद पर अतिरिक्त प्रभार के रूप में कार्यरत थे। के. वेणुगोपाल राव का स्थानांतरण अब युवा सेवा विभाग के महाप्रबंधक के रूप में कर दिया गया है।पदभार ग्रहण करने के बाद उपेंद्र रेड्डी ने कहा कि वे संगठन की प्रगति और विकास के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने राज्य सरकार के सहयोग से सेटविन को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने का संकल्प व्यक्त किया।उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे संस्थान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए एकजुट होकर कार्य करें, ताकि युवाओं को कौशल विकास एवं रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जा सकें।निवर्तमान प्रबंध निदेशक के. वेणुगोपाल राव ने अपने कार्यकाल के दौरान सहयोग प्रदान करने के लिए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर संगठन के प्रशासनिक अधिकारी जगन्नाथ, लेखा अधिकारी सुरेश बाबू, प्रशिक्षण प्रभारी नवीन कुमार, आसिफ अली सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# केबीआर पार्क में किया गया अन्नदान



**हैदराबाद, 14 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद के तत्वावधान में इंडो अमेरिकन कैंसर हॉस्पिटल के सामने केबीआर पार्क के पास नियमित अन्नदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आज की सेवा श्री सुनील कुमार एवं श्रीमती संगीता गुप्ता की शादी की सालगिरह पर मैसर्स पवन सिल्क मिल्स की और से की गई।

इस अवसर पर सतीश कुमार गुप्ता, आशा अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, हरीश तोलाराम हिंदूजा, संजय गुप्ता, जयप्रकाश सारडा आदि उपस्थित थे।

# पॉ-लेंटाइन डे : पेटफोक के साथ पेट पैरेंट्स और बेजुबान दोस्तों ने मनाया प्यार का उत्सव





**हैदराबाद, 14 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
वेलेंटाइन डे के खास मौके पर शनिवार को हैदराबाद के कोम्पल्ली में प्यार, देखभाल और खुशी का एक अनोखा संगम देखने को मिला। प्रसिद्ध पेट ग्रूमिंग ब्रांड पेटफोक द्वारा आयोजित पॉ-लेंटाइन डे समारोह में बड़ी संख्या में पेट पेरेंट्स ने अपने पालतू जानवरों के साथ शिरकत की। यह आयोजन पूरी तरह से इंसानों और उनके पालतू जानवरों के बीच के अटूट रिश्ते को समर्पित था।

इस भव्य कार्यक्रम के दौरान कई रोमांचक गतिविधियों का आयोजन किया गया। जहां एक तरफ प्रोफेशनल पेट ग्रूमिंग सत्रों में पालतू जानवरों को संवारा गया, वहीं दूसरी तरफ पेट रैंप वॉक मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। रैंप पर सजे-धजे पालतू जानवरों के जलवे देखकर वहां मौजूद दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए।

इवेंट को और भी यादगार बनाने के लिए पेट सेल्फी और कई अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें पेट पेरेंट्स ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पालतू जानवरों के प्रति प्रेम और उनकी सही देखभाल के प्रति जागरूकता फैलाना था। आयोजन स्थल पर चारों ओर खुशी और उत्साह का माहौल देखा गया।

ग्रूमिंग ब्रांड पेटफोक द्वारा कोम्पल्ली में आयोजित इस ग्रैंड इवेंट ने शहर के पेट प्रेमियों को एक साझा मंच प्रदान किया। इस दौरान पेट पैरेंट्स ने न केवल अपने पालतू जानवरों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताया, बल्कि अन्य पशु प्रेमियों के साथ अपने अनुभव भी साझा किए। पॉ-लेंटाइन डे उत्सव ने साबित कर दिया कि प्यार की कोई भाषा नहीं होती और यह बेजुबान जानवरों के प्रति भी उतना ही गहरा होता है।

# साइबर अपराध जागरूकता अभियान आयोजित




**हैदराबाद, 14 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो) ।**
हैदराबाद में एसएचओ नागेश्वर राव के नेतृत्व में साइबर अपराध पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान अत्तापुर पुलिस स्टेशन के अंतर्गत मारुति नगर क्षेत्र में घर-घर जाकर संचालित किया गया।

पुलिस टीम ने नागरिकों को ओटीपी स्कैम, फर्जी कॉल और ऑनलाइन धोखाधड़ी से सतर्क रहने के लिए जागरूक किया। लोगों को स्पष्ट रूप से समझाया गया कि वे किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी साझा न करें और संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें।

अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की कि यदि वे किसी भी प्रकार के साइबर अपराध का शिकार होते हैं या संदिग्ध गतिविधि देखते हैं, तो तुरंत राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें।

पुलिस का उद्देश्य आमजन को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाकर साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाना है।

# फॉर्मूला ई मामले में अरविंद कुमार के अभियोजन को केंद्र की मंजूरी



**हैदराबाद, 14 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो) ।**
खबरों के मुताबिक, केंद्र सरकार ने फॉर्मूला ई मामले में वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अरविंद कुमार पर मुकदमा चलाने के लिए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) को मंजूरी दे दी है।

तेलंगाना के मुख्य सचिव के. रामकृष्ण राव ने पिछले वर्ष दिसंबर में आईएएस अधिकारी के अभियोजन की स्वीकृति के लिए कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग को पत्र लिखा था।

एसीबी ने 9 सितंबर को तेलंगाना सरकार को अपनी अभियोजन रिपोर्ट सौंपी थी, जिसमें भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष के.टी. रामाराव को मुख्य आरोपी बनाया गया था।

रिपोर्ट में अरविंद कुमार को दूसरे आर-ोपी के रूप में नामित किया गया, जबकि हैदराबाद महानगर विकास प्राधिकरण (एचएमडीए) के पूर्व मुख्य अभियंता बीएलएन रेड्डी के खिलाफ भी मुकदमा चलाने की अनुमति मांगी गई थी।

इसी क्रम में, तेलंगाना के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने नवंबर के अंत में एसीबी को केटीआर के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल करने की अनुमति दी थी।तेलंगाना में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद यह मामला सामने आया। आरोप है कि पूर्व बीआ-रएस सरकार ने कैबिनेट की मंजूरी के बिना करों सहित लगभग 54 करोड़ रुपये (जिसमें 8 करोड़ रुपये कर शामिल) खर्च किए।उस समय अरविंद कुमार नगर प्रशासन विभाग में विशेष मुख्य सचिव के रूप में कार्यरत थे, जिसका नेतृत्व केटीआर कर रहे थे। उनके द्वारा इस वित्तीय लेन-देन को दी गई अनुमति पर सवाल उठाए गए थे।

11 फरवरी 2023 को हुसैन सागर के किनारे पहली फॉर्मूला ई रेस आयोजित की गई थी। आयोजन की सफलता के बाद, एमएयूडी विभाग ने एफईओ के साथ 10 फरवरी 2024 को प्रस्तावित दूसरी रेस के लिए समझौता किया।इस समझौते के तहत एचएमडीए ने एफईओ को लगभग 55 करोड़ रुपये का भुगतान किया था। हालांकि, जनवरी 2024 में एफईओ ने समझौते की शर्तों के अनुपालन में कमी का हवाला देते हुए आयोजन से हटने की घोषणा कर दी।समझौते के समय बीआरएस सत्ता में थी, जबकि रद्द करने के समय राज्य में कांग्रेस की सरकार थी। मामला वर्तमान में जांच के अधीन है।

आज का अल्पाहार
राधे राधे ग्रुप


श्रीमती सोनम मित्तल
के पुण्य स्मृति के अवसर पर
सोनम मित्तल वुमेन वेलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट, सिकन्दराबाद
वितरण स्थल : इंडो अमेरिकन कैंसर हॉस्पिटल के सामने, के.बी.आर गार्डन के पास
SATISH KUMAR GUPTA 92465 05234
JAGAT NARAYAN AGARWAL 92465 35311
RAM PRAKASH GOEL 93910 14283
MAHESH AGARWAL 98490 98502

# कैबिनेट ने महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना में 11,000 करोड़ रुपये के राजमार्ग परियोजनाओं को दी मंजूरी

## पीएम गति शक्ति के तहत तीन राज्यों में सड़क अवसंरचना को मिलेगा बढ़ावा




**नई दिल्ली/हैदराबाद, 14 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** केंद्र सरकार ने पीएम गति शक्ति पहल के तहत महाराष्ट्र, गुजरात और तेलंगाना में 11,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की सड़क अवसंरचना परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। यह जानकारी आधिकारिक घोषणाओं के अनुसार मिली है।कैबिनेट समिति आर्थिक मामलों (सीसीईए) ने महाराष्ट्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-160ए के घोटी-त्रिंबक (मोखाड़ा)-जव्हार-मनोर-पालघर खंड के पुनर्वास और उन्नयन को मंजूरी दी है। इस परियोजना में कुल 3,320.38 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। यह 154.635 किलोमीटर लंबी परियोजना इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट एंड कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) मॉडल के तहत लागू की जाएगी। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (मोर्थ) ने बताया कि नासिक के पश्चिम में अंबाड और सतपुर क्षेत्र महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम द्वारा स्थापित औद्योगिक इकाइयों के एक प्रमुख समूह का घर है, जिसके कारण भारी मालवाहक आवाजाही होती है।

यह परियोजना पीएम गति शक्ति उद्देश्यों के अनुरूप है और इससे महाराष्ट्र में छह आर्थिक नोड्स, एक सामाजिक नोड और आठ रसद नोड्स की कनेक्टिविटी में सुधार होने की उम्मीद है। इससे देश की रसद दक्षता मजबूत होगी और लॉजिस्टिक्स परफॉरमेंस इंडेक्स में भी बढ़ोतरी होगी।

**गुजरात में चार-लेन राजमार्ग का निर्माण, यात्रा समय में होगी 40 प्रतिशत की बचत**

गुजरात में, सीसीईए ने धमासिया-बिटाडा/मोवी और नसरपुर-मालोथा के बीच चार-लेन खंडों के निर्माण को 4,583.64 करोड़ रुपये की लागत से मंजूरी दी है। यह 107.67 किलोमीटर की परियोजना एनएच-56 का हिस्सा है, जो राजस्थान के निम्बाहेड़ा से शुरू होकर मध्य प्रदेश और गुजरात से गुजरती है और वापी के पास एनएच-48 से जुड़ती है। यह परियोजना 100 किमी/घंटे की शीर्ष गति और 70 किमी/घंटे की औसत गति के लिए डिजाइन की गई है। इससे यात्रा समय में लगभग 40 प्रतिशत की कमी होने की उम्मीद है, जिससे 2.5 घंटे की यात्रा लगभग 1.5 घंटे में पूरी हो सकेगी।

**तेलंगाना में हैदराबाद-पणजी आर्थिक गलियारे पर चार-लेन का विस्तार**

इसी बीच, तेलंगाना में सीसीईए ने हैदराबाद-पणजी आर्थिक गलियारे पर एनएच-167 के गुडेबेल्लूर-महबूबनगर खंड के चौड़ीकरण को मंजूरी दी है। यह 80.01 किलोमीटर की परियोजना 3,175.08 करोड़ रुपये के निवेश से राष्ट्रीय राजमार्ग (मूल) योजना के तहत हाइब्रिड एन्युटी मॉडल (एचएएम) के तहत चार-लेन मानकों पर विकसित की जाएगी। इस उन्नयन से नारायणपेट और महबूबनगर जिलों में भीड़भाड़ कम होगी और कनेक्टिविटी में काफी सुधार होगा।

# वकील की दिनदहाड़े चाकू मारकर हत्या

**हैदराबाद, 14 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

शनिवार, 14 फरवरी को अत्तापुर के सुलेमान नगर में अज्ञात हमलावरों ने पारिवारिक विवाद को लेकर एक वकील की दिनदहाड़े हत्या कर दी।

खबरों के मुताबिक, पीड़ित मोहम्मद खादर अपने दफ्तर में थे जब अज्ञात लोग जबरदस्ती अंदर घुस आए और चाकू से उन पर हमला करके भाग गए। खादर की मौके पर ही मौत हो गई।



पुलिस के मुताबिक, पारिवारिक कलह को हत्या का मुख्य कारण माना जा रहा है। प्रारंभिक जांच में पीड़ित के साले (भाईजान के ससुराल पक्ष) पर संदेह जताया जा रहा है। हालांकि, मामले की फिलहाल जांच चल रही है और अंतिम कारण की पुष्टि आगे की तफ्तीश से होगी।

पुलिस ने गहन जांच कर मामला दर्ज कर लिया है और फॉरेंसिक साक्ष्य जुटाने के प्रयास में इलाके को घेर लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया जा रहा है तथा विशेष टीम गठित की गई है।

शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस ने इलाके में छापेमारी तेज कर दी है और संदिग्धों की तलाश जारी है।



स्व. डॉ. रजनी जोशी द्वारा वेटरनरी पब्लिक हेल्थ विषय पर लिखित पुस्तक को उनकी माताजी शकुंतला पुरोहित ने राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे को राजभवन में भेंट किया। इस अवसर पर स्वर्गीय डॉ. रजनी जोशी के पति सेवानिवृत्त रेलवे अधिकारी सुनील जोशी भी उपस्थित रहे। पुस्तक भेंट करने के इस विशेष क्षण के साक्षी अनिल व्यास, अनिल शर्मा, डॉ. आनंद राज, डॉ. राजा पुरोहित तथा कुलदीप सिंह भी रहे।

# पुलवामा हमले में शहीद जवानों को दी गई श्रद्धांजलि

**हैदराबाद, 14 फ़रवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारतीय इतिहास के पन्नों में काले दिन के रूप में दर्ज 14 फरवरी को कभी भुलाया नहीं जा सकता, यह बात लायन प्रेमचंद मुनोत जैन, डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन, लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 320डी एवं लायंस क्लब ऑफ समर्पण ने कही। वे पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।




यह कार्यक्रम शनिवार को तेलंगाना सिटिज़न्स काउंसिल स्वैच्छिक संस्था के तत्वावधान में लाल दरवाजा स्थित इंदिरा विद्या निकेतन उच्च विद्यालय में आयोजित किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि वीर जवानों ने देश के प्रति अटूट निष्ठा और समर्पण का परिचय दिया, और उनके बलिदान को आने वाली पीढ़ियों को सदैव याद रखना चाहिए।

ओल्ड सिटी के शिक्षाविद एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी सुभाष जैन ने कहा कि 14 फरवरी भारतीय इतिहास का एक दुखद दिन है। पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले में शहीद हुए 40 वीर जवानों की सेवाओं और बलिदान को देशवासी कभी नहीं भूलेंगे।

तेलंगाना सिटिज़न्स काउंसिल के राज्य अध्यक्ष डॉ. राजनारायण मुदिराज ने कहा कि विद्यार्थियों और युवाओं में देशभक्ति की भावना विकसित करने के उद्देश्य से संस्था समय-समय पर शहीद जवानों की स्मृति में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करती है। उन्होंने बताया कि ओल्ड सिटी (भाग्यनगर) में विशेष रूप से विद्यार्थियों और युवाओं के बीच देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और देश के विकास से जुड़े कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता गोपिशेट्टी प्रमोद, तेलुगु देशम पार्टी के समन्वयक बी.वाई. श्रीकांत, कांग्रेस ओबीसी सेल ग्रेटर हैदराबाद के उपाध्यक्ष काशमुनि श्याम राव मुदिराज, सेवानिवृत्त सरकारी प्रधानाध्यापक प्रसाद राव, योग प्रशिक्षक संगनबोयिना रामकृष्ण शास्त्री, सामाजिक कार्यकर्ता सूर्यकांत, इंदिरा विद्या निकेतन उच्च विद्यालय के संवाददाता आनंद कुमार, ऑल इंडिया रेडियो के सेवानिवृत्त तकनीकी अधिकारी नरेंद्र रेड्डी, संस्था के समन्वयक बिच्चुकारी सूर्य और जी. वेणुगोपाल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

इससे पूर्व लाल दरवाजा से नेहरू प्रतिमा तक एक विशाल रैली निकाली गई, जिसमें विद्यार्थियों, समाजसेवियों और युवाओं ने राष्ट्रीय ध्वज हाथों में लेकर आतंकवाद के विरुद्ध नारे लगाए। अंत में शहीद जवानों को मोमबत्तियां जलाकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

आज का अल्पाहार
राधे राधे ग्रुप


श्रीमती सोनम मित्तल
के पुण्य स्मृति के अवसर पर
सोनम मित्तल वुमेन वेलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट, सिकन्दराबाद
वितरण स्थल : मेट्रो पिल्लर नं. A-1265, पब्लिक गार्डन रोड
SATISH KUMAR GUPTA 92465 05234
JAGAT NARAYAN AGARWAL 92465 35311
RAM PRAKASH GOEL 93910 14283
MAHESH AGARWAL 98490 98502

# महाशिवरात्रि पर श्रीसिद्धेश्वर तीर्थ तिरुपति में होगी विशेष पूजा अर्चना



**तिरुपति, 14 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** श्रीसिद्धेश्वर तीर्थ श्री ब्रहार्षि आश्रम, तिरुपति के तत्वावधान में महाशिवरात्रि के अवसर पर 15 फरवरी को विशेष पूजा अर्चना होगी। चेयरपर्सन राजकुगार सिपानी एवं आश्रम के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश सांखला ने बताया कि महाशिवरात्रि को भगवान शिव का रुद्राभिषेक, पूजन व हवन के विशेष कार्यक्रम होंगे। ग्लोबल चेयरपर्सन श्रीमती सरला बोथरा ने बताया कि इस अवसर पर सिद्धगुरु श्री सिद्धेश्वर ब्रहार्षि गुरुदेव के दिव्य दर्शन व आशीर्वाद भी भक्तों को प्राप्त होगा। राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष श्रीमती संगीता केजरीवाल तथा युवा चेयरपर्सन महेन्द्र दफतरी ने बताया कि रविवार को प्रातः भगवान शिव का पंचामृत के साथ रुद्राभिषेक होगा। इसके साथ श्रद्धालु दिनभर भगवान शिव को जलाभिषेक व पूजा अर्चना करेंगे। महाशिवरात्रि के दिन प्रातः 10 बजे आश्रम में कालसर्प दोष निवारण पूजन होगा। पूजा-अर्चना के संयोजक अतुल सुरेखा ने बताया कि आश्रम आचार्य पं. श्रीनिवास श्रीमाली के नेतृत्व में महाशिवरात्रि के दिन सायंकाल 6 बजे से चार प्रहर की पूजा प्रारम्भ होगी जो अगले दिन प्रातः 6 बजे तक चलेगी। राष्ट्रीय महिला चेयरपर्सन श्रीमती इंदु रातीठ ने बताया कि महाशिवरात्रि के इस विशेष आयोजन के लिए आश्रम में विगत कई दिनों से व्यापक तैयारियां चल रही है। राष्ट्रीय मीडिया संयोजक कमल आत्रेय के मुताबिक देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु महाशिवरात्रि के आयोजन में शामिल होने के लिए तिरुपति स्थित आश्रम पहुंच रहे हैं।

SUNDARAM MUTUAL
Sundaram Finance Group
You are cordially invited to the
INVESTOR AWARENESS PROGRAM
In Hyderabad
Speaker Ms. Dhanya Shanmugham
Chief Manager – Learning & Development
Venue Hotel Plaza Begumpet
Hyderabad
Day: Monday, 16 February 2026 | Time: 6:00 PM
RSVP: Mr. Kumar Utsav Singh - 9888262788
For more information please contact:
Sundaram Asset Management Company Ltd
(Investment Manager to Sundaram Mutual Fund)
CIN: U93090TN1996PLC034615
Corporate Office:
1st and 2nd Floor, Sundaratm Towers,
46, Whites Road, Royapettah, Chennai-14.
Toll 1860 425 7237 (India) 044 40831500 (NRI)
www.sundarammutual.com
Regd. Office: No. 21, Patullos Road, Chennai 600002.
Mutual fund investments are subject to market risks, read all scheme related documents carefully.

# बेटी का जन्मदिन सेवा के संग दिल छू गया : अरुण व श्रुति अग्रवाल





**हैदराबाद, 14 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** नामपल्ली स्थित पिलर नंबर 1265 के पास राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद द्वारा आयोजित नियमित अन्नदान कार्यक्रम में जब छोटी सी मुस्कान के साथ अदिति अग्रवाल का जन्मदिन मनाया गया, तो वह क्षण केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि सेवा और संवेदना का जीवंत उदाहरण बन गया।

बेटी के जन्मदिन पर केक, खुशियां और उपहार तो हर घर में होते हैं, लेकिन जब उसी दिन जरूरतमंदों के बीच अन्न वितरण हुआ, तो मानो जन्मदिन का अर्थ ही बदल गया। वातावरण में भक्ति, करुणा और अपनत्व की ऐसी भावना थी कि हर आंख में संतोष झलक रहा था।

इस अवसर पर अदिति के माता-पिता अरुण अग्रवाल एवं श्रुति अग्रवाल भावुक हो उठे। उन्होंने कहा, हमने सोचा भी नहीं था कि हमारी बेटी का जन्मदिन इस तरह समाज के बीच, सेवा के साथ मनाया जाएगा। राधे-राधे ग्रुप ने इसे केवल एक पारिवारिक उत्सव नहीं रहने दिया, बल्कि इसे पुण्य और संस्कार का पर्व बना दिया। यह उपकार हम जीवनभर नहीं भूल पाएंगे।

उन्होंने आगे कहा कि आज उन्होंने प्रत्यक्ष देखा कि राधे-राधे ग्रुप में हर व्यक्ति एक परिवार की तरह जुड़ा है। यहां न कोई बड़ा है, न छोटा-सभी समान भाव से, एक ही उद्देश्य के साथ सेवा में जुटे रहते हैं। जिस आत्मीयता और सम्मान के साथ उनके परिवार को अपनाया गया, वह उनके हृदय को छू गया।

कार्यक्रम में रामप्रकाश अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, महेश अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, ई-जगन चंपापेट, संजय गोयल, किरण गोयल, महेश गुप्ता, मनीष गुप्ता, निशा गुप्ता, संजय अग्रवाल, सविता अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, नंदकिशोर अग्रवाल, जयप्रकाश सारड़ा, राजेश योगा सरजी, गौरव गोयल, भाकर राम कुमावत, कमला देवी कुमावत सहित राधे-राधे ग्रुप के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।अंत में अरुण एवं श्रुति अग्रवाल ने संकल्प लिया कि वे अपनी बेटी को भी सेवा और संस्कार की इसी राह पर आगे बढ़ाएंगे और भविष्य में भी राधे-राधे ग्रुप परिवार के साथ मिलकर समाजहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहेंगे।उस दिन यह महसूस हुआ कि सच्ची खुशी अपने लिए नहीं, दूसरों के चेहरे पर मुस्कान लाने में है - और शायद यही जन्मदिन का सबसे सुंदर उपहार था।

DAILY शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**
I, No 15813365F L/Nk Dighe Jalindar Gangadhar of Adm Bn (Depot Coy), AOC Centre, Secunderabad, Telangana, that my mother's name is changed from BAISA BAI to BAISAHEB GANGADHAR DIGHE.

**CHANGE OF NAME**
I, JC-736407N Nb Sub Adesh Pramanik of Adm Bn, AOC Centre, Secunderabad, Telangana, that my father's name is changed from SUDHANGSHU SHPRAMANIK to SUDHANSU SAKHAR PRAMANIK.

**CHANGE OF NAME**
I, No. 6944041L Hav Padle Ganesh Yashwant of Adm Bn, AOC Centre, Secunderabad, Telangana, hereby declare that my father's name has been changed from YASHWANT PADLE to YASHWANT GANPAT PADALE and my mother's name has been changed from SUMAN PADLE to SUMAN YASHWANT PADALE.

**CHANGE OF NAME**
I, Davadi Siddaiah, R/o Talpur-(V), Atmakur-(M), Anantapur-(D), A.P-515715, have changed my child name from S THANU SREE to DAVADI THANU SREE, vide affidavit dt. 14-2-2026, before Sec-Bad Court

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, SHAIK SARTHA JUNNISA Mother of Service No. 15732544F Nk SHAIK KARIMULLA, Resident of Vill:Kanagala, Teh:Cherukupalli, Dist:Guntur, Andhra Pradesh - 522259 have changed my name and DOB from SHAIK SARTHA JUNNISA, DOB:18-04-1976 to SHAIK SARTAJUNNISHA, DOB:01-01-1976 vide affidavit dt:14-02-2026 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, KAMAL BHASHA Father of Service No. 15732544F Nk SHAIK KARIMULLA, Resident of Vill:Kanagala, Teh:Cherukupalli, Dist:Guntur, Andhra Pradesh-522259 have changed my name and DOB from KAMAL BHASHA, DOB:10-06-1966 to SHAIK KAMAL BASHA, DOB:01-01-1966 vide affidavit dt:14-02-2026 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, GIRIJA Spouse of Service No. 650430B Ex.Sgt ULLAGADDI SHIVARAJ, Resident of 11-1-39, Bapunagar, Road No.5, Saroornagar Post, Ranga Reddy Dist-500035, Telangana have changed my name from GIRIJA to ULLAGADDI GIRIJA and include my DOB as 23-07-1963 vide affidavit dt:13-2-2026 before 1 Spl Judicial Magistrate, Medchal Malkajgiri Dist at L.B.Nagar

**CHANGE OF NAME**
I, Seema Devi spouse of Army No.JC 736411W Nb/Sub BHOJBIR SINGH, R/o.H.No.C-156, Gokul Vihar Rohta Road, PO, Teh & Dist:Meerut, Uttar Pradesh-250002 have changed my name from SEEMA DEVI to SEEMA DAVI vide affidavit dt 14-2-2026 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, BAWESH PRASAD YADAV, Service No-JC-779321H, Rank-SUB, R/o Vill-Lakracol, PO-Mathurapur, Teh-Kahalgaon, District-Bhagalpur, PIN-813222, State-Bihar, I have changed my Father name from RAM PRABESH YADAV to RAM PRAVESH YADAV and also date of birth changed from 01/07/1957 to 01/01/1960 add in my service documents vide affidavit No-42AA321011 date 12 Feb 2026 before C SAMUEL Advocate Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, Service No-17042346K, Rank-SEP Name-Garje Shivaji Subhash R/o H No-22-3, Vill-Dolewadi, Distt-Ahmadnagar, PIN-413204 State-Maharashtra, I have changed my Mother name from SHAHABAI to SHAHABAI SUBHASH GARJE add in my service documents vide affidavit date 13 Feb 2026 before G Ramchander Advocate Secunderabad.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, Service No-14689094H, Rank-NK, Name-Lohit Loting, R/o EME Depot Bn, Lalbazar, Secunderabad, PIN-500015, State-Telangana, I have changed my Mother name from BHANU LOYING to BHOLAU LOYING and also date of birth changed from 04/08/1953 to 28/03/1960 add in my service documents vide affidavit date 13 Feb 2026 before G Ramchander Advocate Secunderabad.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, PREMABAI is legally wedded Spouse of Service No-14678405L Rank-HAV, Name-Mallikarjun Rathod Residing at VTC-Koluragi, PO-Savalsang, Sub District-Indi, Distt-Vijayapura, State-Karnataka, PIN-586117. I have changed my name from PREMABAI to PREMA RATHOD and also Date of Birth changed from 15/11/1988 to 01/11/1985 add in my husband service documents vide Affidavit dated 13 Feb 2026 before X Spl Judicial Magistrate Hyderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, Service No-14678405L, Rank-HAV, Name-Mallikarjun Rathod Residing at VTC-Koluragi, PO-Savalsang, Sub District-Indi, Distt-Vijayapura, State-Karnataka, PIN-586117. I have changed my Daughter name from ARADHYA to ARADHYA RATHOD and Date of Birth is 30/03/2016 add in my service documents vide Affidavit dated 13 Feb 2026 before Notary G Ramchander Advocate Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, SHARMISTHA PALLAI is legally wedded Spouse of Service No-JC-778397W, Rank-SUB Name-Biswanath Pallai Residing at Vill-Parabal, PO-Haripur Sasan, Distt-Khurda, State-Odisha, PIN-752034. I have changed my name from SHARMISTHA PALLAI to SARMISTHA PALLAI add in my husband service documents vide Affidavit dated 14 Feb 2026 before Notary B Ramesh Advocate Secunderabad.

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.

